e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com

रांची संस्करण

हिन्दी दैनिक

# प्रभात मंत्र

वर्ष 11, अंक 176

शनिवार

29.06.2024

RNI No. - JHAHIN/2014/59110

prabhatmantra.com

पृष्ठ 12 | मूल्य 4 रुपये

पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2024-26

**सुविचार**

उम्मीदें ही आपको कठिनाइयों से लड़ने की ताकत देती हैं।

ताजा खबरों के लिए देखें

## क्विक न्यूज

### कांग्रेस ने कानून व्यवस्था को लेकर धामी सरकार पर बोला हमला

**देहरादून** : उत्तराखंड कांग्रेस अध्यक्ष करन माहरा ने प्रदेश की कानून व्यवस्था को लेकर धामी सरकार पर जमकर हमला बोला। माहरा ने किशोरी की गैंगरेप के बाद हत्या मामले में भाजपा नेता आदित्य राज सैनी का नाम आने को बेहद गंभीर और चिंताजनक बताया। उल्लेखनीय है कि भाजपा ने आरोपित नेता आदित्य राज सैनी को पार्टी से निष्कासित कर दिया है।माहरा ने शुक्रवार को कांग्रेस मुख्यालय में मीडिया से बातचीत के दौरान आरोप लगाते हुए कहा कि उत्तराखंड में महिला अपराध के आंकड़े लगातार बढ़ रहे हैं। भाजपा नेताओं के नाम लगातार महिला उत्पीड़न के मामले में सामने आ रहे हैं। राज्य सरकार अपराधियों का संरक्षण कर रही है।उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार और भयमुक्त सरकार के अपने वायदे पर अमल करने में सरकार पूरी तरह नाकाम है। जनता में भय का माहौल है। आमजन विशेषकर महिलाएं अपने को असुरक्षित महसूस कर रही हैं। पिछले कई अपराधिक मामले को लेकर माहरा ने कहा कि अगर सरकार ने इन पर कार्रवाई की होती तो आज ये नौबत नहीं आती।

### आकांक्षा योजना से कराई जायेगी जनजातीय विद्यार्थियों को जेईई, नीट और क्लैट की तैयारी

**भोपाल** : जनजातीय कार्य विभाग मध्यप्रदेश के जनजातीय विद्यार्थियों की उच्च शिक्षण संस्थानों में शैक्षणिक सहभागिता बढ़ाने के उद्देश्य से फ्री कोचिंग प्रदान करेगा। विभाग ने जनजातीय विद्यार्थियों को मेडिकल, इंजीनियरिंग एवं लॉ की राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता परीक्षाओं जेईई, नीट और क्लैट की तैयारी करवाने के लिये आकांक्षा योजना बनाई है। जनजातीय विद्यार्थी इन प्रतियोगी परिक्षाओं में अपने शासकीय शिक्षकों की मदद लेकर स्वयं तैयारी कर विशेष स्थान प्राप्त कर रहे हैं। आकांक्षा योजना में 10वीं में अध्ययनरत अनुसूचित जनजाति वर्ग के इच्छुक विद्यार्थियों से ऑनलाइन आवेदन मांगे गए हैं। आवेदक विद्यार्थियों का कोचिंग संस्था द्वारा ली गई प्रवेश परीक्षा में मिले प्राप्तांकों के आधार पर मेरिट पर वांछित कोचिंग के लिए चयन किया जायेगा। यह जानकारी शुक्रवार को जनसंपर्क अधिकारी घनश्याम सिरसाम ने दी।

### ग्लास फैक्टरी में विस्फोट के बाद 5 लोगों की मौत, 10 से अधिक घायल

**हैदराबाद** : तेलंगाना के रंगारेड्डी जिले में शुक्रवार को कांच की फैक्ट्री में धमाका हुआ। हादसे में पांच लोगों की मौत हो गई और 15 घायल हो गए। हताहतों की संख्या बढ़ने की आशंका है। विस्फोट के बारे में पुलिस ने बताया कि शादनगर की फैक्ट्री में एक टैंक में शाम करीब 4.30 बजे विस्फोट हुआ। पुलिस ने कहा कि घायलों को अस्पताल ले जाया गया है और उनकी हालत खतरे से बाहर बताई गई है।

### महाराष्ट्र बजट में एलान: महिलाओं को 1500 रुपये प्रति माह भत्ता, पांच लोगों के परिवार के लिए तीन मुफ्त सिलेंडर

**मुंबई** : महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने शुक्रवार को 2024-25 के राज्य बजट में 21 से 60 वर्ष की आयु वर्ग की पात्र महिलाओं को 1,500 रुपये मासिक भत्ते की वित्तीय सहायता योजना की घोषणा की। वित्त विभाग संभालने वाले पवार ने विधानसभा में अपने बजट भाषण में कहा कि मुख्यमंत्री माझी लड़की बहिन योजना अक्टूबर में होने वाले राज्य चुनावों से चार महीने पहले जुलाई से लागू की जाएगी।

### रांची का तापमान

| | |
|---|---|
| अधिकतम | 38⁰ |
| न्युनतम | 27⁰ |

## हाई कोर्ट से हेमंत सोरेन को मिली जमानत

# मेरे खिलाफ रची गई है साजिश : हेमंत सोरेन

### जेल से बाहर निकलने पर जेएमएम सहित इंडिया गठबंधन के नेता व कार्यकर्ताओं में जश्न का माहौल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची** : झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन हाईकोर्ट से बेल मिलने के बाद जेल से बाहर निकल गए. जेल से निकलने के बाद हेमंत सोरेन सीधे अपने पिता शिबू सोरेन के आवास पर पहुंचे जहां उनकी मां ने आरती उतारकर उनका स्वागत किया. रिहाई के समय उनकी पत्नी कल्पना सोरेन, मंत्री हफीजुल हसन समेत पार्टी के कई नेता मौजूद थे. हेमंत सोरेन के जेल से बाहर आने पर उनके समर्थकों सहित इंडिया गठबंधन में उत्साह का माहौल देखा गया.बेल ऑर्डर मिलने के बाद उनकी रिहाई की प्रक्रिया तेज हो गई थी. हाईकोर्ट से जमानत मिलने के बाद बेल ऑर्डर रांची के सिविल कोर्ट लाया गया. सिविल कोर्ट के जिला जज और रजिस्टर से अनुमति मिलने के बाद बेल ऑर्डर को पीएमएलए कोर्ट में पेश किया गया.बेल ऑर्डर जारी होने के बाद उन्होंने वकील के माध्यम से पीएमएलए कोर्ट में 50-50 हजार का बेल बॉन्ड साइन किया.हेमंत सोरेन ने जेल से बाहर आने के बाद मीडिया से बात करते हुए कहा,षड्यंत्र रचकर और झूठी कहानी गढ़कर मुझे पांच महीने तक जेल में रखा गया.

अंततः न्यायालय के आदेश पर राज्य की जनता के बीच हूं. न्यायालय का जो आदेश आया है, वह देखने-समझने लायक है. हमने जिस लड़ाई का संकल्प लिया है, उसे मुकाम तक पहुंचाएंगे.



#### हेमंत सोरेन पर कहीं कंप्लेन दर्ज नहीं है

सोरेन के अधिवक्ताओं ने कहा कि हेमंत सोरेन पर वर्ष 2009-10 में इस जमीन पर जब कब्जा करने का आरोप लगाया गया, लेकिन इसे लेकर कहीं कंप्लेन दर्ज नहीं है. अप्रैल 2023 में ईडी ने इस मामले में कार्यवाही शुरू की और सिर्फ कुछ लोगों के मौखिक बयान के आधार पर बता दिया कि यह जमीन हेमंत सोरेन की है. ईडी के पास इस बात के कोई सबूत नहीं हैं कि हेमंत सोरेन ने इस पर कब, कहां और किस तरह कब्जा किया. यह राजनीतिक प्रतिशोध का मामला है.



#### जमानत का ईडी ने किया विरोध

ईडी की ओर से असिस्टेंट सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू ने याचिका का विरोध करते हुए कहा था कि यह इस बात के पर्याप्त सबूत हैं कि बरियातू की 8.86 एकड़ जमीन पर हेमंत सोरेन का अवैध कब्जा है. इस जमीन के कागजात में भले हेमंत सोरेन का नाम दर्ज नहीं है, लेकिन जमीन पर अवैध कब्जा पीएमएलए के तहत अपराध है. इस जमीन पर बैंक्वेट हॉल बनाने की उनकी योजना थी, जिसका नक्शा उनके करीबी विनोद सिंह ने उनके मोबाइल पर भेजा था. हेमंत सोरेन काफी प्रभावशाली व्यक्ति हैं और उन्होंने राज्य तंत्र का दुरुपयोग करते हुए खुद को बचाने के कई प्रयास किए थे.

#### अंतरिम जमानत के लिए सुप्रीम कोर्ट पहुंचे थे सोरेन

लोकसभा चुनाव के दौरान हेमंत सोरेन अंतरिम जमानत के लिए सुप्रीम कोर्ट पहुंचे थे. हालांकि कोर्ट ने सोरेन की याचिका पर विचार करने से इनकार कर दिया था क्योंकि सोरेन ने याचिका में यह खुलासा नहीं किया कि ट्रायल कोर्ट ने मामले में आरोपपत्र पर संज्ञान लिया है.



### हेमंत सोरेन ने माता-पिता से लिया आशीर्वाद

रांची। 5 महीना बाद झारखंड हाई कोर्ट द्वारा बेल दिए जाने के बाद झारखंड मुक्ति मोर्चा के कार्यकारी अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन होटवार जेल से सीधे अपने माता-पिता से मिलने मोराबादी मैदान स्थित दिशुम गुरु शिबू सोरेन के आवास पर पहुंचे। यहां माता रूपी सोरेन और पिता दिशुम गुरु शिबू सोरेन से आशीर्वाद लिया । कुछ घंटे बातचीत की। इस दौरान माता-पिता के आंखों में आंसू है और वहीं हेमंत सोरेन भी काफी भावुक हो गए थे। इस दौरान पत्नी कल्पना सोरेन और पुत्र नीतिन और परिवार के सदस्य गण भी मौजूद थे।

### छोटे भाई बसंत सोरेन पीएमएलए कोर्ट पहुंचे और बेल बॉन्ड की प्रक्रिया को पूरा किया

रांची। पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को हाईकोर्ट से बेल मिलने के बाद उनके छोटे भाई और राज्य सरकार के मंत्री बसंत सोरेन सिविल कोर्ट पहुंचे। उसके साथ साथ हेमंत सोरेन के अधिवक्ता और पार्टी के अन्य नेता भी सिविल कोर्ट पहुंचे । झारखंड हाईकोर्ट ने हेमंत सोरेन की बेल के लिए यह शर्त रखी है कि उन्हें ट्रायल कोर्ट यानी रांची(प्रीवेन्शन ऑफ मनी लाउंड्रिंग एक्ट) की विशेष कोर्ट में 50-50 हजार के दे दो निजी मुचलके जमा करने होंगे।

## सीएम ने की जल संसाधन विभाग की उच्च स्तरीय बैठक, दिए अहम निर्देश

# हर खेत तक पानी पहुंचाना सरकार का लक्ष्य : चंपाई



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची** : हर खेत तक पानी पहुंचाना राज्य सरकार का लक्ष्य है। इसके लिए सिंचाई सुविधाओं का विस्तार जरूरी है। हमारे किसान सालों भर कृषि कर सकें, इसके लिए खेतों में पटवन की व्यवस्था होनी चाहिए। मुख्यमंत्री श्री चम्पाई सोरेन ने आज जल संसाधन विभाग की उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक में विभिन्न सिंचाई योजनाओं को तय समय सीमा में पूरा करने के लिए उसके निर्माण कार्य में तेजी लाने का अधिकारियों को निर्देश दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज सिंचाई की कई आधुनिकतम तकनीकें हैं। इसमें मेगा लिफ्ट और भूमिगत पाइपलाइन सिंचाई परियोजनाएं काफी कारगर साबित हो रही हैं। झारखंड में भी भूमिगत पाइपलाइन सिंचाई परियोजनाओं को विस्तारित किया जा रहा है। इससे फायदा है कि ना तो जमीन अधिग्रहण की समस्या आएगी और ना ही डैम और जलाशय की वजह से गांव डूबेंगे। इसके साथ भूमिगत पाइपलाइन के माध्यम से एक बड़े इलाके में बिना किसी अड़चन के काफी कम समय में सिंचाई सुविधाओं को पहुंचा सकते हैं। इससे जल का भी ज्यादा से ज्यादा सदुपयोग हो सकेगा।मुख्यमंत्री ने जल संसाधन विभाग से कहा कि वह छोटी सिंचाई परियोजनाओं पर विशेष जोर दे। इससे खेतों में जल्द पानी पहुंचेगा। उन्होंने कहा कि वृहद एवं मध्यम सिंचाई परियोजनाओं के पूरा होने में काफी ज्यादा समय लगता है।

**विस्थापन से जुड़ी समस्याओं का हो समाधानः** मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड में ऐसी कई बड़ी सिंचाई परियोजनाएं वर्षों से लंबित है। उनके कार्य की गति काफी धीमी है। इन सिंचाई परियोजनाओं की वजह से विस्थापन से जुड़ी कई समस्याएं सामने आती है। ऐसे में विस्थापितों के समस्याओं का समाधान समाधान हो जाना चाहिए।

**बैठक में इनकी रही उपस्थिति**

बैठक में मुख्य सचिव एल खियांग्ते, मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार,मुख्यमंत्री के सचिव अरवा राजकमल, जल संसाधन विभाग के सचिव प्रशांत कुमार , अभियंता प्रमुख संजय कुमार समेत अन्य अभियंता भी मौजूद थे।

## भारी बारिश से दिल्ली में तबाही

# एयरपोर्ट के टर्मिनल 1 की छत गिरी, सभी उड़ानें रद्द, एक की हुई मौत, छह घायल



**एजेंसी**

**नई दिल्ली** : राजधानी दिल्ली के इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर शुक्रवार की सुबह बड़ा हादसा हुआ। एयरपोर्ट के टर्मिनट-1 पर बारिश की वजह से छत गिरने से वहां मौजूद कई कारें दब गईं। हादसे में छह लोग घायल हो गए। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बताया जा रहा है कि एक शख्स की मौत हो गई है। दिल्ली एयरपोर्ट के टर्मिनल 1 से सभी उड़ानों को निलंबित कर दिया गया है और चेक-इन काउंटर बंद कर दिए गए हैं। नागरिक उड्डयन मंत्री ने कहा कि पूरी तरीके से जांच के बाद ही टर्मिनल वन को शुरू किया जाएगा। सरकार की तरफ से मृतक के परिवार को 20 लाख रुपये का मुआवजा देने का ऐलान किया है। वहीं, घायलों को तीन लाख रुपये मदद देने की घोषणा की गई है।

**दो महीनों तक अफसरों की छुट्टियां कैंसिल,बनेगा इमरजेंसी कंट्रोल रूमः** देश की राजधानी दिल्ली में बारिश से कई जगहों पर जलभराव हो गया. दिल्ली की कई सड़कें जलमग्न हो गई हैं.उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने बारिश के बाद स्थिति का जायजा लिया और अधिकारियों को इमरजेंसी कंट्रोल रूम बनाने और जलभराव की समस्या को दूर करने के आदेश दिए. इसके साथ ही उन्होंने अधिकारियों से कहा कि स्टेटिक पंप लगाए जाएं.इमरजेंसी मीटिंग की अध्यक्षता करते हुए एलजी सक्सेना ने छुट्टी पर गए सभी वरिष्ठ अधिकारियों को तुरंत ड्यूटी पर लौटने के निर्देश दिए. इसके साथ ही उपराज्यपाल ने अगले 2 महीने तक अधिकारियों की छुट्टियां भी कैंसिल कर दी हैं. उन्होंने कहा कि अगले 2 महीने तक किसी को छुट्टी मनाने की जरूरत नहीं है.

# कैबिनेट की बैठक में 38 प्रस्तावों पर लगी मुहर : बीआरपी-सीआरपी का बढ़ा मानदेय

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची** : मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन की अध्यक्षता में शुक्रवार को कैबिनेट की बैठक में 38 प्रस्तावों को स्वीकृति दी गई। झारखंड में छठा वेतनमान पा रहे पुनरीक्षित कर्मचारियों को बढ़ा हुआ महंगाई भत्ता देने की स्वीकृति दी गई। ड्यूटी के दौरान उग्रवादी हिंसा में शहीद हुए पुलिसकर्मियों और केंद्रीय सेवा के पुलिसकर्मियों को विशेष मुआवजा दिया जायेगा। मुठभेड़ के दौरान मौत होने पर 60 लाख रुपये और जख्मी होने पर इलाज का संपूर्ण खर्च दिया जाएगा।इसके अलावा शहीद के बच्चों को पढ़ाई के लिए पांच लाख रुपये और शव को एक स्थान से दूसरे स्थान पर ले जाने के लिए 50 हजार दिये जायेंगे। रोड एक्सीडेंट में मृत्यु होने पर 35 लाख और बच्चे की पढ़ाई का सारा खर्च दिया जायेगा। सांप काटने या मलेरिया से मौत पर 35 लाख रुपये तक दिये जायेंगे। बीआरपी और सीआरपी के संविदा कर्मियों के मासिक मानदेय के 17,500 से बढ़कर 27,500 बीआरपी के लिए किया गया। बीआरपी एंड ट्रेंड को 26 हजार, सीआरपी प्रशिक्षित को 25,500 और सीआरपी एंड ट्रेंड को 23,900 मिलेगा। मानदेय वृद्धि हर साल तीन प्रतिशत होगी।झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड के घरेलू उपभोक्ताओं को 125 यूनिट बिजली के स्थान पर अब 200 यूनिट बिजली मुफ्त देने की स्वीकृति दी गई। इसका लाभ 35 से 40 लाख उपभोक्ताओं को मिलेगा।अतिरिक्त प्रतिमाह वित्तीय बोझ 21.7 करोड रुपये आयेगा।मुख्यमंत्री अबुआ स्वास्थ्य योजना शुरू की जायेगी। राज्य में अभी 33 लाख 44 हजार से अधिक लोगों को पांच लाख का बीमा कवर दिया जा रहा है। अब इसे बढ़ाकर 15 लाख रुपये तक कर दिया गया है। इसके लिए राशन कार्डधारी होना अनिवार्य है।







## विधायक ने रखा कुंदरहिया नाला पुल निर्माण का आधारशिला



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**नीलांबर पितांबरपुर :** प्रखंड के जुरु पंचायत के जैतुखाड में कुंदरहिया नाला पर पुल निर्माण कार्य का शिलान्यास पांकी विधायक कुशवाहा डॉ.शशि भूषण मेहता ने विधिवत पूजा अर्चना कर किया। उससे पहले डॉ. मेहता को ग्रामीणों ने गर्म जोशी के साथ स्वागत किया। वहीं जैतुखाड कुंदरहिया नाला पर पुल बन जाने से ग्राम वासियो को जिला मुख्यालय जाने के लिए काफी नजदीक और आसान होगा। ग्रामीणों ने बताया की पूर्व के विधायक के पास योजना लेकर जाना और बताना पड़ता था लेकिन जब से कु.डॉ. शशिभूषण मेहता विधायक बने हैं वो खुद गांव में घूमकर साथ में घूमकर देखा करते हैं की कौन काम करना है और कौन काम अधूरा है उसे पूरा करने का काम करते हैं। वहीं डॉ मेहता ने कहा की जैतुखाड पांकी विधानसभा का एक गांव है जो जिला मुख्यालय से सटा हुआ है वावजूद विकास में पिछड़ा हुआ है यह पुल निर्माण हो जाने से जिला मुख्यालय की नजदीकी हो जाएगी और लोगो को काफी सहूलियत होगी साथ ही मलय नदी पर पुल निर्माण का भी जल्द ही स्वीकृति हो जाएगी इसके लिए अग्रिम बधाई भी दी। मौके पर कमेश यादव जुरु मुखिया तारा देवी, मुखिया पति कृष्णा पासवान, प्रोफेसर बचन ठाकुर सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## बनियाडीह बराही पंचायत के खरडीहा में वज्रपात की चपेट में आने से महिला की मौत, दो अन्य घायल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद, पलामू :** हुसैनाबाद अनुमंडल क्षेत्र के बनियाडीह बराही पंचायत के खरडीहा गांव निवासी गुरुवार के शाम में हुई बारिश के दौरान बज्रपात के चपेट मे आने से एक महिला की मौत हो गई। जिससे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई।मृतक महिला की पहचान रामदयाल सिंह की 30 वर्षीय कुसुम देवी के रुप में हुई।घटना की सूचना क्षेत्र में आग की तरह फ़ैल गई एवम घटना के सूचना मिलते ही बनियाडीह बराही पंचायत के मुखिया सुदामा यादव घटनास्थल पर पहुंचकर पीड़ित के परिजनों से मुलाकात कर घटना की जानकारी ली एवं हर सम्भव मदद दिलाने का भरोसा दिलाया। साथ ही तुरंत शव को पोस्टमार्टम के लिए अनुमंडलीय अस्पताल हुसैनाबाद भेजा गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार खरडिहा निवासी रामदयाल सिंह अपने पत्नी एवम बच्चे के साथ जपला बाजार गए थे।बाजार से आने के क्रम में बज्रपात हुई जिसके चपेट में आने से महिला का निधन हो गया और



रामदयाल सिंह (रंगू सिंह )और उनका एक 3 वर्ष लड़का घायल हो गया है। वहीं घायल रामदयाल सिंह एवम पुत्र रौशन का ईलाज हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल में किया जा रहा है।वहीं महिला के तीन संतान हैं जिसमें दो पुत्री माही कुमारी उम्र 3 वर्ष,गुड़िया कुमारी उम्र 10 वर्ष व एक पुत्र रौशन कुमार उम्र 8 वर्ष। वहीं इस घटना से परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।

## चैनपुर रमकंडा मुख्य मार्ग पर अज्ञात वाहन ने दंपति को रौंदा, दोनों की मौके पर ही मौत

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ (पलामू) :** रामगढ़ थाना क्षेत्र के तेलमरवा घाटी में शुक्रवार की सुबह भीषण सड़क दुर्घटना हो गया। अज्ञात हाइवा की चपेट में आने से मोपेड सवार बुजुर्ग दंपति की मौत हो गई। घटना के बाद स्थानीय लोग उग्र हो गए और मुख्य सड़क को शव के साथ जाम कर दिया है।आक्रोशित लोग धक्का मारने वाले वाहन को पकड़ने, चालक पर कार्रवाई करने, उचित मुआवजा देने और मुख्य सड़क से हाइवा का परिचालन बंद करने की मांग कर रहे हैं। सूचना मिलने के बाद रामगढ़ थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई है और लोगों को समझाने में लगी हुई है। सूचना मिलने के बाद चैनपुर के अंचल अधिकारी नितेश भास्कर भी मौके पर पहुंचे हैं और लोगों को समझने का प्रयास कर रहे हैं। मृत दंपति की पहचान गढ़वा जिले के रमकंडा थाना क्षेत्र के रोहड़ा गांव निवासी महावीर साव



(60) और उनकी पत्नी कौशल्या देवी( 55) के रूप में की गयी है। घटना के संबंध में बताया जाता है कि दोनों पति-पत्नी इलाज कराने रांची गये हुए थे। रांची से डालटनगंज लौटने के बाद शुक्रवार की सुबह सुबह पांच बजे अपने मोपेड से वापस रमकंडा लौट रहे थे। इसी दौरान तेलमरवा के पास तेज गति से डालटनगंज की ओर जा रहे अज्ञात हाइवा ने उन्हें चपेट में ले लिया।इस घटना के बाद शव क्षत विक्षत हो गए, वही मोपेड के परखच्चे उड़ गए। सुबह में जब स्थानीय लोगों ने डेड बॉडी जहां-तहां बिखरी हुई देखी तो इसकी सूचना रामगढ़ पुलिस को दी। बाद में उनकी पहचान की गई। बताया जाता है कि मृत बुजुर्ग दंपति ही अपने घर पर रहते थे। परिवार के अन्य सदस्य बेटा-बहू सब छत्तीसगढ़ के अंबिकापुर में रहते हैं।

## केतार में सुब्रतो कप फुटबॉल प्रतियोगिता का हुआ फिता काट कर शुभारंभ



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**केतार (गढ़वा) :** स्कूल शिक्षा एवं साक्षरता विभाग झारखंड सरकार के अंतर्गत प्रखंड स्तरीय 63 वी सुब्रतो कप फुटबॉल प्रतियोगिता 2024-25 का कार्यक्रम शुक्रवार को लोहिया समता उच्च विद्यालय केतार के ग्राउंड में खेला गया। जिसका शुभारंभ प्रखंड विकास पदाधिकारी सावित्री कुमारी एवं थाना प्रभारी अरुण कुमार रवानी ने दीप प्रज्वलित एवं फीता काटकर संयुक्त रूप से किया। इस दौरान संबंधित पंचायत के मुखिया प्रमोद कुमार उपस्थित रहे। तत्पश्चात उक्त पदाधिकारी ने खेल मैदान में जाकर खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करते हुए उनका उत्साह वर्धन कर हौसला बढ़ाया। इस प्रतियोगिता में लोहिया समता उच्च विद्यालय केतार सहित परसोडीह, मेरौनी, छाताकुंड विद्यालय के 15 वर्षीय बालक एवं 17 वर्षीय बालिकाओं ने फुटबॉल खेल का प्रदर्शन किया। जिसमें 15 वर्षीय बालक ग्रुप में मध्य विद्यालय केतार विनर रहा वही रनरप लोहिया समता उच्च विद्यालय केतार के बालक रहे। साथ ही 17 वर्षीय बालक प्रतियोगिता में +2 हाई स्कूल परसोडीह विनर रहा जबकि केतार लोहिया समता उच्च विद्यालय रनरप रहा। वही 17 वर्षीय बालिका प्रतियोगिता में केतार लोहिया समता उच्च विद्यालय विनर रहा, जबकि +2 हाई स्कूल छताकुंड के बालिका रनरप रही। इस मौके पर शिक्षा विभाग के केतार प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी रवि वैध, शिक्षक अक्षय कुमार सिंह, संतोष कुमार ठाकुर, प्रेम गुप्ता, विश्वनाथ राम, प्रदीप सिंह, बसंत कुमार, शैलेश कुमार, दीनानाथ मेहता, विनोद पाल, बीआरसी विभाग के कर्मी बीआरपी, सीआरपी सहित अन्य लोग शामिल थे।

## सड़क दुर्घटना में एक की मौत, एक गंभीर रूप से घायल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** नगर पंचायत क्षेत्र के जंगी पुर ग्राम के पहाड़ टोला निवासी स्व.रामकिशुन उरांव का पुत्र बबलू उरांव की मौत उत्तर प्रदेश के रेनुकूट-चोपन मुख्य मार्ग पर टोल टैक्स के पास गुरुवार की देर शाम सड़क दुर्घटना में हो गया।जब कि उसके साथ सुमित उरांव भी गंभीर रूप से घायल हो गया।पोस्ट मार्टम के बाद मृतक का शव शुक्रवार की शाम उसके घर पहुचा। मृतक का शव उसके घर पहुचते ही पूरा गांव गमगीन हो गया।उसकी माँ,पत्नी और बच्चों का रो-रो कर बुरा हाल है। घटना के संबंध में मौके पर उपस्थित उसी गांव का टिपर चालक विजय उरांव ने बताया कि गुरुवार को लगभग तीन बजे एक खराब टिपर को ट्रेक्टर से टोचन कर बनवाने के



लिए चोपन ले कर जा रहे थे। इसी दौरान हाथीनाला के आगे टोल टैक्स के आस-पास ढलान पर ट्रेक्टर अनियंत्रित हो कर पलट गया। जिससे ट्रक्टर चालक की मौके पर ही मौत हो गया। उसके साथ कि ट्रेक्टर पर सवार सुमित उरांव भी गम्भीर रूप से घायल हो गया।

## अवैध बालू लदा ट्रैक्टर को पुलिस ने किया जप्त



**केतार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** थाना प्रभारी अरुण कुमार रवानी ने शुक्रवार को गस्ती पर निकलने के दौरान ग्राम-पंचायत परसोडीह गांव से अवैध बालू लद्दा ट्रैक्टर को जप्त कर थाना लाया। साथ ही अग्रेतर कार्रवाई के लिए विभाग को पत्र प्रेषित किया गया है। ज्ञात हो की थाना क्षेत्र में अवैध उत्खनन कर ऊंचे कीमत पर बेचे जाने वाले बालू माफिया को अब खैर नहीं उक्त थाना प्रभारी द्वारा क्षेत्र में अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने को लेकर लगातार कार्रवाई किया जा रहा है। अवैध बालू कारोबारी द्वारा हर दिन थाना क्षेत्र के सोन नदी एवं पंडा नदी से एनजीटी रोक के बावजूद भी धड़ल्ले से बालू का उत्खनन कर ऊंची कीमतों में बिक्री की जाती रही है जिसे लेकर कार्रवाई की गई है।

## केतार अंचल में समस्या को लेकर लगेगा शिविर



**केतार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बीडीओ सह अंचल पदाधिकारी केतार सावित्री कुमारी ने शुक्रवार को जानकारी देते हुए प्रखंड अंतर्गत सभी जनप्रतिनिधियों से ऑडियो जारी कर यह आह्वान किया है कि शनिवार को अंचल कार्यालय केतार में विशेष शिविर का आयोजन कर जमीन म्यूटेशन, सीमांकन से संबंधित जो भी समस्याएं हैं उसे दूर करने का प्रयास किया जाएगा।

## पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को जमानत मिलने पर कार्यकर्ताओं में ह



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**केतार (गढ़वा) :** पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को हाई कोर्ट से जमानत मिलने के उपलक्ष में शुक्रवार को झारखंड मुक्ति मोर्चा पार्टी कार्यालय केतार में जश्न सभा का आयोजन किया गया। इस दौरान पार्टी के नेता एवं कार्यकर्ताओं ने हेमंत सोरेन जिंदाबाद, दिशोम गुरु शिबू सोरेन जिंदाबाद, चंपई सोरेन जिंदाबाद,मिथिलेश ठाकुर जिंदाबाद के नारे उत्साह पूर्वक लगाए गए साथ ही उक्त कार्यकर्ताओं ने मिठाई बाटकर एवं पटाखे फोड़ कर हर्ष जताया गया। इस मौके पर झामुमो के प्रखंड अध्यक्ष कामेश्वर सिंह, युवा अध्यक्ष छोटन कुमार सिंह, परशुराम गुप्ता, गोपाल विश्वकर्मा, सुरेंद्र सिंह, मंगलेश विश्वकर्मा, जगनारायण यादव, नंदू प्रजापति, महेंद्र पाल, सुशील यादव, जसमुद्दीन अंसारी, मकुन वैध, जयमाल साह, सहित अन्य लोग शामिल थे।

## मेयर अरुणा शंकर ने भाजपा कार्यकर्ताओं को सम्मानित किया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने अपने निर्धारित सम्मान कार्यक्रम के तहत भाजपा रामगढ़ मंडल अध्यक्ष श्री शंभू पासवान बरगढ़ मंडल अध्यक्ष श्री बजरंग प्रसाद मंडल एवं भंडरिया मंडल अध्यक्ष राजेश्वर ठाकुर के यहां जाकर उन्हें एवं उनके परिवार को सम्मानित किया। प्रथम महापौर ने कहा कि मैं जहां भी जा रही हूं, मुझे भाइयों के प्यार के साथ माताओ बहनों का प्यार, सम्मान और बुजुर्गो का आशीर्वाद भी मिल रहा है। प्रथम महापौर ने कहा कि मैं जल्द केंद्र सरकार की योजनाओं को प्रचारित करने के लिए डाल्टनगंज विधानसभा के सभी पंचायत में चौपाल लगाऊंगी। ताकि भारत सरकार द्वारा दिए जा रहे लाभ की जानकारी जन-जन को हो। खासकर हमारी ग्रामीण महिला बहनों को और बुथ स्तर तक के कार्यकर्ताओं से भी मिल पाऊंगी।

## नगर परिषद द्वारा चलाया गया नशा मुक्ति अभियान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विश्रामपुर (पलामू) :** विश्रामपुर नगर परिषद बिश्रामपुर द्वारा शुक्रवार को नशा मुक्त झारखंड का मुहीम चलाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत नगर प्रबंधक सुभाष हेंब्रम, नगर प्रबंधक प्रभात कुमार व नगर मिशन प्रबंधक जितेंद्र कुमार द्वारा संयुक्त रूप से नशा मुक्ति हेतु शपथ दिला कर किया गया.नगर प्रबंधक सुभाष हेंब्रम ने कहा कि नशा एक नाशुर है,जो समय के साथ जानलेवा ज़ख्म बन जाता है. यह न केवल वित्तीय हानि करता है,बल्कि समाज में मर्यादा का नुकसान भी करता है.प्रभात कुमार ने कहा कि नशा परिवार और समाज को खंडित करता है.परिवार और समाज को जोड़े रखने के लिए नशा का त्याग होना चाहिए.नगर मिशन प्रबंधक जितेंद्र कुमार ने कहा कि नशे की लत न केवल व्यक्तिगत हानि पहुंचाता है, बल्कि यह समाज के विकाश में बहुत बड़ा बाधक है.इस दौरान समाज को जागरूक करने हेतु रैली भी निकाली गई। जिसमे नशे से एकजुट होकर लड़ने का संदेश दिया गया.इसके अलावा स्वयं सहायता समूह की महिलाओं व जागरूक नागरिकों ने मानव श्रृंखला बना कर लोगों को नशापान से होने वाले नुकसान के प्रति लोगों को जागरूक करने का प्रयास किया। **कार्यालय परिसर में किया गया पौधारोपण :** पर्यावरण संरक्षण पखवाड़ा अंतर्गत पौधरोपण कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया.जिसके तहत नप अधिकारियों और कर्मियों द्वारा कार्यालय परिसर में फलदार तथा छायादार पौधा लगाया गया।

## सरकारी चापाकल का घेराव से लोगों को पेयजल की हो रही परेशानी



**बिश्रामपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** नावा बजार प्रखंड क्षेत्र एनएच 75 व 98 का संगम स्थल पड़वा मोड़ पर जल की समस्या इन दोनों बढ़ गई है। जहां स्थानीय लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा वहीं अंतर राज्यीय बस स्टैंड होने के कारण हर समय लोगों की भीड़ बनी रहती है। ऐसे में मोड पर अवस्थित सरकारी चापाकल स्थानीय लोगों के द्वारा घेर कर अपने कब्जे में कर लिए जाने के कारण पेयजल संकट से आते जाते लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इसकी शिकायत स्थानीय लोगों के द्वारा संबंधित जिम्मेवार लोगों से की गई है लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की गई और ना ही चापाकल को घेराबंदी से मुक्त कराया गया। स्थानीय लोगों ने कहा कि जल संकट से पूरा राजहरा-पड़वा मोड जूझ रहा है। लेकिन दबंगई दिखाते हुए चापाकल को घेर कर अपने कब्जे में कर लिया गया। जबकि यह चापाकल सरकारी अवस्थित है। वहीं स्थानीय लोगों ने चापाकल को घेराबंदी से मुक्त करने की मांग की है ताकि पेयजल की समस्या से लोगों को निजात मिल सके धीरज पांडे ने बताया पडवा मोड पर अवस्थित चापाकल का घेराव होना होना काफी नींद नीऐ है।

## दो दिवसीय प्रखंड स्तरीय सुब्रतो कप फुटबॉल प्रतियोगिता का किया गया आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** दो दिवसीय प्रखंड स्तरीय सुब्रतो कप फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन शुक्रवार को उच्च विद्यालय चितविश्राम के मैदान में किया गया। मैच का उदघाटन प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष शैलेश कुमार चौबे व प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी तहमीना परवीन ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इसके बाद प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर व फुटबॉल को कीक मारकर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया. प्रतियोगिता के प्रथम दिन कुल13 टीमों ने भाग लिया। उदघाटन मैच अंडर 17 उच्च विद्यालय कधवन और उत्क्रमित उच्च विद्यालय जमुआ के बीच खेला गया. उत्क्रमित उच्च विद्यालय कधवन की टीम ने 4-0 से विजय प्राप्त किया। पहला सेमीफाइनल अंडर 17 वर्षीय बालक वर्ग में उच्च विद्यालय चितविश्राम और उच्च



विद्यालय कधवन के बीच खेला गया जिसमें उच्च विद्यालय चितविश्राम की टीम ने 1-0 से विजयी रहा। दूसरा सेमीफाइनल उच्च विद्यालय नगर ऊंटारी व जतपुरा के बीच खेला गया जिसमें उच्च विद्यालय नगर ऊंटारी की टीम ने 4--0 से विजय प्राप्त किया। 29 जून को उच्च विद्यालय चितविश्राम व उच्च विद्यालय नगर ऊंटारी के बीच खेला जायेगा। अंडर 17 वर्षीय बालिका वर्ग का फाइनल कस्तूरबा गांधी उच्च विद्यालय नगर ऊंटारी व उच्च विद्यालय पिपरडीह के बीच खेला जायेगा. अंडर 15 बालक वर्ग का फाइनल मैच उच्च विद्यालय चितविश्राम व उच्च विद्यालय पिपरडीह के बीच खेला जायेगा। मैच में रेफरी के रूप में खेल शिक्षक किशोर कुणाल, विजयानन्द तिवारी, कलिंदर पटेल तथा राजकुमार यादव ने निभाया. मैच स्कॉरर की भूमिका शिक्षक अखिलेश प्रसाद, संजय कुमार, अविनाश कुमार ने निभाया. कॉमेंटेटर की भूमिका में शिक्षक कमलेश पांडेय ने निभाया। मौके पर सीआरपी संजय कुमार सिंह, शक्तिदास सिन्हा, शिक्षक द्वारिकानाथ पांडेय, तनवीर आलम सहित बड़ी संख्या में दर्शक उपस्थित थे।

## एलफर्जी एलपीसी मामले में मुखिया संघ ने दिया एकदिवसीय धरना

## अंचल निरीक्षक और पूर्व अंचलाधिकारी को जेल भेजो के नारे लगे

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**नीलांबर पितांबरपुर :** पलामू जिला के नीलांबर पितांबरपुर अंचल कार्यालय सेनिर्गत फर्जी एलपीसी मामला तुल पकड़ लिया है मुखिया संघ के नेतृत्व में अखिल भारतीय आदिवासी महासभा और अखिल भारतीय किसान महासभा के संयुक्त तत्वाधान में प्रखंड सह अंचल कार्यालय परिसर में शुक्रवार को एक दिवसीय धरना किया गया। इस दौरान मुखिया संघ अध्यक्ष मंदीप मेहता ने चुस्की लेते हुए कहा की अभी ट्रेलर है पूरा फिल्म अभी बाकि है। एक सप्ताह का समय दिया गया है कंप्यूटर ऑपरेटर को बिना शर्त के रिहा करो और उच्च स्तरीय जाँच कर दोषी पर प्रशासन कार्रवाई करें। साथ ही अंचल निरीक्षक महेंद्र राम पूर्व अंचलाधिकारी चंद्रशेखर कुणाल को गिरफ्तार करो, मुखिया संघ जिंदाबाद के नारे लगे। अखिल भारतीय किसान महासभा नीलांबर पितांबरपुर



प्रखंड अध्यक्ष कमेश सिंह चोरों ने कहा कि अब तक कोई पदाधिकारियों की गिरफ्तारी नहीं हुई है बल्कि इनको बचाने के लिए कम्पुयटर ऑपरेटर को जेल भेजा गया है और संदेह है की थाने की पुलिस पूर्व अंचलाधिकारी चंद्रशेखर कुणाल, अंचल निरीक्षक महेंद्र राम और कर्मचारी को बचाने को लेकर कुछ जमीन की खरीद विक्री करने वाले लोगो से मिलकर पैसा वसूलने का काम कर रही है इस धरना से मांग करता हूँ की उच्च स्तरीय जाँच कर कार्रवाई करें और दीपक सिंह सहित तीनो ऑपरेटर को रिहा करें हमे उम्मीद नहीं है कि पदाधिकारी को गिरफ्तार किया जाएगा बल्कि चपरासी लेबल के लोगो को फंसाया जाएगा उचित कार्रवाई नहीं होने पर जिला मुख्यालय में अनिश्चित कालीन धरना करेंगे।कुराई पतरा पंचायत के मुखिया पति बीरेंद्र राम ने कहा कि फर्जी एलपीसी घोटाले में ऊपर अधिकारी हैं पूर्व अंचलाधिकारी चंद्रशेखर कुणाल और अंचल निरीक्षक महेंद्र राम इन पर शख्त से शख्त क़ानूनी कार्रवाई हो जिला प्रशासन से यही मांग किया है। मुखिया संघ नीलांबर पितांबरपुर प्रखंड अध्यक्ष सह नौडीहा पंचायत मुखिया मनदीप मेहता, सांगबार पंचायत मुखिया गीता देवी, चेंबर ऑफ़ कॉमर्स अध्यक्ष सह लेस्लीगंज मुखिया पति छोटेलाल सोनी,पिपरा मुखिया पति शैलेश सिंह,हरतुआ मुखिया अरविन्द शुक्ल,चौरा पंचायत मुखिया गुड्डू पासवान, अखिल भारतीय आदिवासी महासभा अध्यक्ष त्रिपुरारी सिंह चेरो, किसान महासभा प्रखंड अध्यक्ष कमेश सिंह चेरो, सुनील सिंह, कृष्णा पासवान, पुरनाडीह मुखिया गुड्डी देवी, रामराज सिंह, शिव मेहता, राकेश सिंह, अजय सिंह चेरो, अभिषेक सिंह पाटन प्रखंड अध्यक्ष आदिवासी महासभा, बबन सिंह चेरो सहित सैकड़ो लोग उपस्थित रहे।

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com



## संक्षिप्त खबरें

### झारखंड हाई कोर्ट में सत्य की हुई जीत : अनिता यादव

**रांची :** राजद की प्रदेश उपाध्यक्ष अनीता यादव ने कहा कि हेमंत सोरेन को हाई कोर्ट से जमानत मिलने पर न्याय और लोकतंत्र पर लोगों का भरोसा बड़ा है । झारखंड हाई कोर्ट में सत्य की जीत हुई है। उन्होंने शुक्रवार को कहा कि ईडी और सीबीआई केंद्र सरकार के इशारे पर काम कर रही है। आदिवासी और पिछड़े नेताओं पर झूठे आरोप लगा जबरन उन्हें जनता से दूर रखने के लिए जेल की सलाखों के पीछे रखा जा रहा है। ताकि समाजवाद की लड़ाई सामाजिक न्याय की लड़ाई कमजोर हो जाए। उन्होंने कहा कि झारखंड में केंद्र सरकार का षड्यंत्र सफल नहीं हो सका। हेमंत सोरेन अपने पिता शिबू सोरेन और राष्ट्रीय जनता दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव के पद चिन्हों पर चलते हुए जेल में जाना पसंद किया पर किसी के सामने सर नहीं झुकाया।

### सोशल मीडिया एक्स पर झामुमो ने लिखा जय संविधान

**रांची :** पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को जमानत मिलने के बाद झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) ने दो शब्दों में प्रतिक्रिया दी है। झारखंड मुक्ति मोर्चा के सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर पार्टी ने लिखा जय संविधान लिखा है। इस कमेंट के साथ हेमंत सोरेन की बड़ी दाढ़ी वाली फोटो है, जिसके पीछे एक शेर दहाड़ रहा है। झारखंड सरकार के मंत्री दीपक बिरुवा ने भी एक्स पर लिखा है सत्यमेव जयते! जय जोहार मेरे भाई हेमंत सोरेन। आपकी लड़ाई रंग लाई! मंत्री हफीजुल हसन ने ट्वीट कर हेमंत सोरेन की रिहाई पर प्रसन्नता जताई है। उन्होंने कहा कि झारखंड हाई कोर्ट के इस फैसले ने झूठ की रेत पर तानाशाही ताकतों द्वारा बनाए गए महल को भी ढहा दिया है। सत्य कभी भी परास्त नहीं हो सकता। आज झारखंड हाई कोर्ट ने पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को जमानत दे दी है। हाईकोर्ट के इस फैसले का स्वागत एवं अभिनंदन है।

# हमारे नेता हेमंत सोरेन को जेल से बाहर आना ही था : महुआ मांजी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड मुक्ति मोर्चा की महिला अध्यक्ष और राज्यसभा सांसद डॉ महुआ मांझी ने फोन पर से कहा कि यह बहुत ही खुशी की बात है कि हमारे राज्य के लोकप्रिय नेता पूर्व मुख्यमंत्री और झारखंड मुक्ति मोर्चा के कार्यकारी अध्यक्ष हेमंत सोरेन को झारखंड हाई कोर्ट ने बेल दे दिया है मैं पहले से भी कहती रही हूं कि सच का बोलबाला होगा और जेल का ताला टूटेगा और हेमंत सोरेन जेल से बाहर आएंगे और झारखंड हाई कोर्ट ने उन्हें बेल देकर उनके लाखों समर्थकों के चेहरे में खुशियां दे दी है। राज्य की जनता अपने यशस्वी नेता और पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के लिए सड़क से लेकर सदन तक और उलगुलान किया , महारैलियां की और भाजपा के काले करतूत को जनता को बताने का काम किया । राज्य की जनता और झामुमो कार्यकर्ताओं की मेहनत रंग लाई । झारखंड हाई कोर्ट को भी राज्य की जनता की बातों पर विश्वास हुआ और उन्हें बेल दे दिया है। मैं अभी रांची में नहीं हूं दिल्ली में हमारा सदन चल रहा है इसलिए मैं यहां हूं और हम लोग सब खुश हैं।

### हम सबके नेता पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जेल से बाहर आ गये : जीत गुप्ता



रांची। झारखंड मुक्ति मोर्चा के कार्यकारी अध्यक्ष और झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को झारखंड हाईकोर्ट से बेल मिलने के बाद झारखंड मुक्ति मोर्चा के कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर दौड़ गई है। झारखंड मुक्ति मोर्चा रांची महानगर के पूर्व प्रवक्ता जीत गुप्ता नेतृत्व में शहीद अल्बर्ट एक्का चौक पर पटाखे जलाकर और लोगों के बीच जीत गुप्ता ने कहा कि आज खुशी का दिन है हमारे नेता जेल से बाहर आ गये हैं। हम उच्च न्यायालय का धन्यवाद करते हैं । जनता का विश्वास बढ़ा है और गरीब, कमजोर,असह्य , आदिवासियों, मूलवासियों सहित राज्य वासियों की आवाज हैं हेमंत सोरेन। इस। खुशी के मौके पर अजीत नायक , आयुष राज वर्मा , अकबर , अजय सिंह, वीरू , अशोक, अभिषेक वर्मा, विनोद साहू ,राजेश, भोलू गुप्ता, फैयाज, पंकज कुमार ,हीरालाल भारत सिंह कई नेता कार्यकर्ता मौजूद थे।

# डीसी ने खाद्य आपूर्ति से संबंधित समीक्षा बैठक की



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** रांची जिला में जिन गुलाबी और हरा राशन कार्डधारियों ने पिछले 6 महीने से खाद्यान्न का उठाव नहीं किया है, उनका राशन कार्ड रद्द किया जायेगा। उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी, रांची राहुल कुमार सिन्हा ने 28 जून 2024 को खाद्य आपूर्ति से संबंधित बैठक के दौरान इस संबंध में निर्देश दिये। समाहरणालय स्थित उपायुक्त सभागार में आयोजित बैठक में जिला आपूर्ति पदाधिकारी प्रदीप भगत, विशिष्ट अनुभाजन पदाधिकारी मोनी कुमारी, जिला के सभी पणन पदाधिकारी, प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी/कर्मी उपस्थित थे।बैठक में मई एवं जून 2024 हेतु एनएफएसए योजनान्तर्गत एवं जुलाई एवं अगस्त 2023 हेतु जेएसएफएसएस योजनान्तर्गत खाद्यान्न का डोर स्टेप डिलीवरी लिफ्टिंग एवं खाद्यान्नों की स्थिति, अक्टूबर से दिसम्बर 2023 हेतु नमक, चीनी एवं अप्रैल 2024 में चना दाल के उठाव एवं वितरण की स्थिति, द्वितीय छमाही हेतु सोना सोबरन धोती-साड़ी वितरण योजना की स्थिति, पेट्रोल पर सब्सिडी देने हेतु सीएम-सपोर्ट की स्थिति आदि की समीक्षा की गयी। राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम अंतर्गत मई एवं जून 2024 तथा झारखण्ड राज्य खाद्य सुरक्षा योजना अंतर्गत जुलाई एवं अगस्त 2023 तक खाद्यान्न का डीएसडी लिफ्टिंग एवं खाद्यान्नों की स्थिति की प्रखण्डवार समीक्षा करते हुए उपायुक्त द्वारा सभी प्रखण्डों में खाद्यान्न वितरण सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। जिला आपूर्ति पदाधिकारी को उपायुक्त ने खाद्यान्न वितरण में अनिमितता बरतने वाले जनवितरण प्रणाली दुकानदारों के विरुद्ध जांच कर नियमानुसार कार्रवाई करने को कहा गया। कम खाद्यान्न वितरण पर डीएसओ द्वारा बताया गया कि कई राशन कार्डधारी राशन का उठाव नहीं कर रहे हैं, इस पर उपायुक्त द्वारा 6 महीने से खाद्यान्न का उठाव नहीं करनेवाले कार्डधारियों का राशन कार्ड रद्द करने का निर्देश दिया गया। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्डधारियों के कार्ड डिलीशन का प्रोसेस रेग्युलर रखें।अक्टूबर से दिसम्बर 2023 हेतु नमक एवं चीनी के उठाव एवं वितरण की स्थिति की प्रखण्डवार समीक्षा करते हुए उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने 50 प्रतिशत से कम चीनी वितरण करनेवाले पीडीएस डीलर को शोकॉज करने को कहा। जिला आपूर्ति पदाधिकारी को इस संबंध में निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि जिन प्रखण्डों में नमक का वितरण नहीं किया गया है, वहां के जनवितरण प्रणाली दुकानदारों को भी शोकॉज करें। पीवीटीजी डाकिया योजनान्तर्गत खाद्यान्न का वितरण की जानकारी लेते हुए उपायुक्त ने वितरण और ऑनलाइन रिफ्लैक्शन में सुधार के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि पीवीटीजी डाकिया योजना अंतर्गत कार्ड का डिलीशन बिना वेरिफाई किये न करेंई-आरसीएमएस में डीएसओ स्तर पर लंबित आवेदनों की समीक्षा के दौरान उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा द्वारा विभिन्न कैटेगरी में लंबित आवेदनों के निष्पादन का निर्देश दिया गया।

## साजिश कितनी भी गहरी हो, न्यायपालिका दूध का दूध और पानी का पानी कर देती है : राजेश ठाकुर



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को हाईकोर्ट से बेल मिलने पर प्रदेश कांग्रेस ने प्रसन्नता व्यक्त की। कांग्रेस प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि न्यायपालिका पर अभी भी जनता का विश्वास कायम है। साजिश कितनी भी गहरी हो न्यायपालिका दूध का दूध पानी का पानी कर देती है। हेमंत सोरेन को झूठे मामले में फंसा कर जेल भेजा गया और झारखंड में सरकार अस्थिर करने और लोकसभा चुनाव को प्रभावित करने की कोशिश केंद्र सरकार द्वारा की गई थी। लेकिन महागठबंधन की एकजुटता से सरकार स्थिर रही. जनता ने अपना फैसला लोकसभा चुनाव में भाजपा के खिलाफ सुना दिया। जांच एजेंसी द्वारा केंद्र के इशारे पर जमानत नहीं देने की पूरी कोशिश की गई. लेकिन न्यायालय द्वारा उन्हें जमानत की सुविधा प्रदान की गई और हमें पूरा भरोसा है कि वो आगे दोष मुक्त भी होंगे। उन्होंने कहा कि इस फैसला का झारखंड में बड़ा प्रभाव पड़ेगा और इंडिया गठबंधन और अधिक मजबूती से आगामी विधानसभा चुनाव लड़ेगी। संगठन महासचिव अमूल्य नीरज खलको,राकेश सिन्हा सतीश पॉल मुंजनी, निरंजन पासवान ,सोनाल शांति, ऋषिकेश सिंह कुमार राजा, जगदीश साहु, नेलीनाथन, गुलजार अहमद,प्रभात कुमार,अजय सिंह आदि मौजूद थे।

# हेमंत को जमानत मिलने पर कांग्रेस विधायक दीपिका पांडेय ने बांटी मिठाइयां

**दीपिका पांडेय ने कहा है कि भाजपा के दिन अब लद गए हैं । भाजपा ने जिस तरह से ईडी के सहयोग से झारखंड मुक्ति मोर्चा और हमारे पूर्व मुख्यमंत्री को एक साजिश के तहत जेल भेजने का काम किया था**



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** कांग्रेस की महागामा विधायक दीपिका पांडेय ने जैसे ही झारखंड हाई कोर्ट के फैसले सुनी कि झारखंड मुक्ति मोर्चा के कार्यकारी अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को बेल मिल गया है तो उन्होंने अपने विधानसभा क्षेत्र में जमकर गुलाल अबीर खेला और खुशियां मनाई । जनता के बीच मिठाइयां बांटी। दीपिका पांडेय ने कहा है कि भाजपा के दिन अब लद गए हैं । भाजपा ने जिस तरह से ईडी के सहयोग से झारखंड मुक्ति मोर्चा और हमारे पूर्व मुख्यमंत्री को एक साजिश के तहत जेल भेजने का काम किया था, वह अब जनता जान चुकी है, अब आने वाले विधानसभा में भाजपा को जीरो में आउट कर देगी।

## राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति की 87वीं बैठक संपन्न

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि वित्त मंत्री, झारखंड सरकार, डॉ0 रामेश्व उराँव , विशिष्ट अतिथि कृषि मंत्री झारखंड सरकार बादल पत्रलेख और बैठक के अध्यक्ष बैंक ऑफ इंडिया, प्रधान कार्यलय के कार्यपालक निदेशक एम कार्तिकेयन के स्वागत के साथ किया गया। बैठक की औपचारिक शुरुवात मनोज कुमार, महाप्रबंधक, राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति बैंक ऑफ इण्डिया, क्षेत्रीय महाप्रबंधक कार्यालय, रांची के स्वागत सम्बोधन से हुई। कुमार ने अपने वक्तव्य में सभा को बताया की एसएलबीसी झारखंड को वर्ष 2023-24 मे PFRDA द्वारा अटल पेंशन योजना के तहत लक्ष्य का 158त्न हासिल करने के लिए मध्यम श्रेणी के राज्यों मे "AWARD OF ULTIMATE LEADERSHIP" प्राप्त हुआ है। इस कार्य के लिए उन्होने ने सभी BANKS एव LDMs को बधाई दी। कुमार ने मौजूदा वित्तीय वर्ष मे ऋण-जमा अनुपात में आई वृद्धि का जिक्र किया एवं बताया की राज्य के ऋण जमा अनुपात में निरंतर वृद्धि देखी जा रही है जो दर्शाता है कि राज्य के बैंक ऋण प्रवाह में सहयोग कर रहे हैं।कार्यक्रम मे आगे बढ़ते हुए श्री मनोज कुमार, महाप्रबंधक,राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति ने मार्च 2024 की उपलब्धियों की चर्चा करते हुए राज्य के बैंकों से राज्य के सभी छात्राओं के लिए झारखंड सरकार सहभागिता दिखने को कहा। नाबार्ड क्षेत्रीय कार्यालय, झारखंड के मुख्य महाप्रबंधक सुनील कृष्णा जहांगीरदार जी ने सभी बैंकों को राज्य के विकास मे योगदान देने हेतु आभार प्रकट किया।

## कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व अभियान के तहत सामग्रियां वितरित की गईं : एम कार्तिकेयन

**प्रभात मंत्र संववाददाता**

**रांची:** बैंक ऑफ़ इंडिया के कार्यपालक निदेशक एम कार्तिकेयन शुक्रवार को राँची शहर में मौजूद थे। इस अवसर का लाभ उठाते हुए बीओआई राँची अंचल ने कॉर्पोरेट सोशल रिस्पांसिबिलिटी अभियान के तहत सामाजिक दायित्व की प्रतिबद्धता एवं आदिवासी सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण हेतु लोहरदगा जिले के विभिन्न ग्रामवासियों को 100 माँदर, 75 नगाड़ा तथा 50 सोलर लैंपों का वितरण किया। ग़ौरतलब है कि, उक्त



वाद्ययंत्र आदिवासी संस्कृति की धरोहर हैं तथा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों व शुभ अवसरों पर प्रयोग में लाए जाते हैं। कार्यक्रम का भव्य आयोजन वित्त मंत्री, झारखंड सरकार, डा. रामेश्वर उराँव के आवास पर उनकी गरिमामयी उपस्थिति में संपन्न हुआ। इस शुभ अवसर पर फील्ड महाप्रबंधक मनोज कुमार ने सभा को संबोधित करते हुए बैंक ऑफ़ इंडिया द्वारा समाज के उत्थान व संस्कृति के संरक्षण के लिए उठाये जा रहे विभिन्न महत्वपूर्ण प्रयासों को विस्तार से अवगत कराया। इस अवसर पर एस एल बी सी उप महाप्रबंधक सी गोपाला कृष्णा, उपमहाप्रबंधक दीप शंकर, सुब्रमण्यम्, आंचलिक प्रबंधक संजीव कुमार सिंह, सहायक महाप्रबंधक ए के पांडेय, मुख्य प्रबंधक ओम प्रकाश, वरिष्ठ प्रबंधक अभय खलखो, नजमुल होदा आदि उपस्थित थे। मंच संचालन मुख्य प्रबंधक विपणन अनुराग वर्मा द्वारा किया गया।

## सीआईडी की महिला डीएसपी से चेन छिनतई, दो दिन बाद भी पुलिस खाली हाथ

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** अपराधियों को पुलिस का कोई खौफ अब नहीं रह गया है। आये दिन घटना घट रही है। ऐसा हुआ एक मामला आया है जो पुलिस पदाधिकारी के साथ ही घट गई। दरअसल को सीआईडी विभाग की डीएसपी सरिता मुर्मू से चेन छिनतई हुई है। सरिता मुर्मू ने इस मामले में कोतवाली थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई हैं। घटना के बारे में अबतक मिली जानकारी के मुताबिक घटना बुधवार की रात सवा 8 बजे की बताई जा रही है।



डीएसपी अपने निजी काम से कचहरी चौक के पास पहुंचीं। तभी बाइक सवार दो अपराधियों ने उनके गले से सोने की चेन खींच ली और जब डीएसपी ने उसका विरोध की तब उन्हें धक्का मार वहां से फरार हो गये। इसके उन्होंने कोतवाली पुलिस को जानकारी दी और मामला दर्ज कराया है। पुलिस का दावा है जल्द ही अपराधी पुलिस की गिरफ्त में होंगे। सवाल यह है कि अपराधी पकड़ा ही जायेगा इसमें कोई दो राय नहीं है लेकिन अपराधियों को पुलिस का डर क्यों नहीं है यह सबसे बड़ा सवाल है और पुलिस इसपर जवाब देने से बचती है।

## मरीज के साथ अमानवीय व्यवहार करने वाले जेनेटिक अस्पताल पर हो कड़ी कार्रवाई : आजसू




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** युवा आजसू ने जेनेटिक अस्पताल द्वारा सिर्फ पैसों के लिए एक मां को अपने बच्चे से दूर करने की अमानवीय घटना के विरोध में शुक्रवार को उपायुक्त कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन किया। उपायुक्त से मिलकर युवा आजसू के प्रतिनिधिमंडल ने रांची में संचालित निजी अस्पतालों की मनमानी और लचर स्वास्थ्य व्यवस्था के चलते आम लोगों को आ रही समस्यओं से अवगत कराया। ज्ञापन के माध्यम से युवा आजसू ने कहा कि निजी अस्पतालों की मनमानी से राज्य की जनता हताश है। निजी अस्पताल मनचाहा बिल बनाकर आमजनों पर जुल्म कर रहे हैं। मनमानी करने वाले निजी अस्पतालों पर सख्त कार्रवाई की मांग युवा आजसू ने की। इसके साथ उन्होंने सरकारी अस्पतालों में इलाज कराने वाले गरीब मरीजों को बरगला कर निजी अस्पताल में इलाज के लिए ले जाने वाले बिचौलियों और एम्बुलेंस चालकों पर भी जल्द से जल्द कड़ी कार्रवाई करने की भी मांग की। युवा आजसू द्वारा रिम्स समेत अन्य सरकारी अस्पतालों की लचर स्वास्थ्य व्यवस्था की ओर ध्यान आकृष्ट कराते हुए स्वास्थ्य सुविधा को दुरुस्त करने और रिम्स में आने वाले मरीजों को पौष्टिक भोजन और स्ट्रेचर, एम्बुलेंस जैसी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग उपायुक्त से की।

# निवर्तमान उप महापौर संजीव विजयवर्गीय ने निगम प्रशासक को शहर की समस्याओं से अवगत कराया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** निवर्तमान उप महापौर संजीव विजयवर्गीय ने रांची नगर निगम के प्रशासक से मुलाकात की और शहर की विभिन्न समस्याओं को लेकर चर्चा की। उन्होंने पिछले 15 वर्षों में नगर निगम में हुए सुधारों की सराहना की, लेकिन वर्तमान में जनता को हो रही कठिनाइयों का उल्लेख करते हुए कई महत्वपूर्ण मुद्दों को उठाया। विजयवर्गीय ने कहा कि निगम प्रतिनिधि विहीन हो जाने के कारण कई महत्वपूर्ण कार्य रुके हुए हैं, जिससे आम जनता परेशान है। उन्होंने कहा कि सड़क, नाली और साफ-सफाई की लचर व्यवस्था शहर पर एक दाग का रूप ले चुकी है।

### उन्होंने निम्नलिखित मांगे की है

**कचरा प्रबंधनः** शहर में कचरे के अंबार के बावजूद, सॉलिड वेस्ट यूजर चार्जेस से लोगों को प्रताड़ित किया जा रहा है।

2017 में तत्कालीन मुख्यमंत्री रघुवर दास के समक्ष संशोधन की मांग रखी गई थी, जिसमे आवासीय और व्यावसायिक दुकानों का 50 रुपया तय किया गया अब तक स्वीकृति नहीं मिली है। इससे आम निवासियों और व्यवसायियों पर मानसिक प्रताड़ना बढ़ रही है, बिल्डिंग बायलॉज संशोधनः बने हुए मकानों को जैसा है वैसा स्वीकृत करने की मांग पिछले 6 वर्षों से लंबित है। इस संशोधन से रांची शहर में लगभग 2 लाख आवासों को नियमित करने का लाभ मिल सकता है।

**अपर बाजार मंडी :** मंडी की कई तकनीकी समस्याओं और नियम-कानून के कारण व्यापारी परेशान हैं। इस समस्या का समाधान शीघ्र करने की आवश्यकता है।

**सड़क और नाली व्यवस्था :** एकरा मस्जिद से अल्बर्ट एक्का चौक (ढेली मार्केट होते हुए),डंगरा टोली से सर्जना, कांटा टोली और सर्कुलर रोड की नालियों को जोड़ने की आवश्यकता है,अपर बाजार सेवा सदन पथ, बड़ा तालाब पथ, औघड़ बाबा आश्रम तक की नाली का पुनः निर्माण, कोकर से अल्बर्ट एक्का चौक में डिवाइडर लगाकर सड़क की चौड़ाई बढ़ाना और नाली निर्माण।लॉज और बैंक्वेट हॉल रजिस्ट्रेशन,डिस्टीलरी तालाब, जोड़ा तालाब का सुंदरीकरण, नगर निगम क्षेत्र में जानता दरबार बैठक कराने की मांग रखी।



## 80 सीएम उत्कृष्ट विद्यालयों का साल में दो बार होगा योगात्मक मूल्यांकन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** राज्य सरकार के स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के प्रभारी सचिव उमाशंकर सिंह ने झारखंड शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद में आयोजित स्कूली शिक्षा के लिए राष्ट्रीय पाठ्यक्रमों की रूपरेखा (एनसीएफएसई) के लिए शुक्रवार को राज्य संचालन समिति के बैठक की अध्यक्षता की। उमाशंकर सिंह ने इस दौरान राज्य शिक्षा परियोजना निदेशक आदित्य रंजन एवं अन्य राज्यस्तरीय पदाधिकारियों को नियुक्तियों, आईटी सेल के गठन या बेस्ट प्रैक्टिसेज के डॉक्यूमेंटेशन की प्रक्रिया को डेढ़ से तीन महीने में पूरा करने का लक्ष्य दिया। उन्होंने जेसीईआरटी में पाठ्यक्रम डिजाईन और रिसर्च के कार्यो को प्राथमिकता देने का आदेश दिया। साथ ही ग्राफिक्स, डिजाइनिंग, प्रिंटिंग आदि के कार्यो को जेईपीसी से संचालित करने का निर्देश दिया। शिक्षा सचिव ने कहा कि जेसीईआरटी केवल अनुशंधान और पाठ्यक्रमों पर केंद्रित होकर कार्य करें। बुक प्रिंटिंग से लेकर उसकी डिजाइनिंग और ग्रफिकिंग के लिए झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद अंतर्गत चार टीम बनेंगी, जो बुक की क्वालिटी, उसमे कंटेंट, ग्राफिक



डिजाइनिंग, फोटोग्राफी आदि का कार्य पूर्ण करेंगी। उमाशंकर सिंह ने झारखंड शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद कैंपस में 500 लोगों की क्षमता वाला बड़ा ऑडिटोरियम बनाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि वर्तमान में केवल झारखंड अधिविद्य परिषद (जैक) के पास बड़ा हॉल है। ऐसे में जेसीईआरटी में राज्यभर से शिक्षक अतिथि के रूप में प्रशिक्षण के लिए आते है। वर्तमान में बना हॉल पर्याप्त क्षमता वाला नहीं है। उन्होंने हॉल और ऑडिटोरियम के लिए प्रस्ताव भेजने का निर्देश दिया। साथ ही जेईपीसी के वार्षिक मैगजीन पंख के लिए एसओपी बनाने का निर्देश भी दिया। उमाशंकर सिंह ने शिक्षा विभाग अंतर्गत हो रहे उत्कृष्ट अभ्यासों के डॉक्यूमेंटेशन पर जोर देते हुए इसपर कार्य शीघ्र शुरू करने का आदेश दिया। उन्होंने जेईपीसी अंतर्गत विद्या समीक्षा केंद्र बनाने का निर्देश दिया। इसके लिए मानव बल के सृजन पर जोर देते हुए जल्द से जल्द इस कार्य को पूरा करने का निर्देश दिया।

## राज्य के सरकारी स्कूलों में संचालित बाल संसद में हो रहा स्कॉलरशिप मंत्री का चयन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** राज्य के सरकारी स्कूलों में संचालित बाल संसद में स्कॉलरशिप मंत्री पद का सृजन किया जा रहा है।अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग के मंत्री दीपक बिरुआ के आदेश के उपरांत उपरोक्त पदों का सृजन हो रहा है, ताकि बच्चे छात्रवृत्ति को लेकर जागरूक हो सकें। पूर्वी सिंहभूम के सरकारी स्कूल में पढ़ने वाली जानकी अब बच्चों को छात्रवृत्ति के लिए जागरूक कर रही है।वह यह सुनिश्चित करती है कि उसके विद्यालय के सभी बच्चों को छात्रवृत्ति प्राप्त हो। ऐसे ही सभी सरकारी विद्यालयों में जानकी जैसे बच्चों को छात्रवृत्ति मंत्री पद पर नियुक्त किया जा रहा है। इससे पूर्व मंत्री दीपक बिरुआ ने जिला के उपायुक्तों को स्कूल स्तर पर कैंप लगाकर मिशन मोड में सभी छात्र-छात्राओं का आधार कार्ड बनाने, आधार कार्ड को बैंक खाता से जोड़ने, केवाईसी कराने, ऑनलाइन जाति और आय प्रमाण पत्र बनाने का कार्य संपन्न करने का निर्देश दिया है। विभिन्न विद्यालयों में बनाए जा रहे स्कॉलरशिप मंत्री को सभी छात्रों के लिए पात्रता मानदंड, आवेदन की अंतिम तिथि और आवश्यक दस्तावेजों के बारे में सटीक और अद्यतन जानकारी उपलब्ध कराना होगा। उन्हें यह सुनिश्चित करना है कि उनके स्कूल के सभी छात्रों के लिए छात्रवृत्ति आवेदन पूरा हो।

## सेन्ट्रल मुहर्रम कमिटी रांची की बैठक मधुबन मार्केट में आज

**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** वर्ष 2024 के मुहर्रम के जुलूस से सम्बन्धित सेन्ट्रल मुहर्रम कमिटी के तत्वावधान में आवश्यक बैठक 29 जून दिन शनिवार को दोपहर 03 बजे सेन्ट्रल मुहर्रम कमिटी के प्रधान कार्यालय मेन रोड रांची स्थित मधुबन मार्केट में रखी गई है जिसमें तीनों प्रमुख अखाड़े क्रमशः धवताल अखाड़ा,इमाम बख्श अखाड़ा, लीलू अली अखाड़ा के प्रमुख खलीफा, तमाम अखाड़े के क्षेत्रीय खलीफा एवं पदाधिकारी के साथ साथ सेन्ट्रल मुहर्रम कमिटी के प्रमुख पदाधिकारी मुख्य रूप से बैठक में भाग लेंगे। बैठक में वर्ष 2024 के मुहर्रम के जुलूस से सम्बन्धित चर्चा की जाएगी। उक्त जानकारी सेन्ट्रल मुहर्रम कमिटी के महासचिव अकीलुर्रहमान एवं प्रवक्ता मो. इसलाम ने संयुक्त रूप से दी।

## पुलिस गाड़ी से घायल बच्चे का इलाज कराए सरकार : आरती कुजूर

**नामकुम(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** आज दिनांक 28/6/24 को भाजपा की प्रदेश उपाध्यक्ष श्रीमती आरती कुजूर और एसटी मोर्चा के प्रदेश नेत्री सुश्री अंजली लकड़ा हहाप पंचायत के सरवल टांड टोली स्थित सूरज नायक के घर पहुंची, ज्ञात हो कि शनिवार 22/6/24 को पुलिस की गाड़ी से सूरज नायक का इकलौता पुत्र समीर नायक गंभीर रूप से घायल हो गया था,जिसे पुलिस ने इलाज के लिए रिम्स में भर्ती किया द्य जब यह घटना घटी तो पुलिस प्रशासन ने बच्चे का इलाज का पूरा खर्च उठाने की बात कही थी,किंतु दो दिन अस्पताल में रहने और कुछ खर्च देने के बाद कोई नही पूछ रहा है,घर में कमाने वाला कोई नहीं,बच्चे का पिताजी सूरज नायक ही कमाने वाला व्यक्ति है जो कि अभी अपने बच्चे के साथ अस्पताल में है द्य और परिवार की स्थिति इतनी अच्छी नहीं कि कहीं और इलाज करा सके द्य श्रीमती आरती कुजूर और अंजली लकड़ा ने सरकार से मांग की कि पुलिस की गाड़ी से गंभीर रूप से घायल बच्चे का बेहतर इलाज हो और टांड़ टोली के पास सड़क में स्पीड ब्रेकर बने,दोषी व्यक्ति पर करवाई हो,सरकार और पुलिस प्रशासन बच्चे का इलाज के साथ परिवार पर भी ध्यान दें,घर में उस वक्त बच्चे के दादा,दादी और बुआ थी

## पेड़ पौधा लगाओ जीवन बचाओ अभियान के तहत चार सौ पौधा का किया गया वितरण

**खलारी(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** पेड़ पौधा लगाओ जीवन बचाओ अभियान के तहत देवेंद्र बाबु सेवा संस्थान एवं अंबेडकर विचार मंच के सौजन्य से चार सौ फलदार पौधा का वितरण किया गया.पौधा का वितरण हुटाप पंचायत के बाजारटांड़ में दौ सौ एवं खलारी पंचायत के जेहलीटाँड़ में दौ सौ पौधों का निशुल्क वितरण किया गया.मौके पर उपस्थित राजन सिंह राजा ने लोगों से आग्रह किया कि प्रत्येक परिवार कम से कम पाँच पौधा प्रत्येक वर्ष जरूर लगाएं ताकि आनेवाली पीढ़ी को हम एक हराभरा वातावरण देकर जायेंगे. इस मौके पर इंदिरा देवी, राजेश सिंह मिंटू, तनवीर आलम, मोनू रजक, रवीन्द्रनाथ चौधरी, विनोद सिंह, शेर खान, फिरोज अंसारी, सुल्तान अंसारी, ललन सिंह, गुलजार अहमद, लव सिंह, आर.के.यादव, अदनान सामी, युसूफ सलमान, फसाना खातून, हसीना खातून, शाहजहां परवीन, नुरजहाँ परवीन, रवि उराँव, सुरज मुंडा, कैलाश मुंडा, सुनील गंझू, विजय तुरी उपस्थित थे.

## मुख्यमंत्री मेधा छात्रवृति योजना परीक्षा 30 जून को

**खलारी(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** मुख्यमंत्री मेधा छात्रवृति योजना परीक्षा 2024 रविवार 30 जून को होगा .यह परीक्षा खलारी प्रखंड के तीन विद्यालयों मे होगा . जनता हाई स्कुल खलारी, आदर्श हाई स्कुल शांतिनगर तथा ए सी सी हाई स्कुल खलारी को बनाया है .जानकारी देते प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी सर्वरीनाथ चौरसिया ने बताया कि 2024 मे जो छात्र आठवी बोर्ड झारखण्ड अधिविध परिषद में पास किया है वही लोग यह परीक्षा मे भाग ले सकते है .परीक्षा के लिए प्रवेश पत्र 27 जून से डाऊनलोड कर सकते है .इसके लिए जैक का वेवसाईट पर जाकर आठवी का रोल नंबर डाल कर प्रवेश पत्र निकाल सकते है .

# मॉनसून की बेरुखी ने किसानों को किया निराश



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र और आस-पास का पुरा इलाका इन दिनो उमस भरी गर्मी की चपेट मे है।उमस भरी गर्मी से कोयलांचल के लोग परेशान हैं।जुन महीना समाप्त होने वाला है और अभी तक बारिश नही होने से जहां एक ओर गर्मी का कहर जारी है तो वही किसानो को भारी नुकसान हो रहा है।समय पर बारिश नही होने से किसानो को खेती करने मे परेशानी हो रही है।गर्मी के कारण दिन भर क्षेत्र के सभी बाजारो और चौक-चोराहो मे सन्नाटा पसरा हुआ रहता है।जिसके कारण बाजारो की रौनक कम हो गई है।दिन मे कड़ी धुप और रात मे उमस भरी गर्मी से लोग बेहाल है।गर्मी के कारण क्षेत्र की सभी प्रमुख नदी व तालाब सूख चुकी है।बचरा सपही नदी,दामोदर नदी और गहरी नदी सूख जाने के कारण नदी मे सिर्फ बालु की रेत नजर आ रही है।जिसके कारण कई जगहो पर जल संकट गहरा गया है।नदी और तालाब में पानी सूखने के कारण जानवरों को पानी के लिए इधर-उधर भटकना पड़ रहा है।गर्मी की मार कोयला खनन पर भी देखा जा रहा है।वही कोयलांचल क्षेत्र के सभी स्कूल खुल गए हैं।ऐसे में गर्मी का सामना कर स्कूली बच्चे स्कूल आना-जाना कर रहे हैं।इस संबंध मे क्षेत्र के लोगों ने बताया कि प्रत्येक वर्ष जुन के महीने मे लगभग मॉनसून की दस्तक हो जाती थी और किसान समय पर खेती के काम मे लग जाते थे,लेकिन इस वर्ष जुन का महीना समाप्त होने वाला है,लेकिन मॉनसून की दस्तक अभी तक नही हुई है।किसान अच्छी वर्षा के आस लगाये बैठे है।वही मॉनसून की बेरूखी ने किसानो को निराश कर दिया है।किसानो का भी कहना है की समय पर बारिश नही होने से फसलो की अच्छी पैदावार नही होगी।फसलों की पैदावार को लेकर किसानों के द्वारा लगभग सारी तैयारी पूरी कर ली गई है बस बारिश का इंतजार है।

## राशन कम मिलने की शिकायत पर विधायक प्रतिनिधि व जिप सदस्य तुनकु गांव पहुंचे



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिल्ली :** प्रखंड के दोवाडु पंचायत के गोंढ़ा गांव के राशन डीलर द्वारा कार्ड धारियों के राशन में कटौती की शिकायत पर शुक्रवार को विधायक प्रतिनिधि जयपाल सिंह व जिप उपाध्यक्ष वीणा चौधरी तुनकु गांव पहुंचे। जहां भुगतभोगी राशन कार्डधारकों ने गोंढ़ा गांव के झारखंड महिला समिति स्वयं सहायता समूह के डीलर पर राशन वितरण में अनियमितता का आरोप लगाया है। ग्रामीणों ने बताया कि डीलर द्वारा हर माह 3 से 4 केजी तक राशन कम दिया जाता है। इसकी शिकायत करने पर कहा जाता है कटौती कर ही राशन मिलेगा। कार्ड धारियों ने कहा है कि उक्त सहायता समूह के डीलर को हटाकर किसी अन्य समुह को डीलर बनाया जाए। या अन्य किसी डीलर के वहां से राशन देने का व्यवस्था किया जाए ताकि हम ग्रामीणों को समय पर और सही रूप से राशन मिल सके। विधायक प्रतिनिधि जयपाल सिंह एवं जिप उपाध्यक्ष वीणा चौधरी ने ग्रामीणों को आश्वस्त करते हुए कहा राशन वितरण में डीलरों की मनमानी नहीं चलेगी तथा कार्ड धारियों को सौ फीसदी राशन दिया जाएगा।

## ओम बिरला के लोकसभा स्पीकर बनने पर भाजपा कार्यकर्ताओ ने मनाया जश्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** भारतीय जनता पार्टी पिपरवार मंडल अध्यक्ष संजीव कुमार मिश्रा के नेतृत्व में कोटा के लोकप्रिय सांसद ओम बिरला को 18वी लोकसभा मे स्पीकर चयनित होने पर एंव हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल और चतरा सांसद कालीचरण सिंह द्वारा लोकसभा का सदस्य के रूप में शपथ ग्रहण करने पर जश्न मनाते हुए बधाई दी गई।इस दौरान मंडल अध्यक्ष श्री मिश्रा ने कहा कि ओम बिरला का लगातार दूसरी बार लोकसभा अध्यक्ष पद पर निर्वाचित होना निश्चित रूप से देश के लिए गौरव का क्षण है।आने वाले दिनों में भी लोकतंत्र की खूबसूरत तस्वीर देखने को मिलेगी।हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल और चतरा सांसद कालीचरण सिंह के साथ क्षेत्र में हर विकास के कार्य किए जाएंगे और झारखंड के नौ संसद के नेतृत्व में झारखण्ड विधानसभा में पूर्ण बहुमत की सरकार लाने का कार्यकर्ताओं ने संकल्प लिया।इस मौके पर भाजपा पिपरवार मंडल अध्यक्ष संजीव कुमार मिश्रा, टंडवा प्रमुख रीना कुमारी,जिला मंत्री रीना देवी, महिला मोर्चा अध्यक्ष माधुरी देवी, अरूण उरांव, रविंद्र सिंह, श्रीवास्तव उरांव, महावीर उरांव,राज भोगता,अनिल उरांव, शालिग्राम सिंह, अंजली सिंह, देवंती देवी, निशांत राज, संजय भोगता, रंका टाना भगत, संगीत टाना भगत सहित कई लोग उपस्थित थे।

## विधानसभा चुनाव को लेकर सभी पंचायतों में पार्टी को मजबूत करने का हुआ निर्णय

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खलारी :** झामुमो खलारी प्रखंड कमिटी के पदाधिकारियों की बैठक खलारी सीमेंट फैक्ट्री यूनियन कार्यालय में हुयी. बैठक की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष अनिल पासवान ने किया. इस दौरान आगामी होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर खलारी प्रखंड के सभी पंचायत में पार्टी को मजबूत करने का निर्णय लिया गया. मौके पर अनिल पासवान ने कहा कि कार्यकर्ता ही पार्टी का सबसे बड़ा तागत होती है .जिनमें महिला मोर्चा, किसान मोर्चा,क्रिडा मोर्चा का गठन एक सप्ताह के अंदर करना, कांके विधानसभा क्षेत्र से झारखंड मुक्ति मोर्चा से प्रत्याशी देने, खलारी प्रखंड में युवा मोर्चा एवं अल्पसंख्यक मोर्चा का सभी पंचायत में कमिटी का गठन एक महीने के अंदर करने, खलारी प्रखंड के पदाधिकारी गांव-गांव का दौरा करेंगे तथा खलारी प्रखंड झामुमो अध्यक्ष एवं सचिव प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अंचल पदाधिकारी से सप्ताह में दो दिन ग्रामीणो की समस्याओं के निदान के लिए सुनिश्चित करने की प्रस्ताव शामिल है. इस दौरान नए लोगों ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण किया. जिनमें ऋताम कुमारी, पार्वती देवी,इन्दु देवी,सुमन देवी,सुनैना देवी, नीतू कुमारि, ज्योती कुमारी, प्रेम केसरी सहित अन्य लोग शामिल है.सभी नए सदस्यों को माला पहनाकर स्वागत किया. बैठक में उपाध्यक्ष राजेश प्रसाद, कमलेश प्रसाद, संयुक्त सचिव चितरंजन सिंह, राज कुमार, प्रवीण चौहान गंझू, संगठन सचिव सुधीर चौहान, सुनील यादव, सचिव नौशाद आलम, सी कुजर, जोगिंदर राम सहित अन्य उपस्थित थे.

## तीरंदाज दीपिका कुमारी के पिता को किया गया प्रतीक चिन्ह देकर सम्मान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिल्ली :** तीरंदाज दीपिका कुमारी के चौथी बार ओलंपिक में क्वालीफाई होने पर सिल्ली बिरसा मुंडा आर्चरी परिसर पहुंचे उनके पिता शिवचरण महतो को झारखंड मानभूम छऊ नृत्य कला केंद्र के मुख्य प्रशिक्षक सुनील सिंह ने प्रतीक चिन्ह देकर सम्मान किया।इस अवसर पर दीपिका के पिता ने कहा कि ओलंपिक क्वालीफाई में दीपिका के अलावा अनुभवी तीरंदाज तरूणदीप रॉय भी शामिल है। वैसे दीपिका कुमारी रिकॉर्ड चौथी बार ओलंपिक में चुनौती पेश करेंगे। सेना के 40 साल के दिग्गज तरूणदीप ने 2004 में एथेंस ओलंपिक में पहली बार देश का प्रतिनिधित्व किया था। जबकि दीपिका का यह लगातार चौथा ओलंपिक होगा। उन्होंने 2012 में लंदन में पहली बार ओलंपिक खेलों में हिस्सा लिया था। इस मौके पर बिरसा मुंडा आर्चरी केंद्र की कोच डॉ प्रकाश राम, झारखंड आंदोलनकारी लक्ष्मी नारायण महतो, आदि उपस्थित थे।

## प्रखंड में बढ़ रहे भ्रष्टाचार के खिलाफ आजसू पार्टी का हल्ला बोल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**अनगड़ा :** आजसू पार्टी का राज्य सरकार के खिलाफ अनगड़ा प्रखंड मुख्यालय में प्रखंड अध्यक्ष जगरनाथ महतो की अध्यक्षता में धरना प्रदर्शन किया गया संचालन धर्मेंद्र सिंह ने किया केंद्रीय सचिव सह पूर्व प्रत्याशी पारसनाथ उराँव ने प्रखंड में बढ़ रहे भरस्टाचार के खिलाफ सैकड़ों महिला पुरुषों के साथ प्रखंड मुख्यालय पर हल्ला बोल करते हुए राज्य सरकार को घेरा एवं प्रखंड में हो रहे व्याप्त भरस्टाचार खिलाफ आवाज उठाते हुए कहा बीते दिनों तूफ़ान से उजड़े घर और छत पीड़ित गरीब परिवारों को आज तक मुवाज़ा नही मिला प्रखंड स्तर पर ग्रामीण चक्कर लगाते लागते थक जाते हैं लेकिन ब्लॉक पर ऑफ़सरशासी हावी है इनका जल्द समाधान नही हुवा तो उग्र आंदोलन होगा केंद्रीय सचिव राजेंद्र साही मुंडा ने कहा आजसू अलग राज्य लड़ के लिया है और समस्या का समाधान नही हुवा तो ब्लॉक में लड़कर समस्या का समाधान करना आजसू पार्टी जानती है महिला जिला अध्यक्ष वीणा कुमारी ने कहा महिलाओं पर हो रहे अत्याचार पर आजसू पार्टी बर्दाश्त नही करेगी अगला विधानसभा चुनाव 2024 में महिलाएं अहम भूमिका में रहेगी मौके पर केंद्रीय सचिव जितेंद्र सिंह, आतिश महतो,रोशन मुंडा, बिनोद बर्णवाल, शंकर मुंडा, महाबीर महतो, दिलीप बेदिया, योगेंद्र महतो, प्रकाश सिंह ,राजेश पाहन,पापु अंसारी, अर्जुन राम, जगदीश भोगता, अजीत महतो, संजय महतो, किरण देवी, निर्मला देवी, संगीता देवी, वीणा देवी, ज्योतिष महतो, कृष्ण कन्हैया केसरी, अनुज महतो, बालेश्वर सिंह घटवार, कार्तिक सिंह,रन्तु मुंडा, भुनेश्वर बेदिया, जयशंकर पाहन, जालेंद्र मुंडा, शंकर सिंह, आदि सैकड़ों लोग उपस्थित रहे

## ठाकुर गांव थाना प्रभारी और एसएसबी की टीम ने सर्च अभियान चलाया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**ठाकुर गांव :** ठाकुर गांव पुलिस ने आज थाना क्षेत्र में उग्रवादियों के खिलाफ सर्च अभियान चलाया। इस दौरान थाना प्रभारी विनीत कुमार के नेतृत्व में एसएसबी की टीम और सुरक्षा बलों ने बगदा, बेंती, मुरेठा, मेड़ी और पतरातू आदि गांवों के जंगलों में सघन अभियान चलाया। ज्ञात हो कि कि दो दिन पहले यानी बुधवार को ठाकुर गांव के करंजुआ टोली में उग्रवादियों ने हवाई फायरिंग किया था, जिसे लेकर ठाकुर गांव थाना प्रभारी विनित कुमार फुल एक्शन में दिख रहे हैं पुलिस इस घटना को लेकर वरीय अधिकारियों के निर्देश पर क्षेत्र में सर्च अभियान चलाया गया। थाना प्रभारी विनीत कुमार ने कहा कि भविष्य में भी उग्रवादियों के विरुद्ध अभियान चलाया जाएगा। और किसी भी प्रकार का हवाई फायरिंग करने वाले उग्रवादियों या बदमाशों को किसी भी हाल में

## कर्रा में किसानों के बीच धान व मूंगफली बीज का वितरण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कर्रा :** प्रखंड के कृषि तकनिकी सूचना केन्द्र कर्रा में शुक्रवार को राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन योजना अन्तर्गत किसानों के बीच धान व मूंगफली बीज का वितरण प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष मकसूद अंसारी, बीडीओ स्मिता नगेशिया व कुदलुम पंचायत मुखिया संदीप हेरेंज द्वारा कराया गया. बीज वितरण कार्यक्रम के दौरान बीटीएम स्नेहलता तिग्गा ने बतायी कि बीज वितरण के लिए कृषक मित्रों द्वारा किसान कि सूची ग्राम सभा से पारित किया जाता है जिसके बाद ब्लॉक चयन टेक्नोलॉजी सिस्टम के माध्यम से बीज का वितरण किया जाता है. जिसके लिए किसान को आधार संख्या, मोबाईल पर आने वाला ओटीपी तथा खाता व प्लांट नम्बर देना पड़ता है. तभी किसान बीज वितरण होता है. बीज वितरण कार्यक्रम में कृषि विभाग कि एटीएम, सभी पंचायत के किसान सहित कृषक मित्र मौजूद थे।.

## अड़की में प्रखंड स्तरीय सुब्रतो कप फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**अड़की :** खुंटी जिला अंतर्गत अड़की प्रखंड क्षेत्र में एकदिवसीय प्रखंड स्तरीय सुब्रतो कप फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन प्रखंड संसाधन केंद्र के तत्वाधान में शुक्रवार को प्रोजेक्ट बालिका उच्च विद्यालय मैदान में किया गया। इस प्रतियोगिता में अंडर 15 एवं 17 आयु वर्ग के बालक एवं बालिकाओं के टीम ने भाग लिया। प्रतियोगिता में अंडर 17 बालिका वर्ग के फाइनल में प्रोजेक्ट बालिका उच्च विद्यालय की टीम विजेता बनी। जबकि अंडर 17 के बालक वर्ग का फाइनल के बी प्लस 2 विद्यालय अड़की एवं राजकीय उच्च विद्यालय सिंदरी के बीच खेला गया। जिसमें के बी प्लस टू अड़की के टीम विजेता बना। वही अंडर 15 बालक वर्ग का



फाइनल मैच का मुकाबला राजकीय मध्य विद्यालय अड़की एवं राजकीय मध्य विद्यालय सिंदरी के बीच हुआ जिसमें। राजकीय मध्य विद्यालय अड़की विजेता बना। इससे पूर्व प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि प्रखंड प्रमुख कृष्ण सिंह मुंडा के द्वारा फुटबॉल में किक मारकर किया । उन्होंने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर खेल भावना से खेलने को प्रेरित किया। प्रतियोगिता के सफल संचालन में प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी दिलीप कुमार, बीआरपी राज किशोर प्रसाद, खेल शिक्षक संजय कुमार यादव एवं स्टेला टोपनो, शिक्षक अमित कुमार सोनू, अंतू लोहरा, सुख साई, जगन्नाथ उरांव, बेचन राम सहित अन्य लोगों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।


### जिला अभियंता का कार्यालय
### जिला परिषद, रामगढ़

**अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या – 01/2024–25**

1. निविदादाता का नाम : जिला अभियंता, जिला परिषद, रामगढ़।
2. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान : जिला परिषद कार्यालय, रामगढ़।
3. परिमाण विपत्र बिक्री हेतु आवेदन प्राप्ति की तिथि एवं समय : दिनांक 10.07.2024 को 03:00 बजे अपराह्न तक ।
4. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि : दिनांक 11.07.2024 को कार्यालय अवधि तक।
5. निविदा प्राप्त करने का स्थान : जिला परिषद कार्यालय, रामगढ़।
6. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय : दिनांक 12.07.2024 को 03:00 बजे अपराह्न तक।
7. निविदा खोलने की तिथि एवं समय : दिनांक 12.07.2024 को 03:30 बजे अपराह्न ।
8. निविदा खोलने का स्थान : जिला परिषद कार्यालय, रामगढ़।
9. कार्य की विस्तृत विवरणी : –

| क्र. | प्रखण्ड | पंचायत/ग्राम | योजना | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मुल्य (रु०) | कार्य पुर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | माण्डू | सोनडीहा | पंचायत सौनडीहा के ग्राम भदवा में सत्तार खान के घर से पुरनन्दु साव के घर तक 1500 फीट पथ निर्माण। | 2114100 | 43000 | 5000 | 04 (चार) माह |
| 2 | माण्डू | हेसागढ़ा | माण्डू प्रखण्ड अंतर्गत ग्राम पंचायत हेसागढ़ा के ग्राम केरीबन्दा छापर टोला में सुखदेव हेम्ब्रोम के घर के पास सड़क के दोनों ओर गार्डवाल का निर्माण। | 683500 | 14000 | 1250 | 03 (तीन) माह |
| 3 | माण्डू | बोंगाबार | ग्राम– बोंगाबार, साण्डी फुटबॉल ग्राउण्ड से अन्दर बस्ती तक 01 कि०मी० पी०सी०सी० पथ निर्माण। | 4820600 | 97000 | 5000 | 04 (चार) माह |
| 4 | माण्डू | करमा दक्षिणी | करमा दक्षिणी पंचायत में पुलपुलीया के महेश महतो के घर से बजरंगबली कोशल महतो के घर तक पी०सी०सी० पथ का निर्माण। | 2578000 | 52000 | 5000 | 04 (चार) माह |
| 5 | माण्डू | नावाडीह | नावाडीह पंचायत में पिन्टू महतो के घर से कुम्हार टोला तक पी०सी०सी० पथ का निर्माण। | 2457500 | 50000 | 5000 | 04 (चार) माह |
| 6 | माण्डू | छोटकी डुण्डी | छोटकी डुण्डी पंचायत में बाराकोचा में खेमन महतो के घर से कालीकरण रोड तक पी०सी०सी० पथ का निर्माण। | 1379200 | 28000 | 2500 | 03 (तीन) माह |
| 7 | रामगढ़ | छत्तरमाण्डू | INDOOR STADIUM छत्तरमाण्डू, रामगढ़ में CCTV कैमरा का अधिष्ठापन। | 227000 | 5000 | 500 | 02 (दो) माह |
| 8 | माण्डू | रतवे | ग्राम+पंचायत–रतवे में सुजात मिंया के घर से मोहरटॉड़ तक पी०सी०सी० पथ एवं नाली निर्माण। | 4518700 | 91000 | 5000 | 04 (चार) माह |
| 9 | गोला | हुप्पु | मध्य विद्यालय सिरका (हुप्पु) के परिसर में पेबर ब्लॉक का निर्माण। | 1627000 | 33000 | 5000 | 03 (तीन) माह |
| 10 | गोला | पूरबडीह | ग्राम–डभातु कुम्हरदगा रोड कोचला टाड़ नकुल महतो के घर से छोटे लाल मुण्डा के घर तक नाली निर्माण। | 1669259 | 34000 | 5000 | 03 (तीन) माह |
| 11 | गोला | साड़म | ग्राम –सरेंगातु में जतरू महतो के घर से लेकर लालसाय महतो के घर तक पी०सी०सी० पथ एवं नाली निर्माण। | 1179821 | 24000 | 2500 | 03 (तीन) माह |
| 12 | रामगढ़ | कुरुम | बार्ड नं0–32, ग्राम–कुरुम के बनजारी राम के घर से भुताही तालाब तक गार्डवाल निर्माण। | 784000 | 16000 | 1250 | 02 (दो) माह |
| 13 | रामगढ़ | नगर परिषद वार्ड 28 | ग्राम+पो0–छत्तर माण्डू , पिपरा टोला में मिंटु ठाकुर के घर से लेकर रामबाबु ठाकुर के घर तक पी०सी०सी० एवं नाली निर्माण। | 921800 | 19000 | 1250 | 02 (दो) माह |
| 14 | रामगढ़ | नगर परिषद वार्ड 09 | नव प्राथमिक विद्यालय बरवाटॉड (मरार वार्ड नं. 09) का चाहरदिवारी निर्माण। | 2578000 | 52000 | 5000 | 04 (चार) माह |
| 15 | पतरातू | चिकोर | पतरातू प्रखण्ड अंतर्गत पंचायत ग्राम चिकोर में पंचायत भवन का चाहरदिवारी निर्माण। | 1540700 | 31000 | 5000 | 03 (तीन) माह |
| 16 | पतरातू | जयनगर | ग्राम जयनगर में भीखु मुंडा के घर से लेकर सुरेश ठाकुर के घर तक नाली निर्माण। | 4329100 | 87000 | 5000 | 04 (चार) माह |
| 17 | पतरातू | सुन्दर नगर | सुन्दरनगर में लोहापुल में पुल का निर्माण। | 4922100 | 99000 | 5000 | 04 (चार) माह |
| 18 | माण्डू | बारूघुटटी पूर्वी | बारूघुटटू पूर्वी पंचायत भवन का चाहरदीवारी निर्माण कार्य। | 2499400 | 50000 | 5000 | 03 (तीन) माह |
| 19 | माण्डू | माण्डू चट्टी | माण्डू प्रखण्ड के पंचायत माण्डू चट्टी के ग्राम गरगाली टोला पंचकेरिया स्थित चेक डैम में गार्डवाल एवं विभिन्न कार्य। | 945200 | 19000 | 1250 | 03 (तीन) माह |
| 20 | माण्डू | रतवे | ग्राम रतवे के सिंदवारढाकी नाला में गार्डवाल का निर्माण। | 2706300 | 55000 | 5000 | 04 (चार) माह |

10. निविदा प्रकोष्ट का दुरभाष नं० – 9801557645
11. इस निविदा में जिला परिषद, रामगढ़ में निबंधित समुचित श्रेणी के संवेदक ही भाग लेंगें।
12. परिमाण विपत्र क्रय हेतु आवेदन के साथ UCAN, आचरण प्रमाण पत्र एवं निबंधन प्रमाण पत्र की स्वअभिप्रमाणित छायाप्रति संलग्न करना अनिवार्य होगा।
13. निविदा शुल्क राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निर्गत बैंक ड्राफ्ट के रुप में स्वीकार किया जायेगा जो लौटाया नहीं जायेगा। बैंक ड्राफ्ट District Engineer, District Board, Ramgarh के पदनाम से Payable at Ramgarh देय होगा ।
14. निविदा से संबंधित अन्य शर्ते जिला परिषद, रामगढ़ के कार्यालय सूचना पट्ट पर देखी जा सकती है।

ह०/–
जिला अभियंता,
जिला परिषद,रामगढ़

PR 328033 District(24-25).D



प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4 ओपोजिट मोरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

## वीडोल ने क्रिकेट के दिग्गज सौरव गांगुली को बनाया अपना ब्रांड एंबेसडर

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** टाइड वाटर ऑयल कंपनी (इंडिया) लिमिटेड की ओर से भारत की अग्रणी लुब्रिकेंट ब्रांडों में से एक वीडोल ने क्रिकेट के दिग्गज सौरव गांगुली को अपना ब्रांड एंबेसडर बनाया है। यह नयी साझेदारी वीडोल के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है, क्योंकि कंपनी अपने ब्रांड की उपस्थिति को बढ़ाना और संपूर्ण भारत में अपनी बाजार स्थिति को मजबूत करना चाहती है। वीडोल ब्रांड के पास 70 से अधिक देशों के बाजारों के साथ जुड़ाव का एक समृद्ध और लगभग सौ साल पुरानी विरासत है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पेशेवरों की पसंद के रूप में स्थापित वीडोल, दुनियाभर में वर्कशॉप बिरादरी के बीच एक प्रमुख स्थान रखता है। उद्योग में सम्मानित और विश्वसनीय वीडोल, ऑटोमोटिव आफ्टरमार्केट (रिटेल) और संस्थागत (बी2बी) दोनों क्षेत्रों के लिए लुब्रिकेंट की एक व्यापक रेंज प्रदान करता है। अखिल भारतीय उपस्थिति के साथ वीडोल, भारत के सबसे प्रमुख लुब्रिकेंट ब्रांडों में से एक है, जिसका 31 मार्च 2024 तक परिचालन से समेकित राजस्व 1931 करोड़ रुपये है। नयी साझेदारी पर उत्साह व्यक्त करते हुए टाइड वाटर ऑयल कंपनी (इंडिया) लिमिटेड के प्रबंध निदेशक अरिजीत बासु ने कहा, हम सौरव गांगुली जैसे महान क्रिकेटर को अपने ब्रांड एंबेसडर के रूप में हमारे साथ पाकर बहुत खुश हैं। ईमानदारी और आत्म-विश्वास पर आधारित ब्रांड सौरव, सभी को प्रदर्शन और उपलब्धि के स्तर को बढ़ाने के लिए प्रेरित करता है, ये मूल्य वीडोल के साथ दृढ़ता से प्रतिध्वनित होते हैं।इस साझेदारी पर टिप्पणी करते हुए, सौरव गांगुली ने कहा, वीडोल के साथ मेरा सहयोग उत्कृष्टता, नवाचार और विश्वसनीयता के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है।




## मायुमं अचीवर्स शाखा ने लगायी सातवीं स्थाई अमृतधारा

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मारवाड़ी युवा मंच टाटानगर अचीवर्स शाखा द्वारा शुक्रवार को सर्किट हाउस रोड नं. 7 स्थित माइनिंग ऑफिस के पास शिव साई मंदिर में सत्र 2024-25 की सातवीं स्थाई अमृतधारा लगायी गयी। शाखा अध्यक्ष अंशुल रिंगासिया की अध्यक्षता में शाखा का अपना फॉर्मेशन वीक के दुसरे दिन इस अमृतधारा का लोकार्पण भाजयुमो जमशेदपुर महानगर जिलाध्यक्ष अमित अग्रवाल ने किया। इस मौके पर शाखा सचिव विजय सोनी, अभिषेक अग्रवाल गोल्डी, रवि गुप्ता, प्रतीक अग्रवाल, आदित्य जाजोदिया, मेघा चौधरी, मुकेश अग्रवाल, मनीष अग्रवाल, आनंद अग्रवाल आदि उपस्थित थे।



## मदीना मस्जिद के इमाम अब्दुल मालिक मिस्बाही का ह्यूमन वेलफेयर ने किया स्वागत

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मदीना मस्जिद के खतीब ओ इमाम अब्दुल मलिक मिस्बाही जो हज पर गए हुए थे हज की वापसी पर ह्यूमन वेलफेयर ट्रस्ट के ट्रस्टी सैयद आसिफ अख्तर, अध्यक्ष मतिनुल हक अंसारी, मानगो नगर निगम के ब्रांड एम्बेसडर मुख्तार आलम खान, शाहिद परवेज, सोहैल अख्तर अंसारी, मोहम्मद मोइनुद्दीन अंसारी, मास्टर खुर्शीद, अहमद खान, हाजी सिद्दिक अली और रिजवानुज़ ज़मा ने मदीना मस्जिद के पास फूलों का हार पहनाकर हज की वापसी पर जोर दार स्वागत किया। हाजी अब्दुल मलिक मिस्बाही ने हज पर नहीं जाने वाले ह्यूमन वेलफेयर ट्रस्ट के सदस्यों से भी हज पर मक्का मदीना जाने की अपील की और कहा कि तंदुरुस्त रहते रहते हज कर लेना बेहतर है। सभी लोगों ने एक दूसरे को खजूर खिलाकर मुंह मीठा किया।



## जिलिंगदा स्कूल की छात्रा स्कूल में हुई बेहोश, शिक्षकों ने एम्बुलेंस कर भेजा अस्पताल

**खरसावां(प्रभात मंत्र संवाददाता):** चिलचिलाती धूप व भीषण गर्मी के कारण आम जनता के साथ स्कूली बच्चों की भी कठिनाई बढ़ गई है। मालूम हो कि शुक्रवार को कुचाई प्रखंड क्षेत्र के अरूवां पंचायत अंतर्गत उत्क्रमित मध्य विद्यालय जिलिंगदा स्कूल के कक्षा सातवीं की छात्रा किरण हेंब्रम अपने क्लासरूम से पानी पीने के लिए निकली थी। अचानक उसकी तबीयत बिगड़ गई और वह उल्टी करते हुए बेहोश हो गई। वहीं आनन फानन में शिक्षकों ने एम्बुलेंस बुलाकर कुचाई सीएचसी भेजा। उत्क्रमित मध्य विद्यालय के शिक्षक मोहन कुमार ने बताया कि गर्मी अधिक होने के कारण छात्रा को लू लगी।

## कुकड़ु-ईचाडीह सड़क बदहाल, बीच सड़क पर कलवर्ट टूटने से दुर्घटना की संभावना बढ़ी

**ईचागढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सरायकेला-खरसावां जिला अंतर्गत कुकड़ु से ईचाडीह जाने वाली सड़क बदहाल हो गई है। वहीं बीच सड़क पर एक आरसीसी कलवर्ट के ढह जाने से राहगीरों को प्रखंड मुख्यालय, अस्पताल, बैंक व बाजार के लिए कुकड़ु आवाजाही में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इससे चार पहिया वाहन परिचालन बंद हो गया है। मरीजों के लिए एंबुलेंस को घूम - घूम कर दूसरे रास्ते से होकर गांव जाना पड़ता है। जबकि अब तक कई छोटी- छोटी दुर्घटनाएं हो चुकी हैं। रात के अंधेरे में तो लोग जान को जोखिम में डालकर आना जाना करते हैं। ग्रामीणों ने कई बार पंचायत प्रतिनिधियों को इसकी मरम्मती के लिए गुहार लगा चुके हैं। ग्रामीणों का कहना है कि जनप्रतिनिधि और विभागीय पदाधिकारी इस पर अब तक किसी तरह का सुधी लेने का जरूरत ही महसूस नहीं किया। समाजसेवी निरंजन महतो ने बताया कि ईचाडीह से कुकड़ु सड़क की मरम्मत व कलवर्ट का निर्माण की मांग संबंधित विभाग से की है।



*सुवर्णरेखा बहुद्देशीय परियोजना के अस्थायी कर्मियों के अनशन को आजसू नेता हरेलाल महतो ने दिया समर्थन*

# न्याय दिलाने के लिए राज्य सरकार व परियोजना के खिलाफ हाईकोर्ट जाएंगे : हरेलाल

प्रभात मंत्र संवाददाता

**चांडिल :** चांडिल सुवर्णरेखा बहुद्देश्यीय परियोजना के 11 अस्थायी कर्मचारियों ने पिछले 25 जून से अंचल सह प्रमंडल कार्यालय के बाहर अनशन जारी रखा है। अनशनकारियों ने बताया कि वह पिछले 10 - 12 वर्ष से परियोजना के अंतर्गत विभिन्न कार्यालयों एवं गेस्ट हाऊस पर कार्यरत थे, लेकिन विभाग ने अचानक उन्हें काम से हटा दिया है। स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं विभागीय अधिकारियों को भी इसकी जानकारी दी गई है लेकिन किसी तरह की सुनवाई नहीं हुई। इसके बाद सभी कर्मियों ने 25 जून से आमरण अनशन शुरू किया है। शुक्रवार को आजसू पार्टी के केंद्रीय महासचिव हरेलाल महतो अनशन स्थल पर पहुंचकर विषय की जानकारी ली। उन्होंने परियोजना के कर्मचारियों के आंदोलन को समर्थन किया। महतो ने कहा कि राज्य सरकार ने स्वयं नियम बनाया है कि 10 वर्ष से काम रहे अस्थायी कर्मचारियों का स्थायीकरण किया जाएगा, इसके बाद भी गरीब कर्मियों को काम से हटा देना कहीं से उचित नहीं है। उन्होंने कहा कि वह इस विषय को लेकर सुवर्णरेखा बहुद्देश्यीय परियोजना के प्रशासक से मुलाकात करके कर्मियों के स्थायीकरण की मांग रखेंगे। जरूरत पड़ी तो राज्य सरकार और परियोजना के अधिकारियों के खिलाफ हाईकोर्ट जाएंगे।



## कुड़मालि भाषा के शिक्षकों की नियुक्ति नहीं होने व भाषाई सर्वेक्षण में गड़बड़ी के खिलाफ प्रदर्शन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** शुक्रवार को आदिवासी कुड़मी समाज, पूर्वी सिंहभूम द्वारा जिला सह संयोजक प्रकाश महतो के नेतृत्व में जिला शिक्षा अधीक्षक कार्यालय जमशेदपुर के समक्ष एक विरोध प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन के माध्यम से पिछले दिनों झारखंड सरकार के स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग द्वारा प्राथमिक स्तर पर करवाये गये भाषाई सर्वेक्षण में हुए व्यापक गड़बड़ी को लेकर भारी रोष प्रकट किया गया। विदित हो कि कुड़मी जनजाति समुदाय की स्वायत्त कबिलावाची मातृभाषा ÷कुड़मालि÷ है। मगर पूरे जिले में कुड़मालि भाषा की संख्या ÷शून्य÷ कर दी गई है। यह इस जिले में निवासित पूरे कुड़मी समुदाय के साथ साथ इनकी अति विशिष्ट भाषा कुड़मालि के साथ घोर अन्याय हुआ है। जबकि पूर्व में भी ज्ञापन के माध्यम से इस पक्षपातपूर्ण भूल को सुधार करने का निवेदन किया गया था, पर कोई न्याय नहीं किया गया। मौके पर केंद्रीय अध्यक्ष प्रसेनजीत महतो ने कहा कि थोपे गये भाषा को किसी हाल में स्वीकार नहीं किया जायेगा। पूरी प्रक्रिया को रद्द कर जिस विद्यालय में जितने कुड़मि (महतो) बच्चे हैं उनकी भाषा कुड़मालि दर्ज कर पुनः रिपोर्ट भेजी जाय एवं उसी आधार पर प्रत्येक विद्यालय में कुड़मालि के माचेत/मास्टर की नियुक्ति की जाय।

## रविन्द्रनाथ टैगोर की याद में करीम सिटी कॉलेज में भाषण कार्यक्रम आयोजित



प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** आज करीम सिटी कॉलेज में इतिहास विभाग ने रविन्द्रनाथ टैगोर की सांस्कृतिक विरासत को याद करने के लिए भाषण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में इतिहास विभाग के 10 छात्रों ने रविन्द्रनाथ टैगोर की सांस्कृतिक विरासत पर भाषण दिया। कार्यक्रम में करीम सिटी कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. मोहम्मद रियाज भी मौजूद थे। उन्होंने इतिहास विभाग को बधाई दी और छात्रों का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम में डॉ. बी.एन. त्रिपाठी, डॉ. इंद्रसेन सिंह, डॉ. कौसर तस्नीम और डॉ. मोहम्मद शाहनवाज मौजूद थे।

## विमेंस सेल ने पीपुल्स अकादमी में चलाया वृक्षारोपण कार्यक्रम



प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** आज करीम सिटी कॉलेज के विमेंस सेल ने साकची न्यू बाराद्वार स्थित पीपुल्स अकादमी +2 स्कूल में वृक्षारोपण अभियान का आयोजन किया। इस मौके पर कॉलेज के सेल के सदस्यों ने पीपुल्स अकादमी +2 स्कूल में कुछ पौधे लगाए। वृक्षारोपण अभियान में स्कूल के टीचर और बच्चों भी शामिल होकर सहयोग किया।पूरा कार्यक्रम विमेंस सेल की कोऑर्डिनेटर डॉ. कौसर तस्नीम के मार्गदर्शन में किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्रों के बीच पर्यावरण के प्रति प्रेम की भावना को बढ़ावा देना था।

## हेमंत सोरेन को बेल मिलने पर विधायक मंगल कालिंदी ने बांटे लड्डू



प्रभात मंत्र संवाददाता

**पटमदा :** राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को जमीन घोटाले में रांची हाई कोर्ट से शुक्रवार को बेल मिलने पर जुगसलाई विधायक मगंल कालिंदी ने बोड़ाम प्रखंड के बड़ासुसनी गांव में लोगों के बीच लड्डू का वितरण किया। इस दौरान मुख्य रूप से जिला परिषद प्रतिनिधि माणिक महतो, झामुमो नेता सुभाष कर्मकार, विधायक प्रतिनिधि चन्द्रशेखर टुडू, प्रखंड अध्यक्ष अश्विनी महतो, दीपंकर महतो, काजल सिंह, विनय मंडल, संजय कुंभकार, धनंजय कुंभकार, सतीश महतो, लक्खी कुंभकार समेत काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे। इस दौरान विधायक ने कहा कि राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को जिस जमीन के मामले में साजिश के तहत फंसाया गया था उसमें कोई साक्ष्य नहीं मिलने की वजह से आज कोर्ट से जमानत मिल गई है। उन्होंने कहा कि उनलोगों को कोर्ट पर पूरा भरोसा और विश्वास था।

## पटमदा में विधायक मगंल कालिंदी ने किया सड़क निर्माण योजना का शिलान्यास

प्रभात मंत्र संवाददाता

**पटमदा :** पटमदा के बामनी गांव में शुक्रवार को विधायक मगंल कालिंदी ने मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत 2 करोड़ 22 लाख की योजना से स्वीकृत सड़क का चौड़ीकरण सह सुदृढ़ीकरण कार्य का नारियल फोड़कर शिलान्यास किया। मौके पर सांसद प्रतिनिधि महावीर महतो, विधायक प्रतिनिधि चन्द्रशेखर टुडू, जिला परिषद सदस्य प्रदीप बेसरा, पूर्व बीस सूत्री अध्यक्ष बासुदेव मंडल, विमल मंडल, झामुमो नेता सुभाष कर्मकार, कालीपद महतो, अश्विनी महतो, माणिक महतो, विनय मंडल, स्वपन महतो, मिलन दास, कांग्रेस नेता विश्वामित्र दास, भाकपा नेता परेश मंडल, मुखिया गंगाधर सिंह, ग्राम प्रधान श्याम प्रसाद सिंह व शंभू नाथ सोरेन समेत सैकड़ों लोग मौजूद थे। इस संबंध में विधायक मगंल कालिंदी ने कहा कि इस योजना के तहत बामनी मोड़ से घोषडीह, खेरुआ होते हुए काशियागोड़ा तक करीब 4 किमी सड़क की चौड़ीकरण सह सुदृढ़ीकरण का कार्य किया जाएगा। इससे इस क्षेत्र के लोगों की करीब एक दशक पुरानी मांग पूरी हो जाएगी। गौरतलब हो कि इस सड़क की मरम्मत के लिए भाकपा नेता परेश मंडल लगातार प्रयासरत थे और शिलान्यास के मौके पर उन्होंने विधायक का धन्यवाद ज्ञापन किया।




## महिला सशक्तिकरण एवं रक्तदान शिविर को लेकर बैठक सम्पन्न

प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** सामाजिक संगठन सृष्टि महिला विकास सहयोग समिति लिमिटेड झारखंड और राष्ट्रीय भ्रष्टाचार नियंत्रण एवं जन कल्याण संगठन बिहार झारखंड के संयुक्त तत्वाधान में आज बारीडीह स्थित आवासीय कार्यालय में संस्था की अध्यक्षा सह समाजसेवीका रानी गुप्ता के नेतृत्व में महिला सशक्तिकरण एवं रक्तदान शिविर को लेकर एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में मुख्य अतिथि समाजसेवी शिव शंकर सिंह ने उपस्थिति दर्ज कराते हुए सभा के अपने उधर व्यक्त किया। मौके पर संस्था की अध्यक्षता रानी गुप्ता ने मुख्य अतिथि शिव शंकर सिंह को अंग वस्त्र और पौधा देकर सम्मानित किया। बैठक में काफी संख्या में शहर के विभिन्न क्षेत्र से आई महिलाओं ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। बैठक में 18 अगस्त को हो रहे रक्तदान शिविर को सफल बनाने पर चर्चा हुई। बैठक सविता कुमारी, मीरा झा, राजकुमारी, मंजू देवी, गीता देवी , डालिया देवी , तुलसी देवी, पूनम देवी, शाहरुख मलिक , कुणाल शर्मा, बंटी सिंह, त्रिदेव सिंह आदि मौजूद थे।



## टांगराईन स्कूल में नशा मुक्त अभियान के तहत जागरुकता कार्यशाला का हुआ आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** पोटका प्रखंड के प्रखंड विकास पदाधिकारी अभय कुमार द्विवेदी ने उत्क्रमित मध्य विद्यालय टांगराईन में आयोजित नशा मुक्त झारखंड अभियान के तहत आयोजित कार्यशाला में छात्र-छात्राओं, विद्यालय प्रबंधन समिति, माता समिति व क्षेत्र के सामाजिक कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि नशा एक सामाजिक बीमारी का रूप धारण कर लिया है। आज युवाओं के बीच तेजी से बढ़ते नशीले पदार्थों का सेवन आम समस्या बन गई है। नशीले पदार्थों के उपयोग के कारण न सिर्फ इसे उपयोग करने वाले लोगों के लिए गंभीर समस्या है बल्कि बड़े पैमाने पर उनके परिवार और समुदाय के लोगों को भी विभिन्न समस्याओं से जूझना पड़ रहा है।एक जागरूक एवं सभ्य समाज के रूप में हम सभी की जिम्मेदारी है कि समाज को नशा मुक्त बनाने में हम हर संभव प्रयास करें। कार्यशाला में बच्चों को आकाशीय बिजली से बचने का उपाय भी बताया गया। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी ने विद्यालय में नवोदय/ नेतरहाट प्रवेशिका परीक्षा के लिए प्रधानाध्यापक अरविंद कुमार तिवारी की पहल पर संचालित विशेष कक्षा का भी विधिवत् उदघाटन किया।कार्यशाला में छात्र-छात्राओं, शिक्षकों,माता समिति के सदस्यों, भोला नाथ सरदार, दुसरु सबर, पार्वती मांझी, दुलाली भगत व लक्ष्मी कर्मकार आदि मौजूद थे।



## उपायुक्त ने जनता दरबार में सुनी लोगों की समस्याएं, यथोचित कार्रवाई को लेकर किया आश्वस्त

प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में जिला दण्डाधिकारी सह उपायुक्त अनन्य मित्तल ने आम लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं को सुना। फरियादियों ने केजीबीवी में नामांकन, निजी विद्यालय में आरटीई के तहत निःशुल्क शिक्षा, दिव्यांग पेंशन व अन्य सुविधा, दाखिल खारिज, म्यूटेशन, विद्यालय से स्थानांतरण प्रमाण पत्र, भूमि विवाद समेत अन्य मूलभूत सुविधाओं व समस्याओं को लेकर उपायुक्त का ध्यान आकृष्ट कराया जिसपर यथोचित कार्रवाई को लेकर उन्होने आश्वस्त किया। इस दौरान कई आवेदनों का ऑन द स्पॉट समाधान किया गया तथा अन्य आवेदनों को संबंधित विभागीय पदाधिकारी को अग्रसारित कर समयबद्ध कार्रवाई हेतु निर्देशित किया गया । उन्होने पदाधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया कि प्रखंड व अन्य विभागों से समन्वय स्थापित कर आवेदनों का त्वरित निष्पादन करें जिससे फरियादियों को कार्यालयों का चक्कर नहीं लगाना पड़े।



## विधायक निधि से बांगुड़दा प्लस टू हाई स्कूल में बनेगी पेवर्स ब्लॉक सड़क, विधायक ने की घोषणा

प्रभात मंत्र संवाददाता

**पटमदा :** शुक्रवार को प्रबंधन समिति के आमंत्रण पर पटमदा के प्लस टू आदिवासी हाई स्कूल बांगुड़दा पहुंचे स्थानीय विधायक मंगल कालिंदी का शिक्षकों व विद्यार्थियों ने पुष्पवर्षा करते हुए स्वागत किया। इस दौरान विधायक ने विद्यालय प्रबंधन समिति की मांग पर बीबी रोड स्थित द्वार से शौचालय तक विधायक निधि से करीब 500 फीट पेवर्स ब्लॉक पहुंच पथ बनाने की घोषणा की और उसके लिए शनिवार से ही काम शुरू करने का आश्वासन दिया। जबकि दूसरे चरण में मुख्य द्वार से शौचालय तक पेवर्स ब्लॉक सड़क का निर्माण कराने का आश्वासन दिया गया। विद्यालय के दोनों चापाकलों के खराब होने के कारण बच्चों को पेयजल के लिए हो रही परेशानियों से अवगत होने के बाद 4500 रुपए की निजी खर्च से पाइप आदि सामग्री की खरीदारी कर एसएमसी अध्यक्ष विश्वनाथ माझी को सौंपा और चापाकल मिस्त्री से दूरभाष पर बात करते हुए शनिवार को ही मरम्मत करने का निर्देश दिया। इसके बाद प्राचार्य सुजीत कुमार सेठ की मांग पर एक मीटिंग हॉल का निर्माण समेत विकास के कई काम करने का भरोसा दिलाया। इस दौरान छात्र -छात्राओं को संबोधित करते हुए विधायक ने कहा कि आपके अभिभावक बड़ी उम्मीद के साथ आपलोगों को विद्यालय भेजते हैं इसलिए आपलोग मन लगाकर पढ़ाई करें और अपने माता-पिता के साथ -साथ क्षेत्र का नाम रोशन करें। उन्होंने कहा कि वे अपने वेतन की राशि से अबतक कई गरीब छात्र-छात्राओं की मदद करते हुए उच्च शिक्षा हेतु कॉलेजों में दाखिला दिलाया है अगर यहां भी कोई जरूरतमंद हैं तो उनसे संपर्क करें वे मदद करने के लिए तैयार हैं। मौके पर विधायक प्रतिनिधि चन्द्रशेखर टुडू, झामुमो नेता सुभाष कर्मकार, माणिक महतो, अश्विनी महतो, स्वपन महतो, कांग्रेस नेता विश्वामित्र दास, विद्यालय के शिक्षक- शिक्षिकाओं के आलावा काफी संख्या में विद्यार्थी मौजूद थे। उनकी बेटी को स्नातक में एडमिशन हेतु आर्थिक मदद भी दी।




## टाटा स्टील अर्बन सर्विसेस ने राशिद अनवर राशिद की याद में मुशायरा आयोजित किया

प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** अर्बन सर्विसेस (टाटा स्टील) के तत्वावधान में विगत संध्या स्थानीय शायरों का एक मुशायरा शुक्रवार को धातकीडीह कम्युनिटी सेंटर हॉल में आयोजित हुआ। यह मुशायरा झारखंड के जाने-माने उर्दू साहित्यकार एवं कवि राशिद अनवर राशिद को श्रद्धांजलि के रूप में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि केशव कुमार रंजन (सीनियर एरिया मैनेजर अर्बन सर्विसेस, टाटा स्टील) थे तथा सम्मानित अतिथि के रूप में करीम सिटी कॉलेज के प्राचार्य डॉ. मोहम्मद रेयाज शामिल हुए। कार्यक्रम के कन्वीनर डॉ. हसन इमाम मालिक (मैनेजर हेल्थ एंड वैलनेस टाटा स्टील) थे। दो भागों में आयोजित कार्यक्रम के प्रथम भाग में अतिथियों ने अपने विचार रखें और राशिद अनवर राशिद को अपने शब्दों से श्रद्धांजलि अर्पित की। गुरुबरी हेंब्रम (सीनियर मैनेजर, अर्बन सर्विसेज, टाटा स्टील फाउंडेशन) ने अतिथियों तथा शायरों के लिए स्वागत भाषण किया। कार्यक्रम के कन्वीनर ने इस विषय पर अपने विचार रखा कि- यह प्रोग्राम क्यों। करीम सिटी कॉलेज अंग्रेजी विभाग के अध्यक्ष डॉ. यहिया इब्राहीम तथा प्रसिद्ध कथाकार डॉ अख्तर आजाद ने राशिद अनवर राशिद की जीवनी तथा उनकी साहित्यिक सेवाओं पर प्रकाश डाला। सभा को डॉ मोहम्मद रेयाज तथा मुख्य अतिथि श्री केशव कुमार रंजन ने भी संबोधित किया। मुख्य अतिथि ने कहा कि अर्बन सर्विसेस टाटा स्टील यहां की कला, संस्कृति और साहित्य के विकास तथा रक्षा के लिए हमेशा तैयार है। हम इसके तत्वाधान में इस तरह के कार्यक्रम आयोजित करते रहेंगे।



खराब पड़े चापानल का जल्द से जल्द कराएं मरम्मति

# जनता दरबार के माध्यम से आमजनों की समस्या सुनी गई



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** जनता दरबार में पेयजल से संबंधित आवेदन के माध्यम से शिकायत प्राप्त हुई कि चतरा शहर अंतर्गत वार्ड संख्या 16 चतरा स्टोर के सामने वाली गली में लगभग एक सप्ताह से चापानल खराब हैं जिसके कारण अमजनों को एवं आसपास के लोगों को पेयजल की समस्याओं का गंभीर रूप से सामना करना पड़ रहा है। इसे लेकर नगर परिषद पदाधिकारी को भी आवेदन दिया गया है लेकिन आज तक चापानल की मरम्मति नहीं हो पाई हैं। उपायुक्त ने समस्याओं को सुनते हुए पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल चतरा के कार्यपालक अभियंता को जल्द से जल्द चापानल मरम्मति कराने का निर्देश दिया। वहीं प्रतापपुर प्रखण्ड के जोगियारा पंचायत के ग्रामीणों द्वारा जलमिनार एवं शौचालय अवैध ढंग से बनाने एवं सोलर प्लेट नीचे गिरकर टुट जाने से संबंधित आवेदन देकर अनुरोध किया गया कि इसकी जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने की कृपा की जाय। इस पर उपायुक्त ने कार्यपालक अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल चतरा को आवश्यक कार्रवाई करने हेतु निर्देशित किया। वहीं कोविड-19 अंतर्गत 16.02.2022 से 15.09.2022 तक कम्प्यूटर ऑपरेटर के द्वारा किया गया जिसका भुगतान अभी लंबित है कि शिकायत प्राप्त हुई है। इस संदर्भ में उपायुक्त ने सिविल सर्जन चतरा को निर्देशित किया कि कोविड के दौरान कार्य करने वाले कम्प्यूटर ऑपरेटर का मानदेय जल्द से जल्द भुगतान करें। इसी प्रकार मोटेशन से संबंधित मामले, शौचालय का कार्य अवैध ढंग से निर्माण होने से संबंधित, गव्य विकास, विद्युत विभाग, अतिक्रमण समेत अन्य मामले शामिल है। समाहरणाल स्थित सभा कक्ष में उपायुक्त श्री रमेश घोलप के द्वारा जनता दरबार के माध्यम से आमजनों की समस्या सुनी गई एवं प्राप्त मामले का त्वरित निष्पादन हेतु संबंधित अधिकारी को निर्देशित किया गया।

## आम्रपाली चंद्रगुप्त परियोजना के द्वारा जांच शिविर का किया गया आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**टंडवा :** आम्रपाली- चंद्रगुप्त क्षेत्र के महाप्रबंधक अमरेश कुमार सिंह के द्वारा शुक्रवार को आम्रपाली डिस्पेंसरी होन्हे में कान के मरिजो के लिये स्वास्थ जाँच शिविर का आयोजन किया गया द्ध इस शिविर मे सीसीएल गाँधी अस्पताल के इएनटी विशेषज्ञ डॉक्टर अम्ब्रिश कुमार अपने इएनटी टीम के साथ डिस्पेसरी में पहुंचे, जहां पर अनूप कुमार भगत स्टाफ अधिकारी कार्मिक ने डॉक्टर कुमार का बुके एवं अंग वस्त्र देकर स्वागत किया। इस शिविर में 51 विस्थापित/प्रभावित ग्रामीणों का कान से सम्बंधित बीमारियों का नि: शुल्क जाँच कर दवाई दिया गया। साथ ही आवश्यक्तानुसार मरीजों का ऑडियोमेट्री जाँच भी किया गया द्ध इस्के साथ-साथ डॉक्टर अम्ब्रिश कुमार कान के रोगों से बचाव हेतु ग्रामीणों को जागरुक भी किया, और बताय की हमें अपने कान को हमेशा सुखा रखना चाहिये, कान मे किसी भी प्रकार का तेल नहीं डालना चाहिये। खासकर ग्रामीण इलाकों में कान दर्द होने पर सरसों का तेल डाला जाता इस्से बचना चाहीए द्ध इस अवसर पर क्षेत्रीय चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर प्रभा अपने टीम के साथ मौजूद रहीं।

## भाजपा के गढ़ में पथरीला रास्ता, विधायक जी मेरी भी समस्याओं का कीजिए समाधान कीजिए मार्ग प्रशस्त : ग्रामीण



**मयूरहंड(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मयूरहंड थाना क्षेत्र के सुराही मोड़ से निकलकर एक मार्ग नदियापर (गांव) की ओर जाता है यह रास्ता वन विभाग की भूमि पर बना है। वर्षो पहले वन विभाग की इस भूमि पर मार्ग बनाया गया था और इस पर जहां-तहां मिट्टी मोरम और पत्थर डाले गए थे।यह मार्ग पूर्ण रूप से अस्तित्व में आता इससे पहले ही वन विभाग को खबर मिल गई और वन विभाग ने एनओसी का हवाला देते हुए काम को रुकवा दिया तब से यह मार्ग अपने अस्तित्व के लिए जद्दोजहद कर रहा है। हैरत की बात यह है कि जो गांव आज अपनी सड़क के लिए मोहताज है वह भाजपा का गढ़ है। विधानसभा का चुनाव हो या फिर लोकसभा का चुनाव हो इस गांव के 80 फिसदी ग्रामीण भाजपा का सर्मथन करते हैं और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का गुणगान करते हैं।लेकिन आज तक सिमरिया विधानसभा क्षेत्र के विधायक किसुन कुमार दास उक्त गांव का दौरा करना तो दूर नदियापर गांव के लोगों के हाल-चाल जानने का भी तनिक प्रयास नहीं किया। सड़क से संबंधित सवाल के जाने पर यहां के लोगों ने दैनिक समाचार पत्र संवाददाता जयशंकर प्रसाद वर्मा से कहा सुराही मोड़ से लेकर हदहदवा नदियापर तक सड़क का नहीं बना काफी कष्ट देता है लेकिन जब देश में सरकार बनाने की बात हो या सिमरिया विधानसभा में विधायक चुनने की बात हो विधायक कोई भी हो लेकिन मेरे गांव का वोट हिंदुत्व के नाम पर भाजपा को ही जाएगा।अब सवाल उठता है हिंदुत्व का गठरी ढोनेवाले इस गांव के लोगों की समस्याओं को आखिरकार विधायक और सांसद की कानों तक पहुंच ही नहीं रहा है या फिर पहुंचने के बाद भी अनसुना कर दिया गया।सड़क से संबंधित जानकारी के लिए विधायक से संपर्क करने की कोशिश की गई लेकिन विधायक महोदय का मोबाइल स्विच ऑफ बताया जिसके कारण बातचीत नहीं हो पाया।

## योजनाओं में हेरा-फेरी और रिश्वत लेने को लेकर उपायुक्त से की गई शिकायत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमरिया :** सिमरिया के प्रखंड प्रमुख रोहन साहू ने बीपीओ राजेश पासवान पर मनरेगा योजना में हेरा-फेरी करने और रिश्वत मांगने का आरोप लगाया है। इस बाबत उन्होंने उपायुक्त रमेश घोलप को आवेदन देकर जांच पड़ताल की मांग की है। प्रमुख ने आवेदन की प्रतिलिपि उप विकास आयुक्त चतरा और अनुमंडल पदाधिकारी सिमरिया को भी सौंपी है। प्रमुख का कहना है कि बीपीओ के द्वारा मनरेगा योजना में हेरा-फेरी किया जा रहा है साथ ही बिना पैसा के किसी भी योजना को ऑनलाइन नहीं होने दिया जा रहा है। ऐसे में प्रशासनिक स्वीकृति के बावजूद पंचायत की दर्जनों योजनाएं लटकी हुई है। उन्होंने बताया कि एक वर्ष पूर्व मनरेगा योजना में बिना योजना क्रियान्वित किए तीन खेल मैदान की राशि निकाल ली गई थी जिसकी शिकायत पर प्रखंड पंचायत समिति की कमेटी गठित कर जांच कराई गई थी जिसमें मामला सही पाया गया था। किंतु जांच की सभी रिपोर्ट सौंपने के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं हुई। बीपीओ ने सांठ-गांठ और पैसे का लेनदेन कर मामले को रफा-दफा कर दिया। उन्होंने कहा कि बीपीओ ने सबानो, पगार, पुंडरा, बानासाड़ी आदि पंचायत के दर्जनों योजनाओं को अपने लॉगिन में पैसों के कारण फंसा रखा है। प्रमुख का कहना है कि बीपीओ द्वारा मनरेगा योजना में कहीं जेसीबी मशीन का उपयोग करने तो कहीं आधे अधूरे कार्य कर पैसे के निकासी की शिकायत लगातार मिल रही है। उन्होंने उपयुक्त से मामले की जांच कर सख्त कार्रवाई करने का अनुरोध किया है।

कनेक्शन के नाम पर लोगों से की जा रही है अतिरिक्त राशि की वसूली

## पैसे लेकर महीनों कनेक्शन के लिए लोगों को किया जा रहा है परेशान

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**प्रतापपूर :** एक तरफ बिजली विभाग बिजली बिल नही जमा करने का आरोप उपभोक्ताओं पर लगाती है तथा अपेक्षित राजस्व प्रतापपुर प्रखंड से नही मिलने का रोना रोती है तो वहीं दूसरी तरफ उनके विभाग के हीं कुछ वरदहस्त प्राप्त कर्मचारी भोले भाले गांव के लोगों से धौंस तथा डर दिखा कर कनेक्शन के नाम पर अवैध वसूली करते है तथा एक अदद बिजली कनेक्शन के लिए कई माह चक्कर लगवाते हैं। लोगों का कहना है की हम लोग दोहरी मार सह रहे हैं। अगर बिजली जलाते हैं तो बिजली चोरी के नाम पर मुकदमा तथा भारी जुर्माना का सामना करना पड़ता है और कनेक्शन लेना चाहते हैं तो भी समय पर कनेक्शन नही दिया जाता है। वहीं एक एक कनेक्शन लेने के लिए अतिरिक्त पैसा तो बिजली कर्मचारियों के द्वारा मांगा हीं जाता है कनेक्शन लेने के लिए भी इन लोगों से महीनों अनुनय विनती करना पड़ता है। अर्थात सांप छूछुंदर वाली कहावत चरितार्थ होती है। कहने का मतलब की कनेक्शन भी नही देंगे और झूठा मुकदमा भी करेंगे। ऐसा नही है की इन सब बातों की जानकारी बिजली विभाग के उच्चाधिकारियों को नही है। इन भ्रष्ट कर्मचारियों के कारनामे कई बार अखबार की सुर्खियां बन चुकी हैं तथा इस बारे में उच्चधिकारियों सहित कई जन प्रतिनिधियों तक को बताया गया है परंतु आज तक किसी ने इस पर संज्ञान नही लिया है। गुरुवार को इसी मामले की जांच करने विभाग के सहायक अभियंता हरिमोहन चौधरी प्रतापपुर पहुंचे। सहायक अभियंता के प्रतापपुर सब स्टेशन पहुंचने पर प्रतापपुर कुंदा के दर्जनों उपभोक्ता उनसे मिलने आए तथा शिकायत दर्ज कराया। कुंदा तथा प्रतापपुर के रहने वाले विकास कुमार, भोला साव , उज्ज्वल प्रजापति, राजू सौंडिक, विनय गुप्ता, नीतीश गुप्ता, उमेश गुप्ता, नीरज गुप्ता, दिलीप साव आदि लोगों ने लिखित तथा मौखिक तौर पर पदाधिकारी को बताता की प्रतापपुर पीएसएस में कार्यरत लाइन मैन इंस्पेक्टर ज्योति सिन्हा के द्वारा चार चार महीना पहले दुकान आदि के कनेक्शन के नाम पर हम लोगों से 8500 रुपया प्रत्येक व्यक्ति से लिया गया था तथा बोला गया की एक दो सप्ताह के अंदर कनेक्शन कर दिया जाएगा साथ हीं मीटर भी लगा दिया जाएगा। परंतु कई महीने गुजर जाने के बाद भी न तो मीटर लगाया गया और न ही दुकान का कनेक्शन किया गया है। कनेक्शन के लिए ज्योति सिन्हा से जब भी बोलते हैं तो बोला जाता है की बिजली जलाइए अभी ऑनलाइन वेरिफाई नही हुआ है। तो अप्रूव नही हुआ है इस तरह से टाल मटोल किया जाता है।

## हेमंत सोरेन को जमानत मिलना, न्याय की जीत है : पंकज तिवारी



**लातेहार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखंड प्रदेश कांग्रेस प्रतिनिधि सह लातेहार जिला मीडिया प्रभारी पंकज तिवारी ने एक प्रेस वार्ता के दौरान कहा कि केंद्र में बैठी भाजपा की सरकार ने हेमंत सोरेन को गलत तरीके से जो प्रताड़ित करने का काम किया गया। उसका जबाब झारखंड की जनता आने वाले विधानसभा चुनाव में देगी।आगे उन्होंने कहा कि यह झारखंड वासियों के लिए राहत भरी खबर है झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को हाइकोर्ट से जमानत मिलना। न्यायालय पर पूरा भरोसा था। यह न्याय की जीत हुई।हेमंत सोरेन को कथित लैंडस्केप के नाम पर प्रताड़ित करने का काम किया गया है।झारखंड कि चुनी हुई सरकार को अस्थिर करने का कुप्रयास किया गया, सीएनटी एक्ट में कहीं भी भूमिहर जमीन बेची नहीं जा सकती है जो जमीन बेची नहीं जा सकती ना खरीदी जा सकती है उसके आरोप में हेमंत सोरेन को जेल में डाला गया। न्यायालय ने उन चीजों को देखा। आगामी विधानसभा चुनाव होने वाला है लोकतंत्र में जनता ही सर्वोपरि होता है। जनता के बीच हम लोग जाएंगे और मुझे पूरा विश्वास है कि आगामी होने वाले झारखंड विधानसभा में अन्याय, अहंकार, तानाशाह का अंत होगा। भाजपा को झारखंड की जनता माफ नहीं विधानसभा में साफ कर देगी।

## जनता दरबार में उपायुक्त ने सुनी लोगों की समस्याएं



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी गरिमा सिंह की अध्यक्षता में शुक्रवार को साप्ताहिक जनता दरबार का आयोजन किया गया। जिले के शहरी व ग्रामीण क्षेत्र से आए फरियादियों ने अपनी अपनी समस्याओं को उपायुक्त के समक्ष रखा। उपायुक्त ने क्रमवार तरीके से सभी की शिकायतों को सुनी एवं अश्वासन दिया कि उनके सभी शिकायतों की जल्द से जल्द जाँच कराते हुए शिकायतों का समाधान किया जाएगा। ज्ञात हो की जनता दरबार में कुल 26 आवेदन प्राप्त हुए। जो मुख्य रूप से कूप निर्माण, नियोजन, जमीन रसीद, अबूआ आवास आदि से संबंधित आवेदन आये। जिसे उपायुक्त ने संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को अग्रसारित कर जल्द से जल्द निष्पादित करने का निर्देश दिया गया। उपायुक्त के निर्देशानुसार आमजनों की समस्याओं के समाधान और शिकायत के निष्पादन हेतु प्रत्येक मंगलवार एंव शुक्रवार को समाहरणालय में जनता दरबार का आयोजन किया जाता है।

## प्रखंड कार्यालय सभागार परिसर में संचालित योजनाओं को लेकर समीक्षा बैठक की गई



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बारियातू :** प्रखण्ड कार्यालय सभागार परिसर मे बीडीओ सह सीओ नन्द कुमार राम की अध्यक्षता मे संचालित योजनाओं को लेकर समीक्षा बैठक की गई। समीक्षा बैठक मे मनरेगा सें जुड़े हुए योजना सहित लाभुक को वित्तीय वर्ष 2024-25 मे बिरसा मुंडा आम भगवानी स्वीकृत किए हैं उन्हें एक सप्ताह के अंदर गड्ढा खुदाई करवाने कार्य को पूर्ण करने का निर्देश दिया। तथा पंचायत मे चल रहे सिचाई कूप निर्माण का कार्य को खुदाई कर बारिश के पूर्व कूप बंधाई का कार्य जल्द सें जल्द पूर्ण करें। और वित्तीय वर्ष 2023-24 पशुधन योजना सेड को अंदर बाहर कार्य को पूर्ण करने की बात कही .मौके पर प्रखण्ड कार्यक्रम पाधिकारी केतन गुप्ता, पंचयात सेवक चन्दन कुमार, पंचायत सेवक शेराफेनुस खलखो , रोजगार सेवक सुरेन्द्र यादव, रवि यादव, अरविन्द ठाकुर, रामलखन यादव, रानी कुमारी, प्रकाश कुमार सहित अंचल एवं प्रखण्ड कर्मी उपस्थित थे।

## कस्तुरबा आवासीय विद्यालय में पानी का हाहाकार, टैंकर से पानी लाकर होता है गुजारा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**प्रतापपुर :** मुख्यालय स्थित कस्तुरबा गांधी आवासीय विद्यालय में डीप बोरिंग सुख जाने से पानी के लिए छात्राओं के बीच हाहाकार मजा हुआ है, तथा विद्यालय में पानी के लिए काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। पानी की किल्लत को देखते हुए कस्तुरबा गांधी आवासीय विद्यालय में अब टैंकर से पानी मंगवाया जाता है, टैंकर से पानी आने के बाद ही छात्राऐं नहाती-धोती हैं। साथ ही पानी आते ही शोर मच जाता है तथा बच्चियां पानी के लिए कतार मे लग जाते है। प्रखंड में बढ़ती धूप व गर्मी के कारण कस्तुरबा विद्यालय में छ: डीप बोरिंग है ।लेकिन सभी का जल स्तर काफी नीचे चला गया है। जिससे सभी बोरिंग सूख गया है,तथा वोरिंग फेल कर पानी नही दे रहा है, जिसके वजह से कस्तुरबा विद्यालय में पानी की किल्लत हो गई है। पानी की किल्लत से बच्चियो को समय पर नहाने व साफ-सफाई नही कर पाती हैं। वही पानी पीने समेत कई तरह की परेशानी होती है। सुबह उठते ही बच्चियां पहले पानी के टैंकर का इंतेजार करती है तथा कतार में खड़ी होकर पानी भरती है, तब अन्य काम करती है। प्रतिदिन दो से तीन टैंकर पानी आता है तब जाकर बच्चियो को पानी की समस्या का हल होता है।

## झामुमो कार्यकर्ताओ ने पुर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को जमानत मिलने पर मनाया जश्न



**बारियातु(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड मुख्यालय स्थित झामुमो कार्यालय मे पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का उच्च न्यायालय से जमानत मिलने पर झामुमो कार्यकर्ताओ ने एक दूसरे को मिठाइयां खिलाकर खुशी का इजहार किया, जश्न मनाया, इस अवसर पर कार्यकर्ताओं ने जमकर आतिश बाजी की. मौके पर बीससुत्री अध्यक्ष सह झामुमो प्रखंड अध्यक्ष राजेंद्र गंझू, उपाध्याय भुनेश्वर, यादव सचिव अनिल तुरी, संगठन सचिव गौरी शंकर, मंगर गंझु, अनुप उरांव, दिगम्बर टाना भगत रा.सा.प्रतिनिधि रिगन कुमार, जगदिश गंझु, राजदेव उरांव युगेश यादव संतोष यादव सहित भारी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## सड़क दुर्घटना में एक की मौत

**महुआडांड़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड अंतर्गत दिन शुक्रवार को अक्सि पंचायत के चेतमा मोड़ के पास सड़क दुर्घटना में संजू खेरवार उम्र 30 वर्ष की मौत हो गई ।संजू खेरवार महुआडांड़ के नगर प्रताप पुर का निवासी है जो की आज अपनी बहन को राम सैली पहुंचा का वापस लौट रहे थे इसी बीच में अचानक गाय को बचाने में दुर्घटना हुई जो की उनकी मौत हो गई ।वही सूचना के बाद परिजन घटना स्थल में पहुंच के गय थे। खबर का सूचना मिलने के बाद अकसी पंचायत के मुखिया रोजलिया टोप्पो एवम थाना प्रभारी अवनीश कुमार दल बल के साथ घटना स्थल में पहुंच कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए लातेहार भेज दिया गया। परिजन का रो रो के बुरा हाल है।

## आगामी कार्यक्रम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात को लेकर कार्यक्रम आयोजित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** एक पेड़ मां के नाम को लेकर वृक्षारोपण कर बुधवार को भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय लातेहार से शुभारंभ किया गया। 30 जून 2024 रविवार को शक्ति केंद्र के प्रत्येक बूथ में मन की बात एवं 06 जुलाई 2024 तक एक पेड़ मां के नाम लगाने को लेकर बुथ स्तर पर आयोजित हेतु भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय लातेहार में ग्रामीण मंडल लातेहार में मण्डल कार्यसमिति की बैठक मंडल अध्यक्ष प्रमोद कुमार के अध्यक्षता में एवं मंच संचालन अवधेश चंद्रवंशी के द्वारा किया गया।मंडल अध्यक्ष कुमार ने उक्त कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि जिस तरह पर्यावरण दूषित होते जा रहा है सब पेड़ पौधा का तेजी से कटाई का नतीजा है इसलिए हर व्यक्ति्त का कर्तव्य है की कम से कम एक पेड़ जरुर लगाएं एवं धन्यवाद ज्ञापन युवा मोर्चा के मंडल अध्यक्ष रविंद्र सिंह के द्वारा किया गया। उक्त कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला उपाध्यक्ष राकेश कुमार दुबे जिला महामंत्री बंसी यादव मंडल के प्रभारी संतोष यादव युवा मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य मुकेश कुमार पांडे प्रखंड प्रमुख परशुराम लोहरा आनंद सिंह मनोज प्रसाद हरिओम प्रसाद पिंटू कुमार रजक एससी मोर्चा जिला महामंत्री पवन गुप्ता नेपाल यादव सत्येंद्र यादव भुनेश्वर सिंह भगवत सिंह बलराम सिंह मोहन सिंह पप्पू नायक केदार यादव बसंत प्रसाद दिलेश्वर साहू ब्रजकिशोर सिंह ईश्वर चंद्र महतो एवं तमाम ग्रामीण मंडल के पदाधिकारी एवं सभी शक्तिकेंद्र के संयोजक सह संयोजक कार्यकर्ता बंधु उपस्थित थे।

## पंचायत समिति की समीक्षा बैठक में मिले कई निर्देश



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरवाडीह :** प्रखंड कार्यालय सभागार में शुक्रवार को पंचायत समिति सदस्य की समीक्षा बैठक की गई जिसकी अध्यक्षता प्रखंड प्रमुख सुशीला देवी ने की। बैठक में कई विभाग के अधिकारी मौजूद थे। बैठक में उपस्थित समिति के सदस्यों ने मनरेगा, अबुआ आवास, स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग, विद्युत विभाग, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग सहित अन्य विभागों का विभागवार समीक्षा बैठक की कार्यवाही किया जिसमें सबसे पहले सदन द्वारा बिजली विभाग के सहायक अभियंता की अनुपस्थिति पर नाराजगी जताई गई। वहीं बिजली विभाग के प्रतिनिधि द्वारा पूर्व प्रस्तावित मुद्दे पर कोई ठोस जवाब नहीं देने और लापरवाही बरतने पर सदन द्वारा कार्यवाही करते जिले के उपायुक्त गरिमा सिंह को पत्राचार करने का प्रस्ताव लाया गया। उप प्रमुख बीरेंद्र जयसवाल ने अबुआ आवास में घोर अनियमितता बरते जाने का मामला उठाया साथ ही शिक्षा विभाग से विद्यालय विकास फंड व माता समिति फंड, पोशाक वितरण, बर्तन क्रय से संबंधित जानकारी उपलब्ध कराने का निर्देशित किया है। वहीं मनरेगा विभाग की समीक्षा करते प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी त्रिवेणी राम से 2022/23/24 का मनरेगा प्रशासनिक व्यय का ब्यौरा उपलब्ध कराने को कहा है।इस दौरान स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा में बताया गया कि छिपादोहर स्वास्थ्य उपकेंद्र में चिकित्सक की प्रतिनियुक्ति कर दी गई है। वहीं अन्य विभागों की बारी बारी से समीक्षा किया गया। बैठक में प्रखंड विकास पदाधिकारी रेशमा रेखा मिंज, अंचलाधिकारी मनोज कुमार, पंचायती राज प्रखंड समन्वयक मंजीत सिंह, जीपीएस विजय शंकर राम, बीआरसी मनोहर यादव, पीएचईडी सहायक अभियंता प्रशांत पांडेय, चिकित्सा पदाधिकारी जयंत लकड़ा,पंसस प्रवीण कुमार दिलीप कुमार सिंह, सहायक अभियंता सुधीर कुमार समेत दर्जनों लोग मौजूद रहे।

## उच्च विद्यालय गणेशपुर में नामांकन के नाम पर 500 प्रत्येक बच्चे से की जा रही है वसूली

**बालूमाथ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र के गणेशपुर उच्च विद्यालय में इन दिनों बच्चों से नामांकन के नाम पर 500 की अवैध वसूली धड़ल्ले से की जा रही है। छात्रा कविता कुमारी ने आरोप लगाते हुए कहा कि मैं मध्य विद्यालय ओकिया से आठवीं कक्षा उत्तीर्ण होकर नवम वर्ग में नामांकन के लिए उच्च विद्यालय गणेशपुर गई थी वहां के प्रधानाध्यापक रविंद्र कुमार द्वारा यह कहा गया की 500 रुपये नामांकन का लगेगा तब तुम्हारा नामांकन कर पाएंगे। कबिता ने प्रधानाध्यापक से कहा कि मेरे पिताजी बाहर मजदूरी करने गए हैं मेरे पास पैसा नहीं है। और मैं बार-बार गिड़गिड़ाती रही। लेकिन प्रधानाध्यापक ने मेरा नामांकन नहीं किया। तब मेरी मां ने घर में रखे अनाज को बेचकर मुझे पैसा दी। तब जाकर मेरा नामांकन हुआ। वहीं अवैध उगाही की सूचना पाकर जब मीडिया के टीम विद्यालय पहुंचा तो वहां देखा कि विद्यालय के बच्चे पढ़ाई के जगह झाड़ू लगा रहे हैं ।एवं अधिकांश बच्चे बाहर खेलते हुए नजर आए। विद्यालय की रसोइया गैस के जगह कोयला से खाना बना रही थी ।वही बच्चों को दी जाने वाली मध्याहन भोजन बिल्कुल ही निम्न स्तर व घटिया खाना बनाया गया था। इस संबंध में प्रधानाध्यापक रविंद्र कुमार से पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि हमे प्रधानाध्यपक के पद से हटाए जाने की साजिश है हम किसी से नामांकन का पैसा नही लिए है वही मध्यान भोजन समेत विद्यालय में बहुत सारी अनियमिता के बारे में पूछे जाने पर उनके द्वारा कहा गया कि मैं ना तो डीसी से डरता हूं नहीं कोई पदाधिकारी से आप लोगों को जहां जाना है आप लोग जा सकते हैं। वही खाना बनाने वाली रसोइया ने कहा कि विद्यालय में शिक्षक द्वारा गैस नहीं लाया जाता है इसलिए मगध कोलियरी से की गई चोरी का कोयला को खरीद कर हम लोग खाना बनाते हैं। वही इस संबंध में जिला शिक्षा पदाधिकारी प्रिंस कुमार से पूछे जाने पर उन्होंने कहा मामले की जांच कर कार्यवाही की जाएगी।

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com


## भ्रष्टाचार के खिलाफ टाटीझरिया जिप सदस्य रामप्रसाद उर्फ कंपनी करेंगे साइकिल यात्रा



प्रभात मंत्र संवाददाता

**टाटीझरिया ।** झारखंड में व्याप्त भ्रष्टाचार के खिलाफ टाटीझरिया के जिला परिषद सदस्य रामप्रसाद उर्फ कंपनी अपने पैतृक निवास स्थान झरपो से दिल्ली स्थित प्रधानमंत्री आवास तक साइकिल द्वारा यात्रा कर नरेंद्र मोदी से मुलाकात कर झारखंड मे व्याप्त भ्रस्टाचार पर अंकुश लगाने की मांग करेंगे. इस हेतू उन्होंने रांची पुलिस महानिरीक्षक को पत्रांक संख्या 46 के तहत लिखित आवेदन देकर सुरक्षा की मांग की है ।उन्होंने लिखित आवेदन में कहा है की झारखंड में व्याप्त भ्रष्टाचार को अंकुश लगाने को लेकर वे झरपो स्थित अपने पैतृक निवास से 30 जून 2024 को सुबह 6 बजे साइकिल से यात्रा कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से झारखंड में व्याप्त भ्रष्टाचार के खिलाफ अपना ज्ञापन सौंप कर वापस अपने पैतृक निवास आने तक उन्हें भय व्याप्त है । उन्होंने अपने आवेदन मे अपने पूरे कार्यक्रम की जानकारी देकर सुरक्षा कि मांग की है। वही जीप सदस्य ने कहा की उन्हे रांची पुलिस महानिरीक्षक द्वारा आश्वासन दिया गया है की उनकी सुरक्षा कि व्यवस्था की जाएगी।उक्त बातों कि जानकारी जिला परिषद सदस्य के पुत्र शंकर कुमार ने दी ।

# पुर्व सीएम हेमंत सोरेन को जमानत मिलने पर झामुमो कार्यकर्ताओं ने मनाई खुशी



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बरही :** पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को जमानत मिलने पर झारखंड मुक्ति मोर्चा के बरही विधानसभा प्रभारी विनोद विश्वकर्मा ने प्रसन्नता व्यक्त की और बधाई दिया। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया और इसे न्याय की जीत बताया। इस मौके पर श्री विश्वकर्मा ने कहा कि न्यायपालिका पर अभी भी जनता का भरोसा कायम है। साजिश कितनी भी गहरी हो न्यायपालिका दूध का दूध पानी का पानी कर देती है। हेमंत सोरेन को ईडी ने कथित भूमि घोटाले से जुड़े धन संशोधन झूठे मामले में फंसा कर जेल भेजा गया और झारखंड में सरकार गिराने और लोकसभा चुनाव को प्रभावित करने की कोशिश केंद्र सरकार के जरिये की गयी थी, लेकिन महागठबंधन की एकजुट से सरकार स्थिर रही और जनता ने अपना फैसला लोकसभा चुनाव में भाजपा के खिलाफ सुना दिया। जांच एजेंसी के जरिये केंद्र के इशारे पर जमानत नहीं होने देने की पूरी कोशिश की गयी, लेकिन न्यायालय द्वारा उन्हें जमानत की सुविधा प्रदान की गयी और हमें पूरा भरोसा है कि वह आगे दोष मुक्त भी होंगे। उन्होंने कहा कि इस फैसला का झारखंड में बड़ा प्रभाव पड़ेगा, झामुमो कार्यकर्ताओं को नई ऊर्जा मिलेगी और इंडी गठबंधन और अधिक मजबूती से आगामी विधानसभा चुनाव लड़ेगा। मौके पर बरही झामुमो विस विनोद विश्वकर्मा, संजय रविदास, मनोज केशरी, जगदीश सिंह, सुभाष मद्धेशिया, विनोद केशरी, राजेंद्र मद्धेशिया, मो इसराफिल, मो जमशेद, रूपलाल राणा, संजय मद्धेशिया आदि उपस्थित थे।

## कांग्रेस कार्यालय में मनाई गई पूर्व प्रधानमंत्री पी वी नरसिम्हा राव की 103वी जयंती




प्रभात मंत्र संवाददाता

**हजारीबाग :** पूर्व प्रधानमंत्री पी वी नरसिम्हा राव की 103 वी जयंती हजारीबाग ज़िला कांग्रेस के अध्यक्ष शैलेन्द्र कुमार यादव के अध्यक्षता में कृष्ण बल्लभ आश्रम कांग्रेस कार्यलय में कांग्रेसजन के उपस्थित में श्रद्धा सुमन, श्रद्धा फूल माला चढ़ाया गया और गगनभेदी नारों से वातावरण गूंज उठा और इस अवसर पर कांग्रेस ज़िला अध्यक्ष शैलेन्द्र कुमार यादव ने कहा नरसिम्हा राव लगातार आठ बार चुनाव जीते और कांग्रेस पार्टी में 50 साल से ज्यादा समय गुजारने के बाद भारत के प्रधानमंत्री बने। राव को भारत की राजनीति का चाणक्य कहा जाता है। वे भारत में आर्थिक उदारीकरण के जनक माने जाते हैं।केंद्र सरकार ने देश के पूर्व प्रधानमंत्री नरसिम्हा राव को मरणोपरांत देश का सर्वोच्च सम्मान भारत रत्न देने का एलान किया है। इस अवसर पर महानगर अध्यक्ष मनोज नारायण भगत, प्रदेश सचिव बिनोद सिंह, जिला उपाध्यक्ष सह प्रवक्ता निसार खान, अजय गुप्ता, गोविंद राम,कजरु साव, दिलीप कुमार रवि, बिजय सिंह ,सदरूल होदा, अनिल कुमार भुईया, दिलदार अंसारी, मुस्ताक अंसारी, अमृतेष रंजन, अमर सिंह यादव, सैयद अशरफ अली, कौशल कुमार सिंह आदि उपस्थित थे ।

## सुब्रतो कप अंडर 15 में खिलाड़ियों ने मचाई धूम




प्रभात मंत्र संवाददाता

**हजारीबाग :** जिला स्तरीय 63वीं सुब्रतो मुखर्जी फुटबॉल प्रतियोगिता 2024-25 का आज दूसरा दिन भी रोमांच से भरा रहा । खेल को अनुशासित ढंग से रोमांचकारी बनाने में शारीरिक शिक्षा शिक्षकों की भूमिका महत्वपूर्ण रही। आज अंडर 15 आयु वर्ग में बालक खिलाड़ियों का धूम रहा। आज उमस भरी मौसम में भी बच्चों का उत्साह देखने लायक था। आज की शुरुआती मैच विष्णुगढ़ एवं कटकमसांडी के साथ हुआ जिसमें पेनाल्टी शूटआउट द्वारा कटकमसांडी 2-3 से विजयी रहा। दारू एवं टाटीझरिया में दारू 2-0 से,तीसरा मैच बरही एवं इचाक से था जिसमे बरही के अनुपस्थिति के कारण इचाक को अगले राउंड के लिए क्वालीफाई किया। पदमा एवं चौपारण की टीम ओवर एज के कारण डिसक्वालिफाई कर दिया गया। बड़कागांव एवं केरेडारी में बड़कागांव 3-0 से, चुरचू एवं कटकमदाग में चुरचू 4-0 से, डाडी बरकट्ठा में डाडी 2-0 से, सदर चालकुशा में सदर 2-0 से विजयी होकर क्वार्टरफाइनल हेतु क्वालीफाई किया। दूसरे राउंड के खेल में बड़कागांव चुरचू में बड़कागांव 2-0 से, डाडी सदर में डाडी 2-1 से एवं ,कटकमसांडी एवं दारू में पेनाल्टी शूटआउट द्वारा कटकमसांडी 1 -0 विजयी होकर फाइनल हेतु स्थान बनाया । बड़कागांव एवं दारू तीसरे स्थान हेतु खेलेंगे। कार्यक्रम को सफल बनाने में हजारीबाग थेलेटिक एसोसिएशन ,जिले के शारीरिक शिक्षा शिक्षक, एवं बीआरपी,सीआरपी का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## अदाणी फॉउंडेशन ने टीबी के गोद लिए 80 नए मरीजों को प्रदान किया पोषण किट



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बड़कागांव :** गोंदलपुरा खनन परियोजना के तहत अदाणी फॉउंडेशन ने तीसरे चरण के तहत गोद लिए 80 टीबी मरीजों के बीच शुक्रवार को निःशुल्क पोषण किट वितरित किया। बड़कागांव स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में आयोजित इस कार्यक्रम के दौरान अदाणी फाउंडेशन की ओर से वितरित किए गए प्रत्येक किट में च्वयनप्राश, अरहर दाल, चना, गुड़, हरा मूंग, सरसों तेल और हॉर्लिक्स जैसी आहार सामग्रियां शामिल हैं। 'प्रधानमंत्री निक्षय पोषण योजना' के तहत अगले छः महीने के ईलाज के दौरान रोगियों को हर माह पोषक आहार प्रदान किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान मौजूद लोगों ने देश को टीबी मुक्त बनाने की भी शपथ ली। सबने एक स्वर में कहा कि अपने मोहल्ले, गांव और शहर को टीबी मुक्त बनाना है। इस अवसर पर बड़कागांव के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ अविनाश कुमार ने कहा, अदाणी फॉउंडेशन टीबी उन्मूलन के क्षेत्र में लगातार उत्कृष्ठ कार्य कर रहा है जो प्रशंसनीय और प्रेरक है। अदाणी फॉउंडेशन द्वारा निःशुल्क एम्बुलेंस भी प्रदान किया गया है, जिससे ग्रामीणों को काफी लाभ मिल रहा है। हजारीबाग क्षेत्र के मरीजों के लिए आपात परिस्थिति में यह एम्बुलेंस सुविधा त्वरित रूप में उपलब्ध है। यह तीसरा चरण है, जिससे बहुत सहायता मिली है। ब्लॉक प्रोग्राम मैनेजर नवीन कुमार ने बताया, अदाणी फॉउंडेशन की ओर से अब तक 130 टीबी के मरीजों को गोद लिया जा चुका है, जो अब स्वस्थ हो चुके हैं। वहीं तीसरे चरण के तहत अब 80 मरीजों को लगातार छह महीने तक पोषण आहार प्रदान किए जाएंगे। टीबी के ईलाज में अदाणी फॉउंडेशन द्वारा किए जा रहे प्रयासों से मरीजों को निःशुल्क पोषण आहार का लाभ मिल रहा है। यह नेक पहल प्रशंसनीय है।

**लाइलाज नहीं है टीबी की बीमारी, समय पर करवाएं उपचार :** कार्यक्रम के दौरान चिकित्सा अधिकारियों ने मरीजों को बताया कि पोषण किट के आहारों की गुणवत्ता और मात्रा बढ़ाई गयी है। मरीजों से कहा गया कि दवा के अतिरिक्त जो पोषण आहार उन्हें मिल रहे हैं उनका नियमित रूप से सेवन किया जाना चाहिए ताकि जल्द से जल्द टीबी को ठीक किया जा सके। अदाणी फॉउंडेशन के इस प्रयास से टीबी के मरीजों की संख्या में कमी आएगी और टीबी लाइलाज बीमारी नहीं है। इसका समय पर उपचार करवा लिया जाए तो इससे हमेशा के लिए इससे छुटकारा मिल सकता है। इस अवसर पर टीबी विभाग के ट्रेनिंग सुपरवाइजर दीपक कुमार, सीएसआर विभाग के उप प्रबंधक मोहित गुप्ता, एग्जीक्यूटिव अधिकारी शरद मिश्रा और तारकेश्वर कुमार शर्मा आदि मौजूद थे।

## आजसू पार्टी का प्रखंड कार्यालयों में व्याप्त भ्रष्टाचार के खिलाफ एकदिवसीय धरना, 12 सूत्री माँगपत्र राज्यपाल को सौंपा



प्रभात मंत्र संवाददाता

**विष्णुगढ़ :** राज्य में फैले भ्रष्टाचार और प्रशासनिक उदासीनता के खिलाफ आजसू पार्टी के प्रखंडवार कार्यक्रमानुसार आजसू पार्टी के केंद्रीय महासचिव सह माण्डू विधानसभा प्रभारी तिवारी महतो के नेतृत्व में प्रखण्ड मुख्यालय धरना परिसर में एकदिवसीय धरना कर प्रखण्ड कार्यालय एवं अंचल कार्यालय में व्याप्त भ्रष्टाचार के खिलाफ हल्ला बोल किया गया।एक दिवसीय धरना कार्यक्रम विष्णुगढ़ आजसू पार्टी के अध्यक्ष अजय कुमार मंडल ने की तथा संचालन वरिष्ठ आजसू पार्टी कार्यकर्ता बिनोद बिहारी महतो ने किया। एकदिवसीय धरने को सम्बोधित करते हुए तिवारी महतो ने कहा कि कुव्यवस्था का यह आलम है कि सरकारी कर्मी समय पर तो कार्यालय आते ही नही,प्रखण्ड कार्यालय और अंचल कार्यालय तो लूट का अड्डा बन गया है,मनरेगा कार्य,म्यूटेशन का कार्य एवं अन्य विकास के कार्यो पर इनके द्वारा लाभुकों से तय कमीशन वसूली जा रही है। सरकारी जमीन एवं गैरमजरूआ जमीन की लूट खसोट में सरकारी अधिकारी बराबर के हिस्सेदार है।इन कामो को झारखण्ड सरकार रोकने में पूरी तरह असफल है। इसके पूर्व एनडीए के शासनकाल मे बिजली प्रखंडवासियो को निर्बाध मिलती थी,अब ये हाल है,की बिजली रानी कब आयेगी घण्टो इंतजार में बीत जाते है। अबुआ आवास में भी लूट चरम पर है। विष्णुगढ़ को पूर्ण अनुमंडल का दर्जा जब तक नही मिलता आजसू पार्टी आंदोलन की धार को और तेज करेगी। वर्तमान विधायक ने इन सब समस्याओं पर कभी गौर नही किया,उनको जनता से कोई लेना-देना नही है,बस अपनी रोटी सेकने के लिए कभी इस दल में तो कभी उस दल में जनता इस बार भलीभाँति समझ चुकी इस बार गलती नही दुहरायेगी यह पूरा विश्वास है।धरना समाप्ति के पूर्व तिवारी महतो एवं आजसू कार्यकर्ताओं ने 12 सूत्री माँगपत्र महामहिम राज्यपाल को सीओ के माध्यम से सौंपा। इस मौके पर मुख्य रूप से रंजीत गुप्ता, महादेव देहाती, लिलो महतो, दिपु अकेला, गौतम वर्मा, सतीश कुमार,हितेंद्र पटेल राजकुमार सिंह, दामोदर महतो रवि कुमार, लकी कुमार, टेकलाल यादव, जय नारायण महतो, सुधीर कुमार, चुनिया देवी, अनिता देवी, सोनी देवी, संगीता देवी, सुरेश कुशवाहा, विकास महतो, गोविंद महतो, धीरज साव दिवाकर दिव्यदर्शी, राज यादव, राजेश साव, जागेश्वर महतो, समेत सैकड़ो की संख्या में कार्यकर्ता एवं आम- जन मौजूद थे ।

## भारत सरकार के राष्ट्रीय प्रतिदर्श सर्वेक्षण कार्यालय हजारीबाग के द्वारा स्वच्छता पखवाड़ा 16 से 30 जून तक होगी आयोजित




प्रभात मंत्र संवाददाता

**हजारीबाग :** भारत सरकार के राष्ट्रीय प्रतिदर्श सर्वेक्षण कार्यालय (एन.एस.एस.ओ.) क्षे0सं0प्र0, उप क्षेत्रीय कार्यालय हजारीबाग के द्वारा स्वच्छता पखवाड़ा का आयोजन किया गया। यह पखवाड़ा 16 से 30 जून 2024 तक आयोजित किया जाएगा। इसके अंतर्गत 16 जून से ही कार्यालय परिसर में साफ सफाई का अभियान चलाया जा रहा है। आज 28 जून को स्थानीय सी.एम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस, गर्ल्स (राजकीय कन्या उच्च विद्यालय), हजारीबाग के परिसर में स्वच्छता जागरूकता सह पौधारोपण कार्यक्रम के अतिरिक्त भाषण प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर जिला शिक्षा पदाधिकारी प्रवीण रंजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत में सर्वप्रथम एन.एस.एस.ओ. हजारीबाग के कर्मियों द्वारा रैली निकालकर विद्यालय परिसर में प्रवेश किया गया एवं परिसर की साफ सफाई की। इसके उपरांत विद्यालय के सभी छात्र-छात्राओं एवं उपस्थित सभी लोगों को एन.एस.एस.ओ. हजारीबाग के वरिष्ठ सांख्यिकीय अधिकारी सह कार्यालय प्रभारी सूरज कुमार ने स्वच्छता का शपथ दिलाया। तत्पश्चात् मुख्य अतिथि हजारीबाग के जिला शिक्षा पदाधिकारी, एनएसएसओ के प्रभारी सूरज कुमार, वरिष्ठ सांख्यिकीय अधिकारी के.वी शेखर, जयदेव कुमार एवं विद्यालय की प्राचार्या सुजाता केरकेट्टा के द्वारा दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम को आगे बढ़ाया गया। स्वागत गान विद्यालय की बालिकाओं ने प्रस्तुत किया। मौके पर एनएसएसओ के प्रभारी सूरज कुमार के द्वारा उनके विभाग की ओर से सभी अतिथियों, शिक्षकों एवं विद्यार्थियों को एनएसएसओ द्वारा किए जाने वाले कार्यों को विस्तार से बताया। जिला शिक्षा पदाधिकारी ने बच्चों को ग्लोबल वार्मिंग, ग्लेशियर, तापमान का उत्तरोत्तर बढ़ने के कारण एवं निवारण पर प्रकाश डाला। इसके पश्चात् अतिथियों, शिक्षकों एवं विद्यालय के छात्र-छात्राओं के सहयोग से एन. एस. एस. ओ. हजारीबाग के कर्मियों एवं मुख्य अतिथियों एवं प्राचार्या द्वारा विद्यालय परिसर में पौधारोपण किया गया। इस अभियान के तहत विद्यालय के हॉल में कचरा प्रबंधन एवं निस्तारण विषय पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान लक्ष्मी कुमारी, द्वितीय स्थान अंशिका एवं तृतीय स्थान सुप्रिया कुमारी को प्राप्त हुआ। उन्हें मोमेंटो एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। फिर स्वच्छता की रैली निकालकर साफ सफाई के प्रति लोगो को जागरूक किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के सभी शिक्षक शिक्षिकाओं एवं अन्य सभी स्टाफ एवं विद्यार्थियों की अहम भूमिका रही।

## हज यात्रा से लौटने पर हाजियों का गाँव वालों ने किया स्वागत



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बड़कागांव :** मक्का मदीना की 45 दिनों की पवित्र हज यात्रा कर लौटे हाजियों की वापसी पर ग्रामवासियों ने सभी हाजियों का स्वागत कर उनको हजयात्रा की बधाई दी। घर वापसी पर परिजनों व सगे संबंधियों ने सभी का स्वागत किया। इस दौरान लोगों ने हाजियों से गले मिल कर दुआएं की। प्रखंड के डाड़ी कलां गांव के 34 वर्षीय नदीम इकबाल, उनकी मां रुखसन आरा, एवं मोहम्मद शफीक हज यात्रा पूरा कर घर लौटने पर परिजनों में खुशी का माहौल है। इस संबंध में मौलाना हशमत अली ने कहा कि इस्लाम के पांच स्तंभ में से एक स्तंभ हज है। उन्होंने कहा कि कुरान बताता है कि जिसने हज किया उस इंसान के सारे पिछले गुनाह माफ हो जाते हैं। इस अवसर सरपरस्त रफीक हुसैन, सदर मोहम्मद रियासत हसन, सेक्रेटरी मो0 रब्बानी, नाइब सदर मोहम्मद अयूब, मौलाना मोजफ्फर ईकबल, बेलाल हुसैन, फरीद, करामत अली, पंचायत समिति सदस्य फयूम अंसारी, रफाकत हुसैन, मोहम्मद महफूज, मोहम्मद बेलाल, संजर आलम, मोहम्मद मस्कूर, मोहम्मद अयूब, मोहम्मद मतलूब, मोहम्मद शरीफ, ताज मोहम्मद, जावेद अख्तर सहित दर्जनों लोग उपस्थित थे।

## ज़ेवर दुकानो मे हो रही चोरी, डकैती व ठगी से व्यवसायी भयभीत : रंजीत सोनी



**हजारीबाग :** शहर के जाने माने स्वर्ण व्यवसायी व स्वर्णकार संघ के सक्रिय सदस्य रंजीत सोनी ने शहर के जेवर दुकानो मे लगातार हो रही चोरी,डकैती व ठगी के मामलों से चिंता जताई है। उन्होंने कहा की हजारीबाग के ज़ेवर व्यवसाय अब स्वतंत्र रूप से अपने व्यापार करने मे डर रहे हैं. हर दिन कोई ना कोई दुकानदार चोरी, ठगी या डकैती का शिकार हो रहे हैं. इस मुद्दे पर स्वर्णकार संघ पुलिस अधीक्षक से मिलकर कई बार शिकायतें भी की है मगर पुलिस के द्वारा बहुत धीमी स्तर से कार्रवाई होने पर स्वर्णकार व्यवसाय संतुष्ट नहीं है। उन्होंने जिला प्रशासन से इस पर रोक लगाने कि मांग की है साथ ही पुलिस अधीक्षक से दोषियों की शीघ्र गिरफ्तारी करते हुए कड़ी से कड़ी सजा दिलाने कि बातें कही है.

## कर्जन स्टेडियम में दो दिवसीय डिस्ट्रिक्ट राइफल शूटिंग प्रतियोगिता आज

**हजारीबाग :** हजारीबाग डिस्ट्रिक्ट राइफल एसोसिएशन के तत्वाधान में दो दिवसीय डिस्ट्रिक्ट राइफल शूटिंग प्रतियोगता का शुभारंभ शनिवार को हो रहा है। मुख्य अतिथि के तौर पर राज्य के डीजीपी अजय कुमार सिंह मौजूद रहेंगे। वहीं विशिष्ट अतिथियों में डीआइजी सुनील भास्कर, डीसी नैंसी सहाय, एसपी हजारीबाग अरविंद कुमार सिंह, एसपी चतरा विकास कुमार पांडेय, एसडीपीओ सदर सुभाशीष, एसडीओ सदर शैलेश कुमार, जिला खेल पदाधिकारी समेत अन्य मौजूद रहेंगे। एसोसिएशन के अध्यक्ष राकेश रंजन और सचिव निलेन्दु जयपुरियार ने कहा कि इस आयोजन को लेकर सारी तैयारियां पूर्ण कर ली गयी है। करीब 200 प्रतिभागी इसमें भाग लेंगे। श्री रंजन और श्री जयपुरियार के मुताबिक इस प्रतियोगिता में तीन इवेंट्स होंगे जिनमें 10 मीटर एयर पिस्टल, 10 मीटर एयर राइफल और 10 मीटर ओपन साइट राइफल शामिल हैं। वहीं इस आयोजन में कोच की भूमिका निभा रहे राहुल कुमार और आकाश शूटिंग क्लब के संदीप कुमार कहते हैं कि हजारीबाग में काफी प्रतिभावान खिलाड़ी हैं, जिन्हें बस उचित गाइडेंस और मौके की जरूरत है। कहा कि उनकी कोशिश है कि इस जिले के अधिक से अधिक लोग अब नेशनल शूटिंग प्रतियोगिता में पहुंचे, जिसके लिए वे लगातार प्रयास कर रहे हैं और इसमें डिस्ट्रिक्ट राइफल एसोसिएशन बड़ा माध्यम बन गया है। उक्त जानकारी एसोसिएशन के मीडिया प्रभारी विश्वेन्द जयपुरियार ने दी।

## समाजसेवी नकुल महतो ने सीकरी पंचायत में नया चापाकल लगाया



**बड़कागांव :** प्रखंड अंतर्गत सीकरी पंचायत स्थित पार नदी गांव में समाजसेवी नकुल महतो के द्वारा बोरिंग कर नया चापाकल लगाया गया। 1992 से लोग गर्मियों में पेयजल की समस्या से लोग जूझ रहे थे। स्थिति को देखते हुए चापाकल का निर्माण कराया गया। इसका उद्घाटन नकुल महतो ने किया। मौके पर नकुल महतो ने कहा कि प्रखंड में जहां भी पेयजल की समस्या हो मुझे जानकारी दें मैं वहां चापाकल लगवा कर लोगों की समस्याओं को दूर करने का प्रयास करूंगा। रमेश महतो ने बताया कि 1992 से सीकरी पार नदी के पास गर्मी के दिन में पानी की काफी समस्या हो रही थी। गांव में कुल 40 घर हैं जिसमें 15 से 20 घर लोगों को पाने की सुविधा से वंचित होना पड़ रहा था। वहीं महिलाओं ने कहा कि नये चापाकल लग जाने से अब हम लोगों को पाने की समस्या से छुटकारा मिल गया है काफी दूर से पानी लाना पड़ता था। मौके पर उपस्थित लोगों में मुख्य रूप से रमेश कुमार, रीता कुमारी, जिलेबिया देवी, देवंती देवी, पार्वती देवी, चिलीया देवी, विनीता देवी, शकुन देवी, सालको देवी, शुभासो देवी, सविता देवी, सुभासो कुमारी, मूर्ति देवी, सावित्री देवी, सीमा देवी, डसनी देवी के अलावा अन्य कई लोग उपस्थित थे।

## उपायुक्त के निर्देश पर अवैध बालू उठाव व परिचालन पर प्रखंड प्रशासन हुआ सक्रीय



**हजारीबाग :** उपायुक्त नैंसी सहाय के निर्देश पर सभी प्रखंडों में अवैध बालू के परिचालन के खिलाफ अभियान में तेज कर दिए गए है। बालू माफियाओं के द्वारा अवैध रूप बालू उठाव व इसके परिचालन की सूचना जिला प्रशासन को प्राप्त हो रही थी। उपायुक्त ने इस गंभीर मामले पर संज्ञान लेते हुए सभी अंचलाधिकारिओं को इस संबंध में कारवाई के सख्त निर्देश दिए थे। इसी क्रम में आज कटकमदाग थाना अंतर्गत पिछले 2 दिनों में 9 अवैध बालू परिवहन कर रहे ट्रैक्टर को जब्त कर प्राथमिकी दर्ज करने की कार्रवाई की है।

## बाल विवाह रोकथाम को लेकर एक दिवसीय प्रखंड स्तरीय कार्यशाला का किया गया आयोजन



**विष्णुगढ़ :** विष्णुगढ़ प्रखंड मुख्यालय सभागार में समाधान संस्था द्वारा बाल विवाह रोकथाम हेतु एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला की अध्यक्षता कार्यकारी निदेशक हिल्डा पिंडों ने एवं संचालन प्रभा कुमारी ने किया। इस समाधान संस्था द्वारा आयोजित कार्यशाला में काफी संख्या में आंगनबाड़ी सेविका, स्वास्थ्य सहिया, स्थानीय जनप्रतिनिधि, अभिभावक, किशोरियों समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।कार्यक्रम में पहुंचे लोगों ने अपनी राय देते हुए कई तरह के सुझाव दिए। इस दौरान हिल्डा पिंडों ने कहा कि हमारी समाधान संस्था द्वारा अभिभावक, किशोर-किशोरियों में जागरूकता लाने के लिए बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ,रैली, नुक्कड़, नाटक, खेलकूद समेत कई कार्यक्रमों का आयोजन कर बाल विवाह रोकथाम पर कई प्रयास कर रही है। वही संस्था के अध्यक्ष राजीव भट्टाचार्य ने कहा कि बेटियों को कम उम्र में शादी नहीं करें,बेटियां बेटों से आज के समय में कम नहीं है,कम उम्र में शादी होने से किशोरियों एवं उनके बच्चों का शारीरिक विकास नहीं हो पता है,पहले हरिजन और आदिवासी बेटियों की शादी कम उम्र में लोग कर देते थे,पहले की अपेक्षा आज कम उम्र में होने वाली बाल विवाह में रोक थाम में गिरावट आई है,लोग जागरूक हो रहे है।

## पुर्व मुखिया ने स्कूली बच्चों के बीच बांटे नि:शुल्क पाठ्य पुस्तक



**बरही :** बरही प्रखंड अंतर्गत उत्क्रमित मध्य विद्यालय पडिरमा में शुक्रवार को पुस्तक वितरण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पहुंचे स्थानीय पूर्व मुखिया हरेंद्र गोप ने 212 बच्चों के बीच पाठ्य पुस्तक वितरण किया। उन्होंने कहा कि वार्षिक मूल्यांकन परीक्षा में उत्रीण अध्यनरत बच्चों को निशुल्क पाठ्य पुस्तक प्रदान करना झारखंड सरकार की सराहनीय कदम है। विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक के नेतृत्व में शांत माहौल में हमेशा शैक्षणिक वातावरण पाया जाता है। मूलभूत संसाधन की कमी के बावजूद विद्यालय में अच्छी शिक्षण व्यवस्था है। इसके लिए विद्यालय के प्रधानाध्यापक बधाई के पात्र हैं। वहीं प्रभारी प्रधानाध्यापक ने कहा कि किताब पढ़ने का उद्देश्य साक्षर बनना है। उन्होंने अभिभावकों से अपने बच्चों को नियमित स्कूल भेजने की अपील की।

## गोला जिला पार्षद जलेश्वर के पिता का निधन, गांव में शोक की लहर

**रजरप्पा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के पूर्व प्रमुख जिला परिषद्



सदस्य गोला मध्य क्षेत्र जलेश्वर महतो के पिता स्व. नन्हकू महतो समाजसेवी का आकस्मिक निधन हो गया, इनका उम्र लगभग 100 वर्ष था मृतक अपने पीछे तीन पुत्र बालेश्वर महतो, जलेश्वर महतो, रमेश कुमार एवम् एक पुत्री निराशो देवी सहित भरा पूरा परिवार छोड़ गये वयोवृद्ध के निधन पर पूरे गांव में शोक की लहर है, शुक्रवार को 12ः00 दिन इनका दाह संस्कार ग्राम बड़की कोईया के भैरवी नदी मुक्ति धाम श्मशान घाट में किया गया,द्यपार्थिव शव यात्रा मे आम से खास सैकड़ो लोग शामिल हुए, मृतक के छोटे पुत्र रमेश महतो ने पिता के चिता पर मुखाग्नि दिया व फफककर रो पड़े, इस मौके पर अंतिम संस्कार में मुख्य रूप से शामिल हुए जिनमें पूर्व जिला परिषद् अध्यक्ष ब्रह्मदेव महतो, केंद्रीय सदस्य अशोक महतो अंगद महतो, रामगढ़ जिला कार्यकारी अध्यक्ष दिनेश महतो पूर्व पार्षद गोविंद मुंडा,प्रकाश महतो बजरंग महतो,मुन्ना कुशवाहा, मिथलेश कुमार,सुबोध डांगी विद्यासागर प्रसाद कुलदीप साहू, गौरी शंकर महतो रामगढ़ जिला परिषद सदस्य धनेश्वर महतो पूर्व पार्षद गोपाल चौधरी आजसू पार्टी जिला अध्यक्ष रामगढ़ दिलीप दांगी, बीनू कुमार टाइगर दीपक मुंडा किसुन मुंडा, मिथिलेश कुमार मुखिया बजरंग महथा, ममता सोनी मुखिया बरियातू पंचायत राजकुमार साव, पंचायत समिति सुशीला देवी, उप मुखिया रूबी देवी, राजीव रंजन सिंह, रविंद्र महतो, नील कमल, अनिरुद्ध कुमार, आरएनसी कॉलेज के अध्यक्ष गंगाधर महतो, राजकिशोर महतो , प्राचार्य लालचंद राम महतो, समाजसेवी धीरेन प्रसाद उर्फ ब्रजेश कुमार सहित सैकड़ो लोग अंतिम दाह संस्कार में शामिल हुए।

## जनता प्लस टू उच्च विद्यालय चैनपुर अंडर 17 बालिका वर्ग की हुई विजेता, पाली पतरातु बना उप विजेता

**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग रांची



के तत्वावधान में 26 जून से 28 जून 2024 तक रामगढ़ जिला के कैथा मैदान में तीन दिवसीय 63वी प्री अंतरराष्ट्रीय सुब्रतो मुखर्जी कप फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि रामगढ़ ज़िला शिक्षा पदाधिकारी कुमारी नीलम व विशिष्ठ अतिथि जिला शिक्षा अधीक्षक संजीत कुमार पहुंचे । अतिथियो ने सभी टीमों के खिलाड़ियों को परिचय प्राप्त कर और फुटबॉल को किक कर मैच का शुरुवात किए। इस प्रतियोगिता में अंडर 17 बालिका वर्ग से गोला ,मांडू, दुलमी पतरातु, चितरपुर और रामगढ़ प्रखण्ड की टीम ने भाग लिया। जिसमें फाइनल मुकाबला जनता प्लस टू उच्च विद्यालय चैनपुर मांडू बनाम उत्क्रमित उच्च विद्यालय पाली पतरातु के बीच खेला गया जिसमें जनता प्लस टू उच्च विद्यालय चैनपुर की टीम ने एक गोल से विजय प्राप्त कर शील्ड पर कब्जा जमा लिया।

## स्वर्गीय अनिकेत राम की मां गीता देवी को विधायक के प्रयास और प्रशासन के सहयोग से मिला राशन : नीरज मंडल

**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** आजसू पार्टी रामगढ़ नगर सचिव नीरज



मंडल ने शुक्रवार को विधायक सुनिता चौधरी को ओर जिला प्रशासन को धन्यवाद देते हुए कहा कि कुछ दिन पूर्व अनिकेत राम की प्रशासन की कस्टडी में मौत हो गई थी द्य जिसकी उचित कार्रवाई ओर मुआवजा के लिए सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी ओर विधायक सुनिता चौधरी ने जिला प्रशासन रामगढ़ से मांग किया था की स्वर्गीय अनिकेत के परिवार को राशन कार्ड , आवास ओर 50 लाख मुवावजा जल्द देने की मांग की थी द्य उसी के तहत जिला प्रशासन के सहयोग से राशन कार्ड कुछ माह पूर्व निर्गत कर दी गई थी लेकिन राशन नहीं मिल पा रहा था जिसकी सूचना रामगढ़ नगर सचिव नीरज मंडल को दी गई थी, इस बात की सुचना विधायक सुनिता चौधरी ओर जिला प्रशासन को दी गई द्य ओर आज विधायक ओर जिला प्रशासन के सहयोग से स्वर्गीय अनिकेत की मां गीता देवी को आज राशन मिल पाई है द्य अनिकेत की मां गीता देवी ओर पिता महेन्द्र राम ने रामगढ़ विधायक सुनिता चौधरी ओर जिला प्रशासन को धन्यवाद दिया द्य मौके पर नगर सचिव नीरज मंडल ने कहा की विधायक सुनिता चौधरी ओर जिला प्रशासन के सहयोग से घर के लिए भूमि भी चिन्हित बाजार समिति के पीछे कर दी गई है, जल्द ही अनिकेत की मां गीता देवी को अपने परिवार के लिए घर भी मिलेगी द्य ओर साथ ही जन वितरण प्रणाली के बैजू राय के पुत्र मुन्ना कुमार को भी धन्यवाद दिया द्य मौके पर नगर सचिव नीरज मंडल के साथ अनिकेत की मां गीता देवी, पिता महेन्द्र राम, जिमी राम, ओर जन वितरण प्रणाली संचालक के पुत्र मुन्ना कुमार मोजूद थे।

## सीसीएल सिरका क्षेत्र में एक अवैध कोयला मुहाने को बंद किया गया

**सिरका(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल सिरका परियोजना क्षेत्री



अंतर्गत सिरका सुरक्षा कर्मियों के द्वारा अवैध रूप से चल रहे एक अवैध कोयला मुहाने को बंद किया गया। सिरका क्षेत्र में लगातार चल रे अवैध कोयला मोहने को जेसीबी मशीन के द्वारा डोस रिंग कर पूरी तरह से बंद किया जा रहा है। इस मौके पर माइनिंग सरदार संतोष सिंह भैया लाल आदि मौजूद ।

## पति ने पत्नी की गुमसुदगी को लेकर दिया आवेदन

**भुरकुंडा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भुरकुंडा पंचायत अंतर्गत पावर हाउस निवासी सुरेश भुइंया ने पत्नी अनुराधा देवी की गुमसुदगी को लेकर भुरकुंडा ओपी में आवेदन दिया। आवेदन में कहा गया हैं कि 24 तारीख को अनुराधा देवी पति सुरेश भुइंया सुबह काम करने के लिए कह कर घर से निकली थी जो अब तक अपने घर वापस नहीं लौटी है वहीं आवेदन में कहा गया है कि अनुराधा देवी सौंदा डी निवासी अशोक शर्मा के यहां दाई का काम करती थी 24 तारीख को सुबह घर से काम करने को कह कर निकली शाम तक घर नहीं लौटी, उसके बाद आसपास के सगेसंबधी ,रिश्तेदारों के यहां खोजबिन की गई। जहां तीन दिन गुजर जानें के बाद भी वापस नहीं लौटी है वहीं आवेदन में भुरकुंडा ओपी से अपनी पत्नी की खोजबीन में मदद करने की गुहार लगाई है

# पीसी एंड पीएनडीटी एक्ट के तहत उपायुक्त की अध्यक्षता में समिति की बैठक संपन्न

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** शुक्रवार को उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में पीसी एंड पीएनडीटी एक्ट( गर्भधारण पूर्व एवं प्रसव पूर्व निदान-तकनीक(लिंग चयन प्रतिषेध) अधिनियम,1994 के तहत जिला सलाहकार एवं जिला निरीक्षण व अनुश्रवण समिति की बैठक का आयोजन किया गया।बैठक के दौरान उपायुक्त ने सिविल सर्जन डॉ महालक्ष्मी प्रसाद से जिले के अलग-अलग प्रखंडों में संचालित अल्ट्रासाउंड केंद्रों की जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने अल्ट्रासाउंड केंद्रों के संचालन हेतु सरकार द्वारा जारी दिशा निर्देशों की जानकारी लेते हुए सिविल सर्जन को नियमित रूप से जिले के अलग-अलग प्रखंडों में चल रहे अल्ट्रासाउंड केंद्रों, अस्पतालों का औचक रूप से जांच कर संबंधित प्रतिवेदन जिला स्तर पर उपलब्ध कराने, अवैध रूप से संचालित अल्ट्रासाउंड केंद्रों को सील करने तथा नियमों का अनुपालन नहीं कर रहे अल्ट्रासाउंड केंद्रों पर कड़ी कार्रवाई करने का निर्देश दिया। बैठक के दौरान उपायुक्त ने सिविल



सर्जन रामगढ़ से अल्ट्रासाउंड केंद्रों के संचालन के दौरान संधारित की जाने वाली जानकारी एवं उन्हें जिला स्तर पर उपलब्ध कराने हेतु संचालकों द्वारा किए जा रहे कार्यों की जानकारी लेते हुए वैसे संचालक जो नियमित रूप से प्रतिवेदन उपलब्ध नहीं करा रहे हैं को सूचीबद्ध करने एवं उन पर कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया वहीं उन्होंने सिविल सर्जन सहित अन्य स्वास्थ्य अधिकारियों को जांच के दौरान अल्ट्रासाउंड से संबंधित ऑनलाइन तथा ऑफलाइन एंट्री का मिलान करने एवं उनमे भिन्नता पाए जाने पर संबंधित के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।बैठक के दौरान उपायुक्त ने सिविल सर्जन रामगढ़ को अल्ट्रासाउंड मशीनों का नवीनीकरण एवं नए अल्ट्रासाउंड मशीनों के स्थापन के संबंध में सम्पूर्ण जाँच प्रक्रिया पूर्ण कर प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। बैठक के दौरान उपायुक्त ने सिविल सर्जन को किसी भी स्थिति में गर्भावस्था के दौरान लिंग जाँच न हो यह सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया। साथ ही कोई भी सरकारी चिकित्सक अपने ड्यूटी के दौरान किसी अन्य गैरसरकारी संस्था में कार्य ना करे यह भी सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया। वहीं उन्होंने रिन्यूवल हेतु विभिन्न संस्थानों से आये आवेदनों से शपथ पत्र प्राप्त करने के उपरांत ही आगे की करवाई करने का निर्देश दिया। इसके साथ ही बैठक के दौरान उपायुक्त ने अल्ट्रासाउंड केंद्रों पर आने वाले मरीज के जांच के क्रम में भर जाने वाले फॉर्म एफ से संबंधित प्रतिवेदनों की भी जांच की। बैठक के दौरान सिविल सर्जन डॉक्टर महालक्ष्मी प्रसाद, जिला यक्ष्मा पदाधिकारी डॉ स्वराज, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ प्रभात शंकर, गैर सरकारी संगठनों के सदस्यों सहित अन्य उपस्थित थे।

## सामुदायिक भवन नया नगर बरकाकाना में कल होगा सम्मान समारोह, तैयारी हुई पूरी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ :** बुद्धिजीवी मंच, बरकाकाना क्षेत्र के तत्वाधान में क्षेत्र के पांच उच्च विद्यालयों के टॉप टेन छात्र छात्राओं को सम्मानित करने हेतु 30 जून के प्रस्तावित सम्मान समारोह की तैयारी पूरी है। आज कार्यकारिणी समिति की बैठक में इस तैयारी की समीक्षा की गई। सम्मान समारोह सामुदायिक भवन, दो नंबर गेट के समीप नया नगर बरकाकाना में होगा। मंच के पदाधिकारियों ने बताया कि सम्मान समारोह में मेट्रिक में उत्कृष्ट अंक प्राप्त करने वाले 50 छात्र छात्राओं और बरकाकाना क्षेत्र में 2023-24 में सरकारी नौकरी प्राप्त करने वाले अभ्यर्थियों को भी प्रशस्ति पत्र और मोमेंटो देकर सम्मानित किया जाएगा। मुख्य अतिथि के तौर पर सेन्ट्रल रिपेयर शॉप, बरकाकाना महाप्रबंधक प्रवीण कुमार विशिष्ट अतिथि के तौर पर समाजसेवी डॉ सपना कुमारी, पूर्व मध्य रेलवे, बरकाकाना के असिस्टेंट डिविजनल एक्सक्यूटिव इंजीनियर परमानंद प्रसाद, बरकाकाना ओ पी प्रभारी अख्तर अली एवम समाजसेवी नेपाल यादव की गौरवपूर्ण उपस्तिथि होगी। इनके अलावा अन्य अतिथि और अन्य वक्ताओं में क्षेत्र के बुद्धिजीवी एवम गणमान्य नागरिक उपस्थित रहेंगे। रेलवे स्टेशन प्रबंधक सह बुद्धिजीवी मंच के अध्यक्ष प्रदीप करमाली सम्मान समारोह की अध्यक्षता करेंगे और संचालन असिस्टेंट प्रोफेसर सह बुद्धिजीवी मंच के सचिव डॉ शाहनवाज खान करेंगे। समीक्षा बैठक में प्रदीप करमाली, डॉ शाहनवाज खान, सुशील कुमार, रामा ठाकुर, प्रदीप चक्रवर्ती, देवकी बेदिया, पंचम करमाली, गुड्डू कुमार, दिनेश करमाली, रविंद्र मुंडा आदि उपस्थित थे।

# सीसीएल सिरका के मजदूरों ने अखिल झारखंड कोयला श्रमिक संघ की सदस्यता ग्रहण की




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिरका :** अखिल झारखण्ड कोयला श्रमिक संघ सिरका शारवा का सिरका स्थित आजसू पार्टी कार्यालय मे एक समारोह आयोजित कर सीसीएल माइनिंग सरदार सतीश कुमार दास, फोरमैन सनोहर राम, विजली मिस्ती जुगल बेदिया , जिनेन्द्र पासवान, शंकर बेदिया सहित कई मजदूरों ने सदस्यता ग्रहन कर हुये शामिल। इस मौके पर आजसू के केन्द्रीय महासचिव तिवारी महतो ने सभी कर्मियों को माला पहना कर स्वागत किया गया साथ में अरगड्डा क्षेत्र के एजेकेएसएस के सचिव सत्येन्द्र कुमार महतो ने कहा कि अखिल झारखंड कोयला श्रमिक संध सदैव मजदूरो के हीतो में काम करती है। इस?लिए कोयला कर्मी इस यूनियन से जुड रहे हैं। इस मौके पर यूनियन के सोशल मीडीया प्रभारी देवकुमार बेदिया ने कहा कि तिवारी महतो जमीनी सई स्तर पर मजदूरी स्तर पर मजदूरों के हक अधिकार एवं उनको समस्याओं के समाधान के लिए हमेशा तत्पर रहते हैं। इस मौके पर सिरका शाखा के सचिव सुखदेव महतो, प्रशांत बेलथरिया , युगल बेदिया, रुपेश महतो, महाविर मुंझ्या सहित कई लोग मौजूद थे।

## डाइबिटीज से बचाता है हेल्दी लाइफस्टाइल : डॉ विनय ढांढनिया




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**भुरकुंडा :** रोटरी क्लब रांची के तत्वावधान में शुक्रवार को श्री अग्रसेन स्कूल भुरकुंडा में मधुमेह और रक्तचाप जांच शिविर सह जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन हुआ। शिविर का उद्घाटन प्रख्यात चिकित्सक सह रोटरी क्लब रांची के अध्यक्ष डॉ विनय कुमार ढांढनिया, रोटरी क्लब रांची के निदेशक अमित अग्रवाल, स्कूल के निदेशक प्रवीण राजगढ़िया ने संयुक्त रूप से किया। शिविर में 70 लोगों की मधुमेह और रक्तचाप की निःशुल्क जांच की गई। जांचोपरांत डॉ ढांढनिया ने मरीजों को आवश्यक परामर्श दिया। इससे पूर्व बच्चों और अभिभावकों के लिए आयोजित जागरूकता कार्यक्रम में डॉ ढांढनिया ने मधुमेह की रोकथाम और इसकी जटिलताओं पर चर्चा की। डॉ ढांढनिया ने कहा कि डाइबिटीज से बचने के लिए स्वस्थ जीवनशैली को अपनाना आवश्यक है। स्लीप और वेकअप टाइम का पालन करें। कम से कम आठ घंटे की नींद अवश्य लें। नींद का पूरा नहीं होना इस बीमारी का पहला बड़ा कारण है। भोजन करने का टाइम भी फिक्स करें। खाने-पीने में मनमानी नहीं चलेगी। ऐसा करने से हमारा डाइजेस्टिव सिस्टम सही ढंग से काम नहीं करेगा। इसलिए जीवन मे सोशल और व्यवहारिक बनने की कोशिश करें। इससे मन-मस्तिष्क पर पॉजिटिव असर होगा, जिससे तनाव से बच पाएंगे। नियमित स्पोर्ट्स और योग का अभ्यास करें। उन्होंने बच्चों से पढ़ाई को तनाव के रूप में नहीं लेने की बात कहते हुए एक बेहतर रूटीन के साथ सारी चीजें करने की सलाह दी।इस अवसर पर करुणा राजगढ़िया, निदेशक एकाडमिक एसके चौधरी, प्राचार्य विवेक प्रधान, मुख्तार सिंह, एचके सिंह उपस्थित थे।

## सोसो कलां पहुंचे सुदर्शन महतो, घायल पत्रकार से की मुलाकात



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गोला :** जेबीकेएसएस के केंद्रीय संगठन सचिव सुदर्शन महतो शुक्रवार की शाम प्रखंड के सोसो कलां गांव पहुंचकर सड़क दुर्घटना में हुए घायल दैनिक अखबार के एक पत्रकार अशफाक अहमद से मुलाकात करते हुए उसके हालचाल की जानकारी ली। उन्होंने हिम्मत और दिलासा रखने की बात करते हुए ईश्वर से जल्द ठीक होने की कामना की। मौके पर जेबीकेएसएस सुलेंद्र चौधरी मदगी,रविकांत महतो दुलमी, महेश्वर महतो संरक्षक दुलमी प्रखंड, डॉक्टर रंजन होन्हेंग, उमेश महतो, डॉक्टर विनय कुमार, मोहम्मद सगीर अहमद सोसो कलां, एनएचएआई एंबुलेंस के ईएमटी सईद अंसारी, खगेंद्र कुमार दास आदि कई लोग मौजूद थे।

## दो चिकित्सीय संस्थानों का क्लीनिकल एस्टेब्लिशमेंट किया गया रद्द, एक का हुआ स्थगित

**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** राज्य स्तर से प्राप्त निरीक्षण प्रतिवेदन में की गई अनुशंसा के आलोक में उपायुक्त, रामगढ़ चंदन कुमार ने कार्रवाई करते हुए बीएम सेवा सदन, गोला का क्लीनिकल रजिस्ट्रेशन एक सप्ताह के लिए स्थगित करते हुए 10,000 रुपए का आर्थिक दण्ड का जुर्माना लगाया है। वहीं अदिति नर्सिंग होम, गोला एवं वरदान हॉस्पिटल को 50,000 रुपए का जुर्माना लगाते हुए दोनो संस्थानों का क्लीनिकल रेजिस्ट्रेशन तत्काल प्रभाव से रद्द कर दिया है। साथ ही उपायुक्त ने सभी अस्पताल संचालको को चिकित्सक की उपस्थिति, योग्य स्टाफ, मेडिकल रिकॉर्ड का सही रख-रखाव, जैविक कचरे, फायर एनओसी से संबंधित प्रोटोकोल का अनुपालन अनिवार्य रूप से सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है। उपायुक्त ने कहा है कि चिकित्सीय संस्थानों के संचालन हेतु निर्धारित दिशा निर्देशों व नियमों का अनुपालन सुनिश्चित नहीं करने वाले स्वास्थ्य संस्थानों पर कार्रवाई की जायेगी।गौरतलब होकि क्लीनिकल एस्टेब्लिशमेंट एक्ट अन्तर्गत दिनांक 14 जून 2024 को राज्य एवं जिला स्तरीय टीम के द्वारा संयुक्त रूप से चिकित्सीय संस्थानो का निरीक्षण किया गया था।


**झारखण्ड सरकार,**
**जिला दण्डाधिकारी-सह-उपायुक्त का कार्यालय, गुमला**
**(खनन शाखा)**

ज्ञापांक ............. /एम० **आम सूचना** दिनांक ....................

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि "माननीय National Green Tribunal, Eastern Zone Bench, Kolkata द्वारा पारित आदेश तथा पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्त्तन, मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली (Sustainabel Sand Mining Management Guidelines) के आलोक में जिलान्तर्गत सभी नदी बालूघाटों से मॉनसून सत्र (दिनांक 10.06.2024 से 15.10.2024 तक) में नदी से बालू का उठाव पर पूर्णतः रोक है।

अतः उक्त परिपेक्ष्य में यदि नदी बालू घाटों से बालू का उठाव करते हुए पाये जाते हैं तो नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जायेगी।

ह०/–
उपायुक्त, गुमला

PR 328032 Mines and Geology(24-25)#D


## झामुमो कार्यकर्ताओ ने उरीमारी में मिठाई खिलाकर व आतिशबाजी कर जताई खुशी

# जेल का ताला टुट गया, हेमंत सोरेन छुट गया : संजीव बेदिया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**उरीमारी :** झारखंड के पुर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को झारखंड हाईकोर्ट से शुक्रवार को जमानत मिल गई। जमीन घोटाले में पिछले पांच महिने से बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा जेल में हेमंत सोरेन बंद थे। वहीं इस केस में अदालत ने 13 जून को सुनवाई पूरी करने के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया था। हालांकि इडी के द्वारा जमीन कब्जा करने का आरोप लगाकर जमानत ना देने का निवेदन किया था। पर हेमंत सोरेन के वकिल कपील सिब्बल ने हाईकोर्ट में दलिल देते हुए कहा कि हेमंत सोरेन पर जमीन कब्जा करने का ग़लत आरोप लगाया गया है। इडी ने सबुतो के साथ छेड़छाड़ कि और हेमंत सोरेन को झुठे केस में फंसाया गया। वहीं झारखंड मुक्ति मोर्चा के केन्द्रीय सचिव सह राज्य परिवहन पदाधिकार समिति के सदस्य संजीव बेदिया ने झामुमो परिवार के सभी पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं को हेमंत सोरेन कि रिहाई पर बधाई व शुभकामनाएं दी। मौके पर संजीव बेदिया ने कहा कि हमें न्यायालय पर पुर्ण विश्वास था। हमारे पुर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को केंद्र कि परिवर्तन निर्देशालय ने गलत आरोप लगाकार व षड्यंत्र रच उन्हें जेल भेज दिया था। हमने एक दिन कहा था कि जेल का ताला टुटेगा,हेमंत सोरेन छुटेगा। ये मेरी कहावत चरितार्थ हो गई। आज जेल का ताला टुट गया और हेमंत सोरेन छुट गया। हेमंत सोरेन के जेल जाने के बाद हम सभी नेता व कार्यकर्ताओं ने होली सहित किसी भी त्योहारो को नहीं मनाये थे। अब हमारे कार्यकर्ता हेमंत सोरेन कि रिहाई पर रंग अबीर लगाकर होली का पर्व मनाएंगे।

**झामुमो कार्यालय में कार्यकर्ताओ ने मिठाई खिलाकर व आतिशबाजी कर जताई खुशी**

उरीमारी चेकपोस्ट स्थित झारखंड मुक्ति मोर्चा कार्यलय में शुक्रवार को झामुमो कार्यकर्ताओ ने झारखंड के पुर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को झारखंड हाईकोर्ट से रिहाई मिलने पर खुशी जाहिर कि। यहां झामुमो कार्यकर्ताओ ने एक दुसरे को मिठाई खिलाकर व झामुमो कार्यालय के समीप लगभग एक घंटा तक आतिशबाजी कर जश्न मनाया।वहीं खुशी जाहिर करने वालो में शंकर साव,उदय मेहता, बिनोद बेदिया, शत्रुघ्न सिंह, प्रकाश सिंह, धर्मवीर सिंह, गुडडू साव, संजय करमाली, ओमप्रकाश सिंह, देवनंद सिंह, टिकेश्वर बेदिया,राजकिशोर सिंह, पवन करमाली, गोपाल प्रजापति, दिलेश्वर सिंह,लोकन प्रजापति, प्रकाश मुंडा,शिव पुजन सिंह,डा सुनील, नूर आलम,हैदर अली, सुरेन्द्र करमाली, नरेश प्रजापति, सुनील साव, कैलाश साव आदि लोग मौजूद थे।

**संजीव बेदिया के नेतृत्व में शनिवार को रांची रवाना होंगे झामुमो कार्यकर्ता**

झारखंड के पुर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन कि रिहाई कि खुशी में शनिवार को झामुमो के केन्द्रीय सचिव संजीव बेदिया के नेतृत्व में लगभग 300 मोटरसाइकिल से विजय जुलूस निकाल हजारों झामुमो कार्यकर्ता रांची स्थित मुख्यमंत्री आवास रवाना होंगे। जिसको लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है।


**समाहरणालय हजारीबाग**
**(अनुसूचित जन जाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ी वर्ग कल्याण शाखा)**

**अति अल्पकालीन निविदा**

हजारीबाग जिलान्तर्गत वितीय वर्ष 2024–25 के लिए कल्याण विभाग द्वारा संचालित आवासीय विद्यालयों यथा अनुसूचित जाति आवासीय उच्च विद्यालय, बरसोत, हजारीबाग एवं अन्य पिछड़ी जाति बालिका आवासीय उच्च विद्यालय, मटवारी, हजारीबाग में खाद्य–अखाद्य सामग्री/पठन–पाठन सामग्री/पोशाक/ खेल–कूद सामग्रियों की आपूर्ति हेतु निविदा थोक एवं खुदरा निबंधित/पंजीकृत बिक्रेताओं से आमंत्रित की जाती है। Financial Bid & Technical Bid अलग–अलग बंद लिफाफा में निविदा समर्पित करना होगा।

निविदा सामग्रीवार अलग–अलग मोहरबंद लिफाफा में जिला कल्याण कार्यालय, हजारीबाग के कार्यालय में दिनांक 15.07.2024 के 1.00 बजे अपराह्न तक लिया जायगा तथा दिनांक 15.07.2024 को अपराह्न 3.00 बजे जिला क्रय समिति के द्वारा निविदादाता या उनके प्राधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष निविदा खोली जायगी।

निविदा की शर्ते एवं सामाग्रियों की सूची के लिए जिला कल्याण कार्यालय, हजारीबाग के सूचनापट्ट अथवा वेबसाईट www.hazaribag.nic.in पर देखा जा सकता है।

ह0/–
उप विकास आयुक्त, हजारीबाग

PR 328127 Welfare(24-25)#D



**ऊर्जा विभाग**
**झारखण्ड सरकार, विद्युत कार्यपालक अभियन्ता**
**विद्युत कार्य प्रमण्डल, इंजीनियरिंग हॉस्टल नं०-2 धुर्वा, रॉंची।**

**अल्पकालीन ई–प्रोक्योरमेंट सूचना**

ई–निविदा प्रसंग सं0– **Energy/EWD/Ranchi/15/2024-25** दिनांक– 28/06/2024

| 1. | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) | परिमाण विपत्र का मूल्य | अग्रधन की राशि | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| I | एम0 जी0 एम0 अस्पताल, जमशेदपुर के इमरजेन्सी भवन, मेडिकल भवन, सर्जिकल भवन, ओ0पी0डी, प्रशासनिक भवन एवं ब्लड बैंक के अवस्थित विद्युत उपकरणों के वार्षिक विद्युत सम्पोषण का कार्य। | 29,34,898=00 | 5,000=00 | 59,000=00 | एक वर्ष |
| 2. | वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि | 08.07.2024 | | | |
| 3. | निविदा जमा करने की तिथि | 09.07.2024 के 10.30 बजे पूर्वाह्न से 18.07.2024 के 2.00 बजे अपराह्न तक | | | |
| 4. | निविदा खोलने की तिथि | 19.07.2024 को 3.00 बजे अपराह्न में | | | |
| 5. | निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता | विद्युत कार्यपालक अभियन्ता, विद्युत कार्य प्रमण्डल, रॉंची। | | | |
| 6. | निविदा खोलने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता | विद्युत कार्यपालक अभियन्ता, विद्युत कार्य प्रमण्डल, रॉंची। | | | |
| 7. | ई प्रोक्युरमेन्ट प्रकोष्ट का फोन नं0 | 0651–2490069 | | | |

**Note :- Tender Fee and Earnest Money Deposit (EMD) are to be paid through online mode only as per instruction of IT**

**Dept. Govt. of Jharkhand Letter no.-120 Dated- 03-10-2023.**

निविदा से संबंधित विस्तृत जानकारी हेतु वेबसाईट http://jharkhandtenders.gov.in मे देखा जा सकता है।

विद्युत कार्यपालक अभियन्ता
विद्युत कार्य प्रमण्डल, रॉंची।

PR.NO.328038 Energy(24-25):D

## धनबाद रोटी बैंक के अनूप वर्मा, सिद्धार्थ के लिए बने जीवन रक्षक



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** एसएनएमएमसीच में भर्ती हाइपो अप्लास्टिक एनीमिया से पीड़ित और जिंदगी एवं मौत से जूझ रहे सिद्धार्थ के लिए रोटी बैंक युथ क्लब के कम्रवीर योद्धा ओर सक्रिय सदस्य अनूप वर्मा ए पॉजिटिव एसडीपी ब्लड ग्रुप के पीड़ित मरीज़ के लिए रक्तदान किया। एफेरेसिस सेल सेपरेटर की मदद से उनके रक्त से प्राप्त प्लेटलेट्स को सिद्धार्थ को चढ़ाया गया। सिद्धार्थ के लिए सिंगल डोनर प्लेटलेट्स की कई दिनों से तलाश की जा रही थी। 14 रक्तदाताओं को रिजेक्ट करने के बाद कल एक यूनिट नवीन ने एसएनएमएमसीच रक्तदान किया और रोटी बैंक के अध्यक्ष रवि शेखर के जब इस केस के बारे मे पता चला तो रोटी बैंक के सदस्य अनूप वर्मा से संपर्क कर के एसएनएमएमसीच मे रक्तदान किया। अनूप ने बातये की सभी लोग सिद्धार्थ के लिए आगे आयें। पहली बार डोनेट कर के मुझे अच्छा लगा। लोगों को जागरूक होने की जरूरत है। सिद्धार्थ की जिंदगी बचाने के लिए अंकित राजगढ़िया पिछले 13 दिन से लगे हुए हैं। वह प्रतिदिन 12 से शाम 4 बजे सिद्धार्थ के साथ रहते हैं। अंकित ने बताया कि सिद्धार्थ के 16 डोनर मे 2 डोनर एसडीपी के लिए ही पास हो पाया एक यूनिट एसडीपी के जांच का चार्ज 9500 रुपया भी अंकित ने प्रबंधन से माफ कराया है। रोटी बैंक यूथ क्लब के अध्यक्ष रवि शेखर, ऋषभ राज और अंकित राजगढ़िया मुख्य रूप से ऋषभ राज के पाद उपस्थित थे।

## संकल्प महिला समिति ने बांटे मच्छरदानी



**कतरास(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** कतरास क्लब के प्रांगण में दीक्षा महिला मंडल संकल्प महिला समिति के सदस्यों द्वारा सामाजिक दायित्व के तहत 30 गरीब महिलाओं को मच्छरदानी, बेडशीट, बिस्कुट और छांछ का वितरण किया गया। इस मौके पर संकल्प महिला समिति, कतरास क्षेत्र की अध्यक्ष भारती महापत्रा, पूनम सिंह, रेखा कुमार, आशा सांडिल्य, बीना चौधरी, रेणु सिंह, नीलू सिंह और अन्य उपस्थित थीं।

## अज्ञात वाहन ने ट्रक में मारी टक्कर चालक व खलासी घायल

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** जिले से होकर गुजरने वाली दिल्ली-कोलकाता नेशनल हाईवे पर गोविंदपुर के समीप गुरुवार-शुक्रवार की देर रात अज्ञात वाहन ने ट्रक में टक्कर मार दी। जिसके बाद ट्रक का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया है। घटना के संबंध में बताया जाता है कि गोविंदपुर ब्लाक के समीप UP75AT 0957 नंबर का वाहन अज्ञात वाहन की चपेट में आ गया। जिससे चालक और खलासी बुरी तरह घायल हो गए हैं। दोनों घायलों का इलाज निजी नर्सिंग होम में चल रहा है। मामले की जानकारी मिलने पर गोविंदपुर पुलिस मौके पर पहुंच कर जांच में जुट गई है।



## इंटरनेशनल ओलंपिक डे सप्ताह-व्यापी खेल के तहत स्विमिंग प्रतियोगिता संपन्न

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** धनबाद जिला ओलंपिक संघ के बैनर तले जिले में गत 23 जून से जारी इंटरनेशनल ओलंपिक डे सप्ताह-व्यापी खेल आयोजन के तहत स्विमिंग प्रतियोगिता शुक्रवार को दून पब्लिक स्कूल में संपन्न हुआ।

### जनता दरबार में उपायुक्त ने सुनी आमजनों की शिकायत

# समस्याओं के निष्पादन के लिए अधिकारियों को दिए निर्देश



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी माधवी मिश्रा ने शुक्रवार को अपने कार्यालय कक्ष में जनता दरबार का आयोजन कर आम-जन की शिकायतों व समस्याओं को सुना। उन्होंने संज्ञान में आए सभी मामलों के आवेदन को संबंधित पदाधिकारी को तत्काल निष्पादन के लिए निर्देशित किया।

जनता दरबार में मुख्यतः शिक्षा, जमीन विवाद संबंधी, ऑनलाइन रसीद, आवास, पेंशन, रोजगार, स्वास्थ्य, बकाए वेतन, होम गार्ड नियुक्ति, आर्म लाइसेन्स, सड़क, आय प्रमाण पत्र, वंशावली, छात्रवृत्ति, मुआवजा, वार्ड सदस्य के मानदेय, अबुआ आवास, बंटवारा, जमीन मापी समेत अन्य संबंधित आवेदन आए।

इस दौरान उपायुक्त ने आवेदनों को चिन्हित कर संबंधित अधिकारियों को निष्पादन के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जल्द ही इन समस्याओं का समाधान होगा। इसके लिए अधाकिरियों को निर्देश दिया गया है।

# पटना-रांची-पटना वंदे भारत ट्रेन मेक इन इंडिया की सफलता की कहानी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हाजीपुर :** भारतीय रेल की आधुनिक, स्वदेशी तकनीक और विश्वस्तरीय सुविधाओं से लैस भारत की पहली सेमी-हाई स्पीड रेल सेवा, वंदे भारत ट्रेन आज भारत की प्रगति और आधुनिकता का पहचान बन गयी है । इस श्रृंखला को आगे बढ़ाते हुए एक साल पहले आत्मनिर्भर भारत की मेड इन इंडिया पटना-रांची वंदे भारत एक्सप्रेस 27.06.2023 को पहली यात्रा पर निकली थी। माननीय प्रधानमंत्री जी के कर-कमलों द्वारा 27.06.2023 को रांची से पटना के बीच वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन के परिचालन का शुभारंभ किया गया। इसके बाद 28.06.2023 से इस ट्रेन की वाणिज्यिक सेवा शुरू हुई थी। मंगलवार को छोड़कर यह ट्रेन सप्ताह में 06 दिन चलती है।



गाड़ी संख्या 22349/22350 पटना-रांची-पटना वंदे भारत ट्रेन यात्रियों को विष्वस्तरीय यात्री सुविधाएं प्रदान कर रही है । यह ट्रेन यात्रियों के बीच काफी लोकप्रियता हासिल की है । यात्रियों का डेटा इसकी लोकप्रियता को दर्शाता है । परिचालन प्रारंभ होने के बाद 28.06.2023 से 21.06.2024 तक लगभग 01 लाख 64 हजार यात्रियों ने इससे यात्रा की जिससे 31.32 करोड़ रूपए का राजस्व प्राप्त हुआ । इस अवधि में 530 पैसेंजर की क्षमता वाली पटना-रांची वंदे भारत ट्रेन की ऑक्युपेंसी शत-प्रतिषत रही तथा इस ट्रेन द्वारा 309 ट्रिप लगाया गया ।

अप एवं डाउन दिषा में अगर अलग-अलग देखा जाए तो इस अवधि में गाड़ी संख्या 22349 पटना-रांची वंदे भारत ट्रेन से 15.27 करोड़ रूपए जबकि 22350 रांची-पटना वंदे भारत ट्रेन से 16.05 करोड़ रूपए का राजस्व प्राप्त हुआ । यह ट्रेन पटना और रांची के मध्य 379 किलोमीटर की दूरी मात्र 06 घंटे में तय करती है । इसके परिचालन से यात्रियों की जनषताब्दी एक्सप्रेस पर निर्भरता कम हुयी है । इसमें यात्रियों हेतु उच्च गुणवत्तायुक्त खान-पान सुविधा उपलब्ध करायी गयी है ।कोडरमा एवं बरकाकाना के मध्य दुर्गम पहाड़ियों को काटकर बनाए गए टनलों से सुसज्जित रेलखंड पर चलने वाली इस ट्रेन के यात्रियों को यात्रा के दौरान प्राकृतिक सौंदर्य के मनोरम दृष्य का आनंदमयी अनुभूति होती है।

## राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग सामाजिक न्याय व अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार के अध्यक्ष ने की बैठक, दिया जरूरी दिशा निर्देश

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** समाहरणालय सभागार में राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार के अध्यक्ष एम. वेंकटेशन ने बैठक किया। इस दौरान नगर निगम धनबाद, नगर परिषद चिरकुंडा, आईआईटी, आईएसएम, सिंफर अंतर्गत कार्यरत सफाई कर्मियों की सुरक्षा और समस्याओं को लेकर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिया। बैठक में राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग के अध्यक्ष एम. वेंकटेशन ने सफाई कर्मियों से सीधे संवाद किया। उन्होंने कार्यरत सफाई कर्मियों ङ्क बाह्यश्रोत के माध्यम से कार्यरत सफाई कर्मियों के मिलने वाले प्रतिदिन मानदेय, मासिक मानदेय, कर्मचारी भविष्य निधि (ईपीएफ), कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआइसी) सुविधाओं के संबंध में जानकारी ली। शहरी स्थानीय निकायों ने कहा कि लगभग सभी कर्मचारियों को ईपीएफ एवं ईएसआइसी की सेवा उपलब्ध है।



बैठक में राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग के अध्यक्ष ने महिलाओं की समस्याओं के लिए गठित कोषांग के पदाधिकारी/सदस्यों के नाम व मोबाइल नंबर प्रदर्शित करने की बात कहीं। उ

न्होंने शहरी स्थानीय निकायों को सभी कर्मचारियों को शतप्रतिशत कर्मियों को ईपीएफ (यूएएन) नंबर, ईएसआइसी कार्ड बनाने/उपलब्ध कराने को कहा। वहीं, सफाई कर्मियों को पोशाक (यूनिफार्म), साबुन एवं विंटर ड्रेस भी उपलब्ध कराने का निर्देश दिया।

## हेमंत सोरेन को जमानत मिलने पर पूरे झारखंड में खुशी की लहर : ब्रजेंद्र

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** झारखंड उच्च न्यायालय के द्वारा हेमंत सोरेन को जमानत दिए जाने की खबर पूरे झारखंड में गांव से लेकर शहर तक आग की तरह फैल गया और झारखंड के लोगों में बहुत ही खुशी का माहौल है। जमानत मिलने का जैसे ही समाचार आया महागठबंधन के साथ-साथ झारखंड के जनता ने भी एक दूसरे को मिठाई खिलाकर बधाइयां दी।


**नेतरहाट आवासीय विद्यालय**
**नेतरहाट**
पो०–नेतरहाट, जिला–लातेहार
(An Autonomous Institute under Societies Reg. Act 1860, Ministry of School Education and Literacy Dept. Govt. of Jharkhand)

संख्या –205 **निविदा सूचना** दिनांक– 27.06.2024

नेतरहाट आवासीय विद्यालय, नेतरहाट के लगभग 500 विद्यार्थियों हेतु खाद्य सामग्री एवं विद्यालय के अन्य विविध उपयोग में लायी जाने वाली विविध सामग्रियों के क्रय एवं आपूर्ति हेतु मुहरबंद निविदायें प्राचार्य, नेतरहाट आवासीय विद्यालय, नेतरहाट के नाम आमंत्रित की जाती है।

| | | |
|---|---|---|
| 1. | निविदा का नाम | विविध सामग्रियों के क्रय एवं आपूर्ति हेतु । |
| 2. | कार्यालय का नाम एवं पता | प्राचार्य, नेतरहाट आवासीय विद्यालय, नेतरहाट पो०–नेतरहाट, जिला–लातेहार, पिन–835218 |
| 3. | सामग्रियों का नाम | कोड– 01 (अरवा चावल, मिश्रित खाद्य सामग्री, सरसोंतेल, रिफाण्ड तेल, घी, पावरोटी, मिल्क पाउडर इत्यादि)<br>कोड– 02 (फॉर्म अण्डा, ब्रायलर मुर्गा, खस्सी मांस, मछली इत्यादि)<br>कोड– 03 (हरी सब्जी, फल, आलू,प्याज, लहसुन, अदरक, इमली आदि)<br>कोड– 04 (पेंट, पेंटब्रष, कांटी, तिरपाल, टेंट, बक्सा आदि)<br>कोड– 05 (फुटबॉल, बॉलीबाल, कैरमबोर्ड, क्रिकेटबॉल आदि)<br>कोड– 06 (बिजली तार, टयूबलाईट, बल्ब, पंखा स्वीच आदि)<br>कोड– 07 (कपड़ा, तौलिया, मच्छरदानी, गंजी, स्वेटर, बेल्ट आदि)<br>कोड– 08 (सिलाई–कुर्त्ता, फूलपैंट, शर्ट, ब्लेजर, गरमकोट आदि)<br>कोड– 09 (कॉपी, रजिस्टर, पेन, सर्जना छपाई, सेंचुरी पेपर आदि)<br>कोड–10 (दवा, उपकरण आदि)<br>कोड–11 (बस किराया आदि)<br>कोड–12 (साबुन, फिनायल तेल, रूम फ्रेषनर, मोमबती, बैट्री आदि)<br>कोड–13 (कृषि उपकरण खुरपी, कुदाल, बेलचा, बीज आदि)<br>कोड–14 (छात्रों का कपड़ा धुलाई, आयरन आदि)<br>कोड–15 (प्रिन्टींग एवं प्रकाषन)<br>कोड–16 (प्लम्बरिंग सामग्री)<br>कोड–17 (एन.सी. ई.आर.टी. की पुस्तकें)<br>कोड–18 (काला जूता,पी०टी० शू, हवाई चप्पल) |
| 4. | निविदा भेजने का पता | प्राचार्य, नेतरहाट आवासीय विद्यालय, नेतरहाट पो०–नेतरहाट, जिला–लातेहार। पिन कोड–835218 |
| 5. | वेबसाईट का नाम एवं निविदा प्रसारण तिथि | WWW.netarhatvidyalaya.com पर दिनांक 28.06.2024,समय 1.00 बजे अपराह्न से उपलब्ध। |
| 6. | बिल ऑफ क्वांटिटी प्राप्त करने का माध्यम | विद्यालय कार्यालय से हाथो–हाथ निविदा राषि जमा करने के पश्चात्। |
| 7. | बिल ऑफ क्वांटिटी प्राप्त करने की अंतिम तिथि | 27.07.2024 के अपराहन 01:00 तक |
| 8. | निविदा जमा करने की अंतिम तिथि | 29.07.2024 समय 11.00 बजे पूर्वाह्न तक। |
| 9. | निविदा खुलने की तिथि | 29.07.2024 समय 11.30 बजे पूर्वाह्न (टेक्नीकल बीड) एवं 05.08.2024 (11.30 बजे पूर्वाह्न) अथवा कार्यालय सुविधानुसार तिथि परिवर्तन की जा सकती है। फिनानसियल बीड, केवल वैसे आपूर्तिकर्त्ता जो टेक्नीकल बीड में सफल पाये जायेंगे। |
| | नोट :–निविदा सूचना, निविदा नियम एवं शर्त्ते, निविदा शुल्क, अग्रधन की राशि एवं अन्य सभी प्रकार की वांछित सूचनाएँ/निविदा संबंधी कागजात विद्यालय कार्यालय में पूर्वाहन 10.00 बजे से अप० 1.00 बजे तक संबंधित राशि जमा कर प्राप्त की जा सकती है। | |

ह०/–
प्राचार्य
नेतरहाट आवासीय विद्यालय, नेतरहाट

PR 327973 Human Resource Developement(24-25)#D


## पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की रिहाई की खुशी में टुंडी झामुमो द्वारा मिठाई बांटकर किया खुशी का इजहार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**टुंडी :** झामुमो प्रखंड कमिटि के द्वारा आज़ शुक्रवार को थाना मोड़ में अपने लोकप्रिय नेता सह पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की रिहाई की खुशी में मिठाई बांटी गई एवं खुशी का इजहार किया गया।

विदित हो एक राष्ट्रीय पार्टी के इशारे पर ईडी ने पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को बिना किसी सबूत के जेल भेज दिया था। आज उनकी रिहाई की खबर जंगल में आग की तरह फैलते ही सभी कार्यकर्ताओं ने झंडा लहराया प्रारंभ किया और मिठाइयां बांटी एवं एक दूसरे को बधाईयां दिया। वहीं टुंडी विधायक मथुरा प्रसाद महतो ने दूरभाष के द्वारा प्रभात मंत्र को बताया कि असत्य पर सत्य की जीत हुई और हमारे लोकप्रिय नेता हेमंत सोरेन जेल से बाहर निकले आगे उन्होंने कहा कि देर ही सही आखिर सत्य की ही जीत हुई हमलोग कोर्ट का सम्मान करते हैं।

## यु.सं.मो.ज ने बिजली विभाग की स्मार्ट मीटर के खिलाफ महाप्रबंधक को दिया ज्ञापन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** विद्युत विभाग का स्मार्ट मीटर को लेकर उपभोक्ताओं को आ रही परेशानी का शीघ्र निदान निकालने की मांग युवा संघर्ष मोर्चा जनवादी ने विद्युत विभाग धनबाद के महाप्रबंधक से की है। इस आशय का ज्ञापन संगठन के संयोजक उदय प्रताप सिंह व अध्यक्ष दिलीप सिंह के संयुक्त नेतृत्व में एक प्रतिनिधि मंडल ने महाप्रबंधक को दी है। ज्ञापन में बताया गया है की स्मार्ट मीटर लगवाने के बाद से विद्युत विभाग द्वारा उपभोक्ताओं का बिल बहुत ज्यादा आ रहा है। हर क्षेत्र में लोगों ने इसकी शिकायत की है। बिल इतना अधिक है की आर्थिक रूप से कमजोर लोग इसे भरने में असमर्थ महसूस कर रहे हैं और आर्थिक रूप से परेशानी झेल रहे हैं। ज्ञापन में महाप्रबंधक से मांग की गई है की स्मार्ट मीटर की तकनीकी जांच विशेषज्ञों से करवाया जाए ताकि नियम के अनुसार उचित बिल उठे जिससे उपभोक्ता को गलत बिल से राहत मिल सके। यह भी कहा गया है की विद्युत विभाग स्मार्ट मीटर को दुरुस्त करने का कार्य शीघ्र कराएं तथा इस समस्या को संज्ञान में लेकर उसे तुरंत समाधान किया जाए।


**Jharkhand Bijli Vitran Nigam Limited**
**(CIN: U40108JH2013SGC001702)**
**O/o General Manager cum Chief Engineer, Ranchi Electric Supply Area**
**Kusai Colony, Doranda, Ranchi- 834002**
Phone No. 0651-2490550 Fax No. 0651-2490670 E mail ID :- gm_rncjseb@yahoo.in

**e-Tender Notice**

Online tenders are invited from manufacturers/ authorized dealers/ supplier firms authorized by principal manufacturer for supply of under mentioned O&M Head materials

| Sl No | NIT | Name of material | Unit | Quantity | Estimated Cost (in Rs.) | EMD Amount (in Rs.) | Cost of BOQ including GST (Non-refundable) (in Rs.) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 26/PR/JBVNL/ 24-25 | V Cross arm (200 Kg PSC pole) | Nos | 1000 | 33,99,010.00 | 68900.00 | 5900.00 |
| 2 | | Clamp for V Cross arm (200 Kg PSC pole) | Nos | 1000 | | | |
| 3 | | Pole Top Bracket (200 Kg PSC Pole) | Nos. | 1000 | | | |
| 4 | | Clamp for Pole Top Bracket (200 Kg PSC Pole) | Nos. | 1000 | | | |
| 5 | | V Cross arm (400KG PSC Pole) | Set | 300 | | | |
| 6 | | Clamp for v Cross arm (400KG PSC Pole) | Set | 300 | | | |
| 7 | | Transformer Base channel | set | 100 | | | |
| 8 | | Clamp for Transformer Base Channel | Set (2 Pair) | 100 | | | |
| 9 | | AB Switch Base Channel | Set | 100 | | | |
| 10 | | Clamp for AB Switch Base Channel | Set (2 Pair) | 100 | | | |
| 11 | | M.S Channel (75x40x6mm) for supporting H.G Fuse & L.A | Set | 200 | | | |
| 12 | | Clamp 11 KV HG Fuss Set Channel | Set (2 Pair) | 200 | | | |
| 1 | 27/PR/JBVNL/ 24-25 | Stay set complete for DSS (1900x20 mm) with stay wire 7/10 SWG 8 kgs & guy Insulator) | Set | 250 | 861,100.00 | 17,300.00 | 1475.00 |
| 2 | | Stay set complete (1800x20 mm) with stay wire 7/10 SWG 8 kgs & guy Insulator) | Set | 250 | | | |
| 3 | | LT Stay set complete (1700x16 mm) with stay wire 7/12 SWG | Set | 250 | | | |
| 1 | 28/PR/JBVNL/ 24-25 | 33 KV Polymer pin Insulators 10 KN with G.I pin and nut & washer | Nos. | 1000 | 1,940,975.00 | 39,000.00 | 5,900.00 |
| 2 | | 33KV B&S type Disc Insulator (Polymer Type) 90KN with H/W fitting | Set | 500 | | | |
| 3 | | 11 KV Pin Insulator10 KN, OD 40mm dia with pin (Polymer type) and nut &washer | Nos. | 2000 | | | |
| 4 | | 11KV B&S type Disc Insulator (Polymer Type) 70 KN with H/W fitting | Set | 750 | | | |

All online tenders should be submitted online on www.jharkhandtenders.gov.in

**IMPORTANT SCHEDULE OF DATES**

1. Guidelines for online submission of bids can be downloaded from the website http://jharkhandtenders.gov.in
2. Interested bidders can download the bid from the website http://jharkhandtenders.gov.in.
1. Tender Notice is also available on our website : www.juvnl.in
2. For any clarification please contact :0651-2490550 /9431135609 /9534218638.

स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचायें। कृपया अपनी शिकायतों को टॉल फ्री नं० 1800 345 6570 पर दर्ज करायें।

Sd/-
General Manager-Cum-Chief Engineer
Ranchi Electric Supply Area

PR.NO.328102 Jharkhand Bijlee Vitran Nigam Ltd(24-25):D



**कार्यालयः–वन प्रमण्डल पदाधिकारी, गुमला वन प्रमण्डल**
E-mail :forest-gumla@jharkhandmail.gov.in
Mobile No. – 8987790115 Pin Code - 835207

पत्रांक ................................/ दिनांक ................................./

**आवश्यक सूचना**

सूचित किया जाता है कि दिनांक 16.05.2024 को गुप्त सूचना के आधार पर ग्राम–जुरा, थाना–सिसई के पास, सिसई–भरनो पथ पर 06 पीस आम बोटा, सहित एक ट्रेक्टर एवं ट्रोली सं0–अज्ञात को वनकर्मियों के द्वारा जप्त कर सिसई स्थायी पौधशाला परिसर में लाकर सुरक्षित रखा गया है। उक्त जप्त वन पदार्थ सहित वाहन के विरूद्ध प्राधिकृत पदाधिकारी–सह–वन प्रमंडल पदाधिकारी, गुमला वन प्रमंडल के न्यायालय में अधिहरण की कार्रवाई प्रारम्भ की गई है।

अतः समाचार पत्रों के माध्यम से जप्त वन पदार्थ के दावेदार (यदि कोई हो) एवं सम्बन्धित सभी को सूचित किया जाता है कि वे दिनांक 10.07.2024 को प्राधिकृत पदाधिकारी–सह–वन प्रमंडल पदाधिकारी, गुमला वन प्रमंडल के न्यायालय में 11:00 बजे पूर्वाह्न स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत करें, अन्यथा उपलब्ध साक्ष्यों एवं अभिलेखों के आधार पर एक पक्षीय निर्णय ले लिया जायेगा।

प्राधिकृत पदाधिकारी,
–सह–
वन प्रमंडल पदाधिकारी,
गुमला वन प्रमंडल।

PR 328045 (Forest, Environment and Climate Changes) 24-25 (D)



**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER**
**WATER WAYS DIVISION, RANCHI.**
**(ROOM NO-503, JAL BHAWAN, DORANDA-834002)**
**Very Short Notice Inviting e-quotation**
**( 2nd Call, PR No- 325487 )**

**Notice No.- 04/2024-25**

Government of Jharkhand through its Public Works Department (PWD) is engaged in framing/revision of Schedule of Rates and as part of this endeavor, quotations through e-tender are invited for hire charges of Plant & Machineries annexed as Annexure-1 for Construction Works from Reputed Manufacturers/Owners/Lessee for respective items. The Hire Charges conforming to specifications for inclusion in the Schedule of Rates for Government of Jharkhand to be used in different Civil construction/infrastructure works and repair works shall be submitted online in the website Http://Jharkhandtenders.gov.in Details of Plant and Machineries are available on the above e-tender portal. The quotationer may download the documents from the website and quote their rate for hire charges of Plant and Machineries online from 02.07.2024 at the 11:30hrs. to 10.07.2024 at 16:00 hrs. The quotation will be opened on 11.07.2024 at 16:00 hours.

The quotation is invited to ascertain and assess the Hire Charges of Plant and Machineries at par with lowest market rate for framing of Schedule of Rate.

Executive Engineer
Water Ways Division, Ranchi.

PR 328000 Water Resource(24-25)D

# झारखंड सरकार जनजातीय और मूलवासी भाषा के विकास के लिए कटिबद्ध है : नमन विक्शल कोनगाड़ी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** विधायक नमन विक्शल कोनगाड़ी ने जिला शिक्षा कार्यालय जाकर सिमडेगा जिला में जनजाती और मूलवासी भाषा में होनेवाली शिक्षक बहाली के बारे में बात की। विधायक का स्पष्ट कहना है कि हमारी झारखंड की सरकार आदिवासी और मूलवासी के समग्र विकास के लिए कटिबद्ध है और उनकी भाषा, संस्कृति, परम्परा के विकास की दिशा में हर सम्भव प्रयास कर रही है।जिसके आलोक में झारखंड राज्य के हर जिले में वहां निवास करने वाले जनजातीय समाज के भाषा के विकास और पढ़ने वाले विद्यार्थियों को उनकी भाषा की जानकारी हो, जिससे कि आने वाले समय में विद्यार्थी अपने भाषा के छेत्र में आगे बढ़े।इसके लिए सभी विद्यालयों में जनजातीय भाषा की पढ़ाई हो। विधायक का स्पष्ट कहना है कि सरकार की इस नीति से



आदिवासियों के समस्त जाति और मूलवासी के समस्त जातियों के विद्यार्थियों को रोजगार के नए अवसर मिलेंगें। ये रोजगार नीति इसीलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि इसमें मिलने वाला रोजगार जनजातियों के लोगों को ही मिलेगा, इस रोजगार को कोई भी बाहर वाला छीन नहीं पायेगा। जिला शिक्षा अधिकच्छक के बिभाग से विधायक को जानकारी दी गई कि पुरे सिमडेगा जिला में कक्षा 1 -5 तक के 151 विद्यालय, कक्षा 1-8 तक 285 विद्यालय, उत्क्रमित कक्षा 1-5 तक 313 विद्यालय, अल्पसंख्यक प्राथमिक 1-5 तक 152 विद्यालय, अल्पसंख्यक मध्य 55, बुनियादी 5, सामान्य सहायता प्राप्त 1-5 तक 2 और सामान्य सहायता प्राप्त 1-8 तक 1 विद्यालय है।जिसमे से मात्र 75 बिद्यालय में ही जनजातीय भाषा मे बहाली के लिए जिला के तरफ से सरकार को रिपोर्ट भेजा गया है। जिसमे खड़िया शिक्षक के लिए 1, मुण्डारी के लिए 16, नागपुरी के लिए 58 तथा उरांव जाती के लिए 0 दिखाया गया है। विधायक नमन विक्शल कोनगाड़ी ने इस रिपोर्ट को सिरे से ही खारिज करते हुए मौके पर से ही आदिवासी जनजाति कल्याण मंत्री श्री दीपक बीरूवा जी को फ़ोन के माध्यम से अवगत कराया और इस मामले में त्वरित कार्रवाई करने की बात कही।मंत्री जी ने स्पष्ट कहा कि सरकार की मंशा एकदम साफ है कि झारखंड के सभी बिद्यालय में जनजातीय भाषा की पढ़ाई हो।जिसके समस्त विद्यालयों में जनजातीय भाषा के शिक्षक की बहाली हो। अगर कोई इसमें गलत रिपोर्ट के आधार पर अड़चन लगाने का प्रयास करेगा उसमे कार्रवाई निश्चित ही कि जाएगी। आगे विधायक कोनगाड़ी ने भी इस रिपोर्ट को सिरे से नकारते हुए स्पस्ट शब्दों में पदाधिकारियों को चेताते हुए कहा कि झारखंड सरकार की जो आदिवासी समुदाय और मुलवासी के विकास जिसमे उनका समग्र विकास यथा उनकी भाषा, संस्कृति, परम्परा का विकास, उनकी जनजातिय भाषा के आधार पर रोजगार देने की नीति और मंशा को बिफल करने के लिए गलत तरीके से काम कर रहे हैं,वैसे अधिकारी सावधान हो जाएं।हम सभी जनप्रतिनिधि झारखंड वासियों के विकास में किसी भी तरह के षड्यंत्र को बर्दाश्त नहीं करेंगे। विधायक नमन बिकशल कोनगाड़ी ने कहा कि इस मामले को मैं मुख्यमंत्री,मंत्री और सेक्रेटरी स्तर के पदाधिकारियों से भी मिलकर रखुंगा और इसका समाधान करवाऊंगा और जिला के समस्त विद्यालयों में जनजातीय भाषा की पढ़ाई हो तथा समस्त विद्यालयों में सभी जनजातीय भाषा के शिक्षको की बहाली हो ये सुनिश्चित करने का काम करूँगा। मौके पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष डेविड तिर्की, बिधायक प्रतिनिधि सह अल्पसंख्यक जिलाध्यक्ष रावेल लकड़ा,जिला उपाध्यक्ष जॉनसन मिंज,एल डी एम प्रभारी प्रदीप केशरी, जिला उपाध्यक्ष शिशिर मिंज, प्रदेश अल्पसंख्यक सचिव जमीर अहमद उपस्थित रहे।

## हेमंत सोरेन को जमानत मिलना, न्याय की जीत है : सुखदेव भगत



**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को आज हाईकोर्ट में जमानत दे दिया। इस विषय पर लोहरदगा लोकसभा के सांसद सुखदेव भगत संसद परिसर नई दिल्ली में पत्रकारों के द्वारा पूछे गए प्रश्न का जवाब देते हुए कहा कि यह झारखंड वासियों के लिए राहत भरी खबर है। न्यायालय पर पूरा भरोसा था और यह न्याय की जीत हुई। तथा कथित लैंडस्केप के नाम पर हेमंत सोरेन को प्रताड़ित करने का काम किया गया है। सीएनटी एक्ट में कहीं भी भूमिहर जमीन बेची नहीं जा सकती है जो जमीन बेची नहीं जा सकती ना खरीदी जा सकती है उसके आरोप में हेमंत सोरेन जमीन खरीदी है उनको जेल में डाला गया। न्यायालय ने उन चीजों को देखा। आगामी विधानसभा चुनाव होने वाला है जम्हूरियत में जनता ही सर्वोपरि होता है। जनता के बीच हम लोग जाएंगे और मुझे पूरा विश्वास है कि आगामी होने वाले विधानसभा में भारतीय जनता पार्टी का सुपड़ा साफ हो जाएगा। अन्याय का अंत होगा,अहंकार का अंत होगा। अन्याय के तरीके से जो प्रताड़ित करने का काम किया गया उसका अंत विधानसभा चुनाव में होगा।

## हेमंत सोरेन को बेल मिली है, मामले खत्म नहीं हुए : मनीर उरांव



**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** हेमंत सोरेन की बेल पर जिला अध्यक्ष मनीर उरांव ने कहा कि हेमंत सोरेन को बेल मिली है मामले पूरी तरह खत्म नहीं हुए। परंतु गठबंधन के नेता इस तरह का बयानबाजी कर रहे जैसे मानो हेमंत सोरेन से पाक साफ हो गए हों। परंतु ऐसा नहीं जनता भी जान गई कि झारखंड में गठबंधन के लोग झूठी घोषणाओं का पिटारा लेकर बैठ गई है। और इनके लोग साथ मिलकर लगातार गांव से लेकर छोटे बड़े दफ्तरों लूट मचा रखी है। आश्चर्य तो तब लगता है जब गठबंधन के लोग खुले तौर पर झारखंड की जल जंगल जमीन को लूट रहे हैं और पकड़े जाने पर स्वतंत्र एजेंसियों को बदनाम कर रहे हैं। यही गठबंधन की सरकार विगत कुछ समय पहले सभी स्वतंत्र एजेंसियों को भी केंद्र सरकार की कठपुतली बता रही थी उस पर लांछन लगाने का काम कर रहे थे। न्यायालय भी सत्य नहीं झूठी लग रही थी। सच तो यह है कि गठबंधन और कांग्रेस के लोग यदि कार्य उनके अनुकूल और निर्णय पक्ष में हो तो सभी चीज अच्छी होती है नहीं तो सभी बेकार। सुखदेव भगत जी को जनता ने उनकी बातों और वायदे के अनुसार मौका दिया । इधर उधर की बातों को छोड़ कांग्रेस पार्टी के द्वारा जनता को किए वायदे 8,500 खटाखट को उपलब्ध कराएं।

# सुनील राम ने पेयजल एवं स्वच्छता विभाग में व्याप्त भ्रष्टाचार को लेकर झारखंड सरकार को लिखा पत्र

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** जिले में पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के मामले में न्यू क्लस्टर में हो रहे योजना में भारी गड़बड़ी को देखते हुए सदर प्रखंड क्षेत्र के कूजरा ग्राम निवासी सुनील राम ने योजनाओ की राशि रोकने के संबंध में झारखंड सरकार को पत्र लिखा है। जिसमें बताया गया है कि लोहरदगा का न्यू कलेक्टर 1 से लेकर 27 तक में व्यापक पैमाने पर भ्रष्टाचार की राशि का गबन किया जा रहा है। यह जल नल योजना में खास कर क्लस्टर 10,15,16,17 और 27 में भारी गड़बड़ी की गई है।जिसमे बताया गया है की कलस्टर 17 एवं अन्य में 80 प्रतिशत भुगतान कर दिया गया जिसमे कनीय अभियंता, सहायक अभियंता एवं कार्यपालक अभियंता की मिली भगत से करोड रुपए की राशि बिना योजना पूर्ण किए हुए निकाल गई है। अधिक परियोजनाओं में अधिकतर योजना असफल है फिर भी राशि की निकासी कर ली गई कहीं भी आरएमएस सिस्टम चालू नहीं किया गया है जिस कारण पता नहीं चल पा रहा है कि कितना योजना पूर्ण है और कितना बाकी है।जिसमें कनीय अभियंता कृष्णा लोहरा पेयजल एवं स्वच्छता विभाग लोहरदगा द्वारा रेलवे स्टेशन लोहरदगा में 2 से 3 करोड रुपए का अपना निजी संपत्ति बनाया है जिसका चर्चा विभाग में है तथा संदेश के घेरे में भी रखा गया है।लोहरदगा कलस्टर में फर्जी ऑडिट रिपोर्ट अनुभव प्रमाण पत्र तथा सुरक्षा पूंजी के रूप में जमा फिक्स्ड डिपॉजिट भी फर्जी तरीके से की गई जिसकी जांच होनी चाहिए। जिस जगह आईपी 65 कंट्रोलर लगाना था उस जगह में आईपी 54 लगा लिया गया है जबकि सभी जगह पर 1000 किलोग्राम का स्टेचर लगाया जा रहा है बोरिंग भी प्रकालन के अनुसार नहीं किया गया है कुल मिलाकर देखा जाए तो नल जल योजना में भारी भ्रष्टाचार की बू आ रही है। वहीं भंडरा, कुडु,कैरो और सेन्हा प्रखंड में योजना में काफी गड़बड़ी बरती गई है।वही इस मामले में सभी योजनाओं का बकाया राशि योजना पूर्ण होने के बाद जांच कर भुगतान किये जाने की मांग की गई है। वही लगभग सभी जगह पर तड़ित चालक यंत्र का बिल समायोजन किया गया है इस योजना के तहत भी भारी गड़बड़ी की गई है अधिकतर बोरिंग में पानी नहीं निकला है और जलमीनार खड़ा कर दिया गया है।आम लोगों को पानी नहीं मिल पा रहा जिसके वजह से लोग दर-दर भटकते नजर आ रहे हैं। इस भारी गड़बड़ी को लेकर सुनील राम ने जल्द से जल्द इस पर जांच की मांग की है।

# ग्रामीणों की समस्या से रुबरु हुए श्रद्धानन्द, समाधान का दिया आश्वासन

**गठबंधन सरकार में झारखंड का विकास रुक गया है : श्रद्धानन्द**

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** कुरडेग प्रखंड चाड़री मुंडा ग्राम रेंगारबहार के ग्रामीणों के सुचना पर पुर्व भाजपा प्रत्याशी श्रद्धानंद बेसरा एवं कुरडेग उप प्रमुख अजय जयसवाल रेंगारबहार बस्ती पहुंचे एवं ग्रामीणों की समस्यायों से रूबरू हुए। ग्रामवासियों ने पेयजल की समस्या के संबंध में बताया कि विगत 3 वर्ष पूर्व चापाकल के लिए गड्ढे की खुदाई की गई थी लेकिन तीन वर्ष उपरांत आज तक उसे पुर्ण नहीं किया गया है। जिसके कारण पेयजल की समस्या हो रही है। विद्युत के संबंध में कहा कि विगत दो महीने से गांव का ट्रांसफार्मर खराब हो जाने से अंधेरे में जीवन बसर कर रहे हैं। उपरोक्त संबंध में श्री बेसरा ने गांव वासियों को आश्वस्त कि पेयजल और विद्युत



ट्रांसफार्मर खराब संबंधित समस्या को संबंधित विभाग के अधिकारियों को जानकारी दिया जाएगा और उचित जांच पड़ताल करके जल्द समाधान करने का आग्रह किया जाएगा। मौके पर भाजपा नेता श्रद्धानन्द बेसरा ने कहा कि जब से झारखंड में गठबंधन सरकार सत्तासीन हुई है झारखंड का विकास रुक गया है,केंद्र सरकार नल जल योजना के लिए भरपूर पैसा राज्य सरकार को दे रही है पर योजना धरातल पर पूरी तरह फेल है भ्रष्टाचार चरम पर है गांवों में आज भी लोग सड़क बिजली पानी स्वास्थ्य जैसे बुनियादी सुविधाओं से मरहूम हैं। मौके पर गांव के अनेकों महिला पुरुष उपस्थित थे।

## सीओ दुर्गा कुमार ने लोहरदगा विधानसभा के बीएलओ व पर्यवेक्षकों के साथ की बैठक



**भंडरा-लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिले के भंडरा प्रखंड कार्यालय स्थित सभा भवन में शुक्रवार को सीओ दुर्गा कुमार की अध्यक्षता में भंडरा प्रखंड अंतर्गत लोहरदगा विधानसभा के बीएलओ व पर्यवेक्षकों की बैठक हुई। बैठक में 25 जून से शुरु प्री-रिवीजन कार्यक्रम को लेकर चर्चा किया गया। मौके पर सीओ दुर्गा कुमार ने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर मतदाता पुनरीक्षण कार्य शुरु हो गया है। इसके लिए सभी बीएलओ 18 वर्ष पूर्ण कर चुकें लोगों का नाम मतदाता सूची में जोड़ें। आगामी विधानसभा चुनाव में एक भी मतदाता अपने मताधिकार के प्रयोग से वंचित न रहे। इसको लेकर विशेष ध्यान दें। उन्होंने कहा कि जो भी मतदाताओं का मतदाता सूची में ब्लैक एंड व्हाइट फोटो है। उसे हटाकर तुरंत रंगीन फोटो अपलोड करना सुनिश्चित करें। साथ ही मतदाता सूची में पलायन, मृत मतदाताओं का नाम हटाने के लिए प्रपत्र का संधारण करें। उन्होंने घर-घर सत्यापन की समीक्षा करते हुए सभी बीएलओ को निर्देश दिया कि नए मतदाताओं का नाम किसी भी हालत में छूटना नहीं चाहिए। इसके अलावे मतदाता सूची में ब्लैक एंड व्हाइट फोटो वाले मतदाताओं का रंगीन फोटो लेना है, ताकि त्रुटि रहित रंगीन फोटो वाला पहचान पत्र निर्गत किया जा सके। उन्होंने कहा की सभी पर्यवेक्षक अपने-अपने मतदाता क्षेत्र में दस प्रतिशत घरों में जाकर सत्यापन करना सुनिश्चित करें। मौके पर पर्यवेक्षक नवप्रभात कुजुर, गौरिस गौरव, प्रभात कुजुर, सुमित्रा टोप्पो सहित पर्यवेक्षक मौजूद थे।

# भैसमुंदो योगी सेना कमिटी का किया गया पुनर्गठन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**भंडरा-लोहरदगा :** जिले के भंडरा प्रखंड अंतर्गत भैसमुंदो गांव स्थित सामुदायिक भवन में शुक्रवार को आनंद सिंह की अध्यक्षता में गांव स्तरीय योगी सेना कमिटी का पुनर्गठन किया गया। बैठक में योगी सेना कमिटी को मजबूती प्रदान करने के उद्देश्य से भैसमुंदो योगी सेना कमिटी का पुनर्गठन किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से अध्यक्ष देवचन उरांव, उपाध्यक्ष अरुण महली, सचिव मृत्युंजय महतो, कोषाध्यक्ष सोनू महतो तथा मीडिया प्रभारी आकाश यादव को बनाया गया। मौके पर योगी सेना भंडरा के प्रखंड अध्यक्ष विवेक यादव ने कहा की योगी सेना कमिटी पुनर्गठन का उद्देश्य लव जेहाद तथा गौ-तस्करी पर लगाम लगाना है। साथ ही सनातन भाइयों को लव जेहाद के प्रति जागरुक करना है,ताकि कोई भी हिंदू बहने किसी के बहकावे में ना आएं। सनातन संस्कृति को जन-जन तक पहुंचाना योगी सेना कमिटी का उद्देश्य है। उन्होंने कहा की भंडरा प्रखंड के सभी गांव में कमिटी का विस्तार किया जा रहा है। मौके पर अर्जुन सिंह, सुनिल उरांव, देवचरण उरांव, मनोज महतो, सूरज महली, रविंद्र महतो, सुधन महतो सहित काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

# अवैध बालू लदा ट्रैक्टर के मालिक व चालक के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** अवैध बालू खनन व परिवहन मामला में जप्त ट्रैक्टर मालिक तथा चालक के विरुद्ध खनन अधिनियम एवं एनजीटी के तहत सेन्हा थाना में प्राथमिकी दर्ज किया गया। विदित हो की 26 जून को सेन्हा थाना क्षेत्र के बदला रोड स्थित बक्सीडीपा के समीप से अवैध बालू लदा ट्रैक्टर नम्बर जे एच 08 जे 5834 को सेन्हा पुलिस के द्वारा जप्त कर थाना लाया गया था। और विधिवत जप्त कर अवैध बालू लदा ट्रैक्टर की सूचना खनन विभाग को दिया गया था। वही अवैध बालू खनन व परिवहन की सूचना मिलते ही जिला खनन पदाधिकारी लोहरदगा के निर्देश पर खनन अधिनियम और एनजीटी के आलोक में कांड संख्या 49/24 दर्ज कर धारा 379,411आईपीसी के तहत ट्रैक्टर मालिक एवं चालक के विरुद्ध सनहा दर्ज कर पुलिस कारवाई आरम्भ कर दिया गया है। इस संदर्भ



में थाना प्रभारी अजित कुमार ने जानकारी देते हुए कहा कि अवैध लदा बालू ट्रैक्टर को चालक ने पुलिस को देख खड़ा कर भाग निकला जिसके बाद ट्रैक्टर को जप्त कर सुरक्षित लाकर थाना परिसर में रखते हुए ट्रैक्टर मालिक तथा चालक के विरुद्ध खनिज संपदा चोरी तथा विभाग के राजस्व क्षति करने एवं एनजीटी उलंघन का मामला खनन विभाग के निर्देशानुसार दर्ज कर करवाई प्रारम्भ किया जा रहा है।

# पुर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को मिली जमानत पर झामुमो कार्यकर्ताओ में खुशी का माहौल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कैरो-लोहरदगा :** झारखण्ड के पूर्व मुख्य मंत्री जे एम एम के केंद्रीय कार्यकारी अध्यक्ष को शुक्रवार को उच्च न्यायलय द्वारा नियमित जमानत मिलने पर जे एम एम कार्यकर्ताओ समेत झारखण्ड की जनता में खुशी लहर है।प्रखण्ड जे एम एम द्वारा भी हेमन्त सोरेन को बधाई और न्यायलय का आभार जताते हुए खुसी का इजहार किया है।मौके पर जे एम एम केंद्रीय समिति सदस्य समीद अंसारी ने कहा यह असत्य पर सत्य की जीत है,जिस तरह से हेंमत सोरेन को 8.5 एकड़ जमीन घोटाले के नाम पर झूठा मुकदमा लगाकर साजिस के तहत फंसाने के काम किया गया आज उनपर करारी चोट है।हेमन्त सोरेन जिस तरह से झारखण्ड के विकास का काम कर रहे थे कुछ राजनैतिक दल को पच नही रहा था उन्हें लगा कि अगर ये बाहर रहेगा तो लोकसभा चुनाव में हमारी सूपड़ा साफ हो जाएगा इसलिये इडी का सहारा लेकर उन्हें बदनाम करने




फंसाने के काम किया गया।31 जनवरी 2024 को उन्हें ईडी द्वारा गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था, लगभग पांच महीने तक झारखण्ड के एक आदिवासी मुख्यमंत्री को अपने पद से त्यागपत्र देते हुए जेल के सलाखों के पीछे रहना पड़ा लेकिन झारखण्ड की जनता ने लोकसभा चुनाव 2024 में दिखा दिया कि हम हेमंत सोरेन के साथ हैं।आने वाले विधान सभा चुनाव में झारखण्ड की जनता हेमन्त सोरेन के साथ हुए अन्याय का बदला मतदान के माध्यम से लेकर रहेगी।आने वाले विधान सभा चुनाव में एक बार फिर से झारखण्ड में जे एम एम के नेतृव में अपार पूर्ण बहुमत की सरकार बनेगी।

## मनीर उरांव आदिवासियों को बेवकूफ बनाना बंद करें क्योंकि भूहियर जमीन ना कोई खरीद सकता है ना कोई बेच सकता है : आलोक साहू



**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिला के वरिष्ठ कांग्रेस नेता आलोक कुमार साहू ने भाजपा जिला अध्यक्ष मुनीर उरांव के द्वारा दिए गए वक्तव्य पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि मनीर उरांव खुद एक आदिवासी हैं और वे जानते हैं कि भूहियर जमीन समाज का होता है यह न बिकता है और ना ही कोई खरीद सकता है बावजूद एक षड्यंत्र के तहत पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को भूहियर जमीन खरीदने के आरोप लगाकर उन्हें जेल भेज दिया। मनीर उरांव जानते हैं कि पूर्व मुख्यमंत्री को एक षड्यंत्रके तहत जेल भेजा गया है उनकी मजबूरी है कि वे भाजपा के जिला अध्यक्ष हैं अगर बयान नहीं देते हैं तो कार्यकर्ता नाराज हो जाएंगे ।जहां तक पचासी सौ प्रत्येक महीना गरीब परिवार के एक महिला को देने की जो बात है यह कांग्रेस का घोषणा पत्र में था कि अगर केंद्र में कांग्रेस गठबंधन की सरकार बनेगी तो 1 जुलाई से सभी गरीब महिलाओं को 8500 प्रति महीना मिलेगा ।केंद्र में एनडीए की सरकार बनी है अगर भविष्य में कांग्रेस गठबंधन के नेतृत्व में केंद्र में सरकार बनेगा तो निश्चित रूप से गरीब महिलाओं को प्रति माह 8500 मिलेगा। हेमंत सोरेन के मामले में भाजपा द्वारा किया गया षडयंत्र को जनता जान चुकी है। आने वाले विधानसभा में जनता भाजपा का सुपड़ा साफ कर देगी।

# 30 जुन को नगर भवन मे प्रजापति महासंघ का सम्मेलन, प्रतिभावान होंगे सम्मानित : श्री चन्द प्रजापति

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कैरो-लोहरदगा :** कैरो प्रखण्ड मुख्यालय में 28 जून को झारखंड प्रजापति कुम्हार महासंघ की एक अहम बैठक हुई। इसमें मुख्य रूप से झारखण्ड प्रजापति महासंघ के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सह माटी कला बोर्ड के पूर्व चेयरमैन श्रीचंद प्रजापति उपस्थित थे। बैठक में 30 जून को लोहरदगा नगर भवन में होने वाले प्रतिभा सम्मान समारोह के बारे में चर्चा किया गया। इसमें इस वर्ष मैट्रिक व इंटरमीडिएट की परीक्षा में समाज के सभी छात्र-छात्रा जो प्रथम श्रेणी से उतीर्ण हुए हैं। उनको समानित व प्रोत्साहित किया जाएगा। श्रीचंद प्रजापति ने कहा इस समारोह में मुख्य रूप से बेरमो के पूर्व विधायक योगेश्वर महतो उर्फ बाटुल जी, समाज के वर्तमान प्रदेश अध्यक्ष देवनारायण प्रजापति, कार्यकारी अध्यक्ष राजेंद्र पंडित के अलावा झारखण्ड के सभी जिले से समाज के गणमान्य लोग उपस्थित रहेंगे। इसमें छात्रों को सम्मानित व प्रोत्साहत के अलावा



उनके आगे के उज्वल भविष्य के लिए मार्गदर्शन किया जाएगा। इसके अलावा उपस्थित बच्चों के अभिभावकों व समाज से जुड़े लोगों को आर्थिक व समाजिक विकास पर चर्चाएं की जाएंगी। कुम्हार अपने परंपरागत पेशे को कैसे विकसित करेंगे। अशिक्षा, रूढ़िवादी, अंधविश्वास, नशापान जैसे समाज में फैले कुरीतियों को कैसे दूर कर समाज को आगे बढ़ाया जा सकेगा। इसपर गहन मंथन किया जाएगा। उन्होंने कहा इस सम्मेलन की सारी तैयारी पूरी हो गई है। कहा गया जिले सभी विद्यार्थी 28 जून को चिल्ड्रेन पैराडाइज स्कूल राजा बंगला व विनोद स्टूडियो गुदरी बाजार में अपना मार्कशीट,आधार कार्ड व पासपोर्ट फ़ोटो अवश्य जमा कर रजिस्ट्रेशन करा लें। इस मौके पर प्रदेश युवा अध्यक्ष शंभु प्रजापति, गोविंद महतो, अनिल प्रजापति, संजय महतो, कैलाश महतो, जगनारायण महतो, जगदीश प्रजापति, रवि प्रजापति उपस्थित थे।

# एमबी डीएवी विद्यालय में नशा मुक्ति अभियान व विधिक जागरूकता शिविर का हुआ आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** झालसा रांची एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष डालसा अरविंद कुमार पांडेय के मार्गदर्शन में शुक्रवार को महीने भर चलने वाले गहन कानूनी जागरूकता शिविर-सह-नशा मुक्ति अभियान की शुरुआत एमबी डीएवी पब्लिक स्कूल लोहरदगा से की गई । जिसमें डालसा सचिव राजेश कुमार ने बतौर मुख्य अतिथि छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए यह स्पष्ट किया कि 1 जुलाई 2024 से भारतीय दंड संहिता के स्थान पर भारतीय न्याय संहिता, दंड प्रक्रिया संहिता के स्थान पर भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता एवं एविडेंस एक्ट के स्थान पर भारतीय साक्ष्य अधिनियम लागू हो रहे हैं । इसके प्रभाव को लेकर लोगों में भ्रम की स्थिति बनी हुई है किंतु यह स्पष्ट करना जरूरी है कि 1 जुलाई 2024 के पूर्व के जो भी अपराध हुए हैं उनका विचारण भारतीय दंड



संहिता एवं दंड प्रक्रिया संहिता में उल्लेखित प्रावधानों के तहत ही किए जाएंगे । जबकि 1 जुलाई या उसके पश्चात जो अपराध घटित होंगे उनके ऊपर भारतीय न्याय संहिता एवं भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता के साथ-साथ भारतीय साक्ष्य अधिनियम के नए प्रावधान लागू होंगे । उपस्थित छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए डालसा सचिव ने जिला विधिक सेवा प्राधिकार के गठन के उद्देश्यों को बच्चों को बताया और यह कहा कि मुफ्त कानूनी सहायता के तहत विधिक सेवा प्राधिकार गरीब एवं निरिह व्यक्तियों को कानूनी सहायता एवं मुफ्त में वकील मुहैया कराती है । साथ ही साथ विभिन्न विषयों पर कानूनी जागरूकता शिविर का आयोजन भी करती है । बच्चों एवं बच्चियों को जुविनाइल जस्टिस एक्ट एवं पोक्सो एक्ट के विभिन्न प्रावधानों को बताते हुए सचेत किया कि वह मोबाइल जनित किसी भी ऐसे कार्य को ना करें जो अपराध की श्रेणी में आता है। नशापान से दूर रहने का आह्वान करते हुए मध्यस्थ अधिवक्ता लाल दीपक कुमार ने कहा कि कोर्ट फैसला सुनाने में विलंब नहीं करती है। बल्कि साक्ष्य के आधार पर निर्णय लिया जाता है। ऐसे में थोड़ा विलंब हो जाता है।

## शिक्षा जगत से जुड़ी महिला के घर से 02 बालिकाओं को किया गया रेस्क्यू

**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** 1 जून से 30 जून 2024 तक का पैन इंडिया बचाव और पुनर्वास अभियान के संचालन एवं लोहरदगा जिले में प्रभावी क्रियान्वयन हेतु श्रम अधीक्षक श्रीमती दीप्ति लॉरी तिर्की के अगुवाई एवं जिला समाज कल्याण पदाधिकारी श्रीमती सीता पुष्पा के संयुक्त मार्गदर्शन में दिनांक 28.06.2024 को धावा दल के द्वारा शहरी क्षेत्र में रेस्क्यू अभियान चलाया गया। इस क्रम में शहरी इलाके के कूटमू क्षेत्र में शिक्षा जगत से जुड़ी महिला के घर से 02 बालिकाओं को रेस्क्यू किया गया। साथ ही साथ बाल श्रम विषय पर जागरूकता एवं पंपलेट चिपकाए गए। धावा दल के रेस्क्यू अभियान में श्रम अधीक्षक के द्वारा जानकारी प्रदान की गई कि-14 वर्ष से कम उम्र के बाल को एवं खतरनाक नियोजन में आयु वर्ग 14 से 18 वर्ष का नियोजन प्रतिषेध है। उल्लंघन की स्थिति में 20,000 रुपए से 50,000 तक का जुर्माना या 6 माह से 2 वर्ष तक का सश्रम कारावास या दोनों हो सकता है।

**चलते चलते एक नजर**

## एआईएमआईएम के नेताओं ने किया मेराल प्रखंड का दौरा



**गढ़वा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** एआईएमआईएम के नेताओं ने मेराल प्रखंड के पढुवा, लोवादाग सोहबरिया, सांवरिया, तेनार पंचायत आदि का दौरा किया। इस अवसर पर एआईएमआईएम के नेताओं ने कहा कि दौरा करने का मुख्य उद्देश्य मेराल प्रखंड के पंचायत स्तरीय कमेटी को मजबूत करना है। वहीं कार्यकर्ताओं को संगठित करना है। वहीं पार्टी को धारदार बनाने के साथ ही मजबूत बनाना है। इस दौरान पार्टी के नीति और सिद्धांतो को जन-जन तक पहुंचाया गया। पार्टी के नेताओं ने मेराल प्रखंड अध्यक्ष फारूक अंसारी के नेतृत्व में दौरा किया गया। मौके पर नेताओं ने कहा कि आज तक यहां के जनप्रतिनिधियों के द्वारा गढ़वा रंका विधानसभा क्षेत्र की जनता को सिर्फ ठगने करने का काम किया गया है। गरीब, शोषित व वंचितों की आवाज किसी जनप्रतिनिधि के द्वारा नही उठाया जाता है। उन्होंने कहा कि यहां के जनप्रतिनिधि 17 साल, दस साल व पांच साल राज करने के बाद भी यहां के लोगों को मूलभूत सुविधा उपलब्ध नहीं करा पाए हैं। इस बार परिवर्तन की लहर है। यहां की जनता अब किसी जनप्रतिनिधि के झांसा में आने वाले नही है। इस बार यहां की जनता नया चेहरा को जनप्रतिनिधि के रूप में मन बना चुका है। इस अवसर पर एआईएमआईएम के मेराल प्रखंड अध्यक्ष फारूक अंसारी, जिला प्रवक्ता अब्दुल रहमान अंसारी, मेराल के युवा प्रखंड अध्यक्ष मोहम्मद अली उर्फ लाला, युवा नेता सफदर अली, सकलेन अंसारी, दाऊद इब्राहिम आदि उपस्थित थे।

## उच्च स्तरीय समिति ने एनटीए में सुधार के लिए छात्रों-अभिभावकों से मांगे सुझाव

**नई दिल्ली :** केंद्र की उच्च स्तरीय समिति ने राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) में सुधार और संभावित पुनर्गठन के बारे में छात्रों और अभिभावकों से सुझाव आमंत्रित किया है। परीक्षा निकाय एनटीए पर पेपर लीक और अन्य अनियमितताओं का आरोप है। शिक्षा मंत्रालय ने शुक्रवार को एक बयान जारी कर कहा कि इसरो के पूर्व अध्यक्ष डॉ. के राधाकृष्णन की अध्यक्षता वाली उच्च स्तरीय समिति एक समर्पित वेबसाइट - इनोवेट इंडिया एग्जामिनेशन रिफॉर्म्स (https:nnovateindia.mygov.in/e&amination-reforms-nta/) के माध्यम से फीडबैक आमंत्रित कर रही है। इस पर 7 जुलाई तक अपने सुझाव दे सकते हैं। इस पर छात्र-अभिवावक आदि परीक्षा निकाय एनटीए में सुधार के लिए अपने सुझाव साझा कर सकते हैं। एनटीए देशभर में नीट, जेईई, सीयूईटी और यूजीसी-नेट जैसी प्रमुख परीक्षाएं आयोजित करता है। शिक्षा मंत्रालय ने राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा-स्नातक (नीट-यूजी) में कथित अनियमितता के आरोप के बाद 22 जून को इसरो के पूर्व अध्यक्ष डॉ. के. राधाकृष्णान की अध्यक्षता में एक उच्च स्तरीय समिति का गठन किया था। सरकारी संगठनों, शिक्षाविदों और उच्च शिक्षण संस्थानों के सदस्यों वाली इस समिति का उद्देश्य परीक्षा प्रक्रिया में सुधार की सिफारिश करना, डेटा सुरक्षा प्रोटोकॉल को बढ़ाना और राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (एनटीए) की संरचना और संचालन की समीक्षा करना है।समिति 27 जून से 7 जुलाई तक हितधारकों, विशेष रूप से छात्रों और अभिभावकों से सुझाव और विचार मांग रही है।

# घोटालेबाज को दिखता है हर जगह घोटाला : झामुमो



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गढवा :** झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेताओं ने होटल पद्मावती में प्रेसवार्ता आयोजित कर पूर्व विधायक सत्येंद्र नाथ तिवारी पर गंभीर आरोप लगाए हैं। केंद्रीय प्रवक्ता धीरज दुबे ने कहा कि पूर्व विधायक सत्येंद्रनाथ तिवारी अपने 10 साल के कार्यकाल में गढवा विधानसभा क्षेत्र और यहां की जनता के लिए नकारा साबित हुए हैं। विकास कार्यों के बजाय वह सत्ता सुख भोगने तथा जनता की गाढ़ी कमाई दोहन करने में मशगूल रहे। वर्तमान में पूरे गढवा विधानसभा क्षेत्र में मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर द्वारा किए जा रहे विकास कार्यों पर पूर्व विधायक सत्येंद्रनाथ तिवारी योजनाओं को लेकर झूठी टिप्पणी तथा मसखरी करते फिर रहे हैं। पूर्व विधायक सत्येंद्र नाथ तिवारी 1999 से लेकर 2015 तक कलावती कंस्ट्रक्शन के निदेशक रहे थे। जब उनकी कंपनी पर अलकतरा घोटाला का आरोप लगा और इस मामले में पूर्व विधायक सत्येंद्रनाथ तिवारी को जेल जाना पड़ा तो खुद को बचाने के लिए उन्होंने अपने ही रिश्तेदार को कंपनी का निर्देशक बनाकर सारा दोष उनपर मढ दिया। पूर्व विधायक सत्येंद्रनाथ तिवारी के कार्यकाल में चिनिया तथा फरठिया मोड़ पर अवैध क्रशर प्लांट संचालित होता था। बेलचंपा आदि घाटों से सैकड़ो की संख्या में बालू ट्रक उत्तर प्रदेश भेजा जाता था। हत्या, लूट और रंगदारी जैसी घटना चरम सीमा पर थी। भ्रष्टाचारियों को संरक्षण दिया जाता था। आज इन सभी घटनाओं पर रोक लगने के कारण पूर्व विधायक के खेमे में बौखलाहट साफ नजर आती है। प्रेसवार्ता में शिक्षा प्रतिनिधि अशर्फी राम, गढवा प्रमुख फैजूल अंसारी, नवादा मुखिया सुरेंद्र यादव मौजूद थे।

## राज्य में 30 जून तक सक्रिय होगा मानूसन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** राज्य में 30 जून तक पूरे झारखंड में मॉनसून के बादल छाने और बारिश होने की उम्मीद है। बंगाल की खाड़ी में निम्न दबाव वाला क्षेत्र बना है। वहीं, एक साइक्लोनिक सर्कुलेशन मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, पश्चिम बंगाल होते हुए झारखंड व बिहार की ओर बढ़ रहा है।

मौसम विभाग के अनुसार, पिछले कुछ हफ्ते से कमजोर पड़ा मॉनसून एक बार फिर सक्रिय हो गया है। रांची स्थित मौसम विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने शुक्रवार को बताया कि बंगाल की खाड़ी में हलचल होने और साइक्लोनिक सर्कुलेशन के तेजी से बढ़ने के कारण अगले एक-दो दिन में झारखंड में मॉनसून पूरी तरह सक्रिय हो जायेगा। बारिश होने से अधिकतम तापमान में दो से तीन डिग्री सेल्सियस की गिरावट आ सकती है। मौसम विभाग ने राज्य के कई जिलों में वज्रपात होने की आशंका जतायी है। इससे जानमाल की क्षति हो सकती है। ऐसे में लोगों से सावधानी बरतने की अपील की गयी है। अभिषेक आनंद ने लोगों को बारिश के समय व बादल गरजने के समय खेतों में, पेड़ व बिजली खंभों के नीचे नहीं रहने का आग्रह किया है। वज्रपात व बारिश को लेकर मौसम विभाग ने पूरे राज्य में एक जुलाई तक 'येलो अलर्ट' जारी किया है।

## सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी को सांसद वीडी राम ने दी बधाई



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** पलामू के सांसद विष्णु दयाल राम ने नई दिल्ली स्थित संसद भवन में केन्द्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से शिष्टाचार मुलाकात कर पुनः सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री बनने की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। साथ ही साथ गढ़वा बाईपास निर्माण कार्य को जल्द पूर्ण करने, एनएच 39 (75) एवं एनएच 98 सड़क का फोरलेन निर्माण में तेजी लाने, एनएच 343 गढ़वा अन्नराज घाटी के पास स्वीकृत ब्लैक स्पॉट तथा केन्द्रीय सड़क अवसंरचना निधि के तहत स्वीकृत सड़कों का जल्द निर्माण कार्य पूर्ण करने से संबंधित विषयों पर विस्तृत चर्चा की।श्री राम ने कहा कि पलामू संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत केन्द्रीय अवसंरचना निधि के तहत नए सड़कों/ब्रिज के निर्माण की स्वीकृति प्रदान करने का अनुरोध किया है जो निम्नलिखित हैंः-

1.हुसैनाबाद में देवरीकला सोन नदी पर ब्रिज निर्माण, 2.भवनाथपुर कैलान से बिशनपुर वाया बरडीहा तक रोड निर्माण। 3. पंसा से हैदरनगर रोड़ निर्माण।4.ब्रहमोरिया मोड़ से कजरूकला होते हुए दुर्गा माइंस तक रोड़ निर्माण। 5.विश्रामपुर महुगांई ईटको मोड़ तक रोड़ निर्माण।उपरोक्त सड़कों के निर्माण के संबंध में माननीय मंत्री जी ने आश्वस्त किया है कि आगामी केंद्रीय बजट स्वीकृति के उपरांत उक्त सड़कों के निर्माण की स्वीकृति प्रदान की जाएगी।सांसद ने कहा कि उपरोक्त सड़कों के निर्माण से जनता को आवागमन में सुविधा होगी।

## आजसू पार्टी का मेराल में हल्ला बोल कार्यक्रम आयोजित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गढवा :** आजसू पार्टी के द्वारा चलाए जा रहे राज्यव्यापी हल्ला बोल कार्यक्रम के अंतर्गत आज मेराल प्रखंड इकाई के द्वारा मेराल प्रखंड में हल्ला बोल कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता हमीदुल्लाह अंसारी जबकि संचालन चंपा देवी ने किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पार्टी के जिला अध्यक्ष दीपक शर्मा ने कहा कि राज्य में व्याप्त भ्रष्टाचार से हर एक प्रदेशवासी हताश और निराश है। अपने हर छोटे से छोटे काम के लिए लोग सरकारी कार्यालय का चक्कर लगाने पर मजबूर है। जिला प्रधान सचिव त्रिपुरारी सिंह ने कहा कि राज्य में गरीब और असहाय जनता इस व्यवस्था से ग्रस्त है। इस अराजक व्यवस्था के खिलाफ आजसू पार्टी द्वारा राज्य के हर प्रखंड और नगर इकाइयों में हल्ला बोल कार्यक्रम कर रही है। युवा आजसू के प्रदेश संयोजक रवींद्रनाथ ठाकुर ने कहा कि राज्य सरकार के कथनी और करनी में काफी अंतर है।कार्यक्रम के अंत में 11 सूत्री मांग पत्र प्रखंड विकास पदाधिकारी को सौंपा गया। इस अवसर पर महिला जिलाध्यक्ष रीता देवी, केंद्रीय सदस्य रंभा देवी, छात्र मोर्चा के जिला अध्यक्ष कुंदन चंद्रवंशी केंद्रीय सदस्य इश्तियाक रजा, युवा आजसू के जिला प्रभारी राजन कुमार रवि, साहबान अंसारी, मीना देवी, संगीता देवी, सरिता देवी, कुसुम देवी सहित दर्जनों लोग उपस्थित थे।

## जेएमएम नेता दीपक तिवारी ने भीषण जल संकट को लेकर पेयजल मंत्री से की मुलाकात



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** जेएमएम नेता दीपक कुमार तिवारी ने पलामू में भीषण जल संकट को देख अपने कुनबे के साथ राज्य के पेयजल मंत्री मिथलेश ठाकुर से मुलाकात की और उन्हें पलामू प्रमण्डल के भयानक पेयजल की समस्या से संबंधित वितन्तु संवाद से अवगत कराया है। इस गम्भीर मुद्दे पर लम्बी बातचीत के फलस्वरूप मंत्री ने श्री तिवारी को आश्वस्त किया कि झारखण्ड सरकार पलामू प्रमण्डल में पेयजल के लिए पूरी गति के साथ काम कर रही है। पेयजल प्रयोजन में रोड मैप के साथ सरकार काम कर रही है। इसी कड़ी में पलामू में सेकेण्ड फेज का पेयजल योजना पर सरकार गम्भीरता से आगे बढ़ रही है, जिसका रिजल्ट बहुत जल्द पलामू में दिखेगा। मंत्री मिथलेश ठाकुर ने यह भी कहा कि 'हर घर नल में जल' योजना पर भी झारखण्ड सरकार ने कार्य प्रयोजना को रूप देना आरम्भ कर दिया है, इसलिए झारखण्ड सरकार सम्पूर्ण दृष्टिकोण से पलामू प्रमण्डल के आम-आवाम को यकीन दिला रहा है कि इस क्षेत्र से जल संकट की त्वरित विदाई अवश्यम्भावी है।पेयजल की समस्या पर मंत्री के संज्ञान लिए जाने से हर्षोल्लासित जेएमएम लीडर दीपक तिवारी और उनकी कुसाग्र टीम ने मंत्री से आग्रह किया कि आसन विधानसभा चुनाव-2024 में पलामू प्रमण्डल के 09 विधानसभा क्षेत्र क्रमशः डालटनगंज, गढ़वा, लातेहार, मनिका, विश्रामपुर, पाटन-छत्तरपुर, पांकी, भवनाथपुर और हुसैनाबाद में झामुमो हर हाल में अपना प्रत्याशी खड़ा करें। दीपक तिवारी ने मंत्री को बताया कि विगत चार वर्षो में झामुमो सरकार के विकासनीत योजनाओं को धरातल पर उतारा गया। गाँव-गाँव का हर एक आदमी इन योजनाओं से सीधे लाभान्वित हुआ है, यही वजह है कि जन-जन तक में झामुमो सरकार के प्रति जनाधार का अकाट्य विस्तार हुआ है।

## चैनपुर को पार्क युक्त छठ घाट का तोहफा : अरुणा शंकर



**चैनपुर-नेउरा पथ नहीं बना तो होगा आंदोलन**

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने चैनपुर सूर्य मंदिर तालाब का निरीक्षण करते हुए खुशी जाहिर की। उन्होंने कहा कि पिछले छठ में मैंने चैनपुर सूर्य मंदिर तालाब प्रांगण में छठ सामग्री वितरण करते हुए चैनपुर की माता,बहनों,भाइयों एवं बुजुर्गों से वादा किया था कि जल्द चैनपुर सूर्य मंदिर तालाब का जीनौरधार करते हुए शहर के गांधी उद्यान के तर्ज पर सजाया जाएगा। साथ ही छठ व्रतियो के लिए सुविधा युक्त घाट बनाया जाएगा, जो सपना कल से काम प्रारंभ कर पूरा होने जा रहा है। प्रथम महापौर ने कहा कि मैंने अपने कार्यकाल में ही पूरे शहर के 6 तालाब जिसमें गोरियाही तालाब, शहीद भगत सिंह तालाब, शामदा अहरा तालाब, किशन साव तालाब, एवं 2 तालाब चैनपुर का, जिसमें सूर्य मंदिर तालाब प्रमुख है। सबों का डिजाइन बनबाते हुए फंड भी उपलब्ध करा दिया था। लेकिन तकनीकी स्वीकृति में विलम होने के कारण थोड़ी देर हो गई। पर मुझे खुशी है कि कल से सभी तालाबों का काम शुरू हो रहा है। प्रथम महापौर ने कहा कि भले ही मैं अभी पद पर नहीं हूं, लेकिन मेरे कार्यकाल की हर एक योजना जो शहर के लिए माइलस्टोन है, का निगरानी मैं खुद करूंगी। ताकि कोयल रिवर फ्रंट, गांधी उद्यान, चौक चौराहे, नवनिर्मित टैक्सी स्टैंड, सुव्यवस्थित राजा हरिश्चंद्र घाट और मोहल्ले में बने बच्चों के लिए मल्टीप्ल स्टेशन की तरह मेरे कार्यकाल का बना एक-एक योजना को याद किया जा सके। प्रथम महापौर ने कहा कि शहर के इन 6 तालाबों का गहरीकरण के साथ टहलने के लिए ट्रैक, बुजुर्गो को बैठने के लिए बेंच, लाइट और गार्डन भी होगा। जहां लोग सुकून से समय बिता सकेंगे। प्रथम महापौर ने दुख जाहिर करते हुए कहा कि कई बार प्रयास के बाद भी चैनपुर थाना से नेउरा तक का रोड नहीं बना। दुखद है कि मैं एक बार फिर उपायुक्त पलामू से मिलकर इस रोड को तत्काल बनाने का अनुरोध करूंगी। नहीं तो होगा आंदोलन। उस रोड के वजह से जहां सैकड़ो भारी गाड़ियां पत्थर लेकर आते जाते डस्ट उड़ता है। हमारे दुकानदार भाई बीमार पड़ रहे हैं। बरसात में कितनी तीन पहिया वाहन पलट जाती है। जिसे कोई संज्ञान लेने वाला नहीं है।

## विदेश मंत्रालय ने मोदी पुतिन शिखर वार्ता की तैयारी की पुष्टि की

**नई दिल्लीः** विदेश मंत्रालय ने शुक्रवार को पुष्टि की कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के बीच शिखर वार्ता की तैयारी की जा रही है। हालांकि शिखर वार्ता की तिथि अभी घोषित नहीं की गई है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने शुक्रवार को प्रेस ब्रीफिंग में कहा कि भारत और रूस के बीच शिखर वार्ता का आयोजन एक नियमित प्रक्रिया है। अब तक 21 बार शिखर वार्ता हो चुकी है। प्रवक्ता ने कहा कि कजाकिस्तान की राजधानी अस्ताना में आयोजित होने वाली संघाई सहयोग संगठन की शिखर वार्ता में विदेश मंत्री एस जयशंकर भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। यह शिखर वार्ता 3 और 4 जुलाई को आयोजित होगी। मोदी और पुतिन की शिखर वार्ता के आयोजन की पुष्टि रूस के राष्ट्रपति कार्यालय की ओर से भी की जा चुकी है। कूटनीतिक सूत्रों के अनुसार दोनों नेताओं के बीच आठ जुलाई को शिखर वार्ता होगी।

